राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 42
लखनऊ, शुक्रवार 27 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



उत्तर प्रदेश सरकार की कोशिशों से पर्यटकों को लुभाने लगा बुन्देलखण्ड 03

तीन परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कुचला : शाह 12

## उत्तर प्रदेश विधान सभा की समितियों का हुआ गठन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, प्राक्कलन समिति, पंचायती राज समिति, प्रदेश के स्थाई निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच सम्बंधी समिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं विमुक्त जातियों सम्बंधी संयुक्त समिति एवं प्रतिनिहित विधायन समिति सहित अन्य समितियों का गठन किया है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति जैसे महत्वपूर्ण समिति का सभापति मेजर सुनील द्विवेदी विधायक फर्रुखाबाद को नियुक्त किया है। विधान सभा के प्रवक्ता ने बताया कि यह समिति विधानमंडल की सबसे बड़ी वित्तीय मामलों की समिति है। विधानसभा अध्यक्ष महाना ने प्राक्कलन समिति का सभापति मेरठ के विधायक अमित अग्रवाल को नियुक्त किया है।

## सवा करोड़ से अधिक बकाए वेतन का भुगतान न करने पर हाईकोर्ट सख्त

### डायरेक्टर बेसिक, प्रमुख सचिव बेसिक व प्रमुख सचिव वित्त आदेश का पालन करें या अवमानना आरोप निर्मित होने के लिए हों हाजिर

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सवा करोड़ रुपये से अधिक बकाए वेतन का भुगतान न करने पर डायरेक्टर बेसिक शिक्षा, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उप्र, व प्रमुख सचिव वित्त उप्र लखनऊ को निर्देश दिया है कि 30 सितम्बर तक याची के बकाये पूरे वेतन का भुगतान कर अनुपालन हलफनामा दाखिल करें अथवा अवमानना आरोप निर्मित किए जाने के लिए कोर्ट में तीन अक्टूबर को हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा की अवमानना याचिका पर दिया है।



हाईकोर्ट ने अप्रैल 09 मे तीन माह के भीतर याची के बकाये वेतन का भुगतान करने का आदेश दिया था। जिसका पालन न करने पर यह अवमानना याचिका 2009 से विचाराधीन है।

कोर्ट के पिछले आदेश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया व वित्त नियंत्रक बेसिक शिक्षा मुख्यालय प्रयागराज ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल किया और बताया कि याची का व्याज सहित कुल 1 करोड़ 25 लाख 92 हजार 90 रूपये बकाया है। हलफनामे से स्पष्ट है कि 88 लाख रूपए से अधिक ब्याज ही बकाया हो गया है। जिसका भुगतान लोक निधि से किया जायेगा। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अधिकारियो की लापरवाही के कारण ब्याज का भुगतान करने में टैक्स पेयर का धन खर्च होगा। इस पर कोर्ट ने तीनों शीर्ष अधिकारियों को आदेश का पालन करने या आरोप निर्मित होने के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया है।

### हाईकोर्ट की गाइडलाइन : गैंगस्टर एक्ट के प्रावधानों का पालन न करने पर डीएम अमरोहा को हटाया

**प्रयागराज।** गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई में प्रावधानों और हाईकोर्ट की गाइडलाइन का सतर्कता से पालन में लापरवाही पर राज्य सरकार ने डीएम अमरोहा को पद से हटा दिया है। उन्हें सचिवालय से सम्बद्ध किया गया है। सरकारी वकील ने इस आशय की जानकारी न्यायमूर्ति वीके बिड़ला एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ के समक्ष दी। राज्य सरकार के हलफनामे के बाद कोर्ट ने लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कोई अन्य कार्रवाई न करते हुए इसे राज्य सरकार पर छोड़ दिया है कि वह नियमानुसार कार्रवाई कर सकते हैं। साथ ही कोर्ट ने याची आसिफ व अन्य के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई को नियम विरुद्ध करार देते हुए रद्द कर दिया है। इनके खिलाफ पुलिस ने अमरोहा के डिडौली थाने में गैंगस्टर एक्ट की प्राथमिकी दर्ज की थी। याचियों का कहना था कि गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग चार्ट तैयार करने और उसे अप्रूव करने में अधिकारियों ने संतुष्टि दर्ज नहीं की है। जबकि गैंगस्टर एक्ट के प्रावधानों के तहत ऐसा करना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्लोब संचालन समिति के लिए चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** चीन की राजधानी बीजिंग में गुरुवार को आयोजित पूर्ण अधिवेशन के दौरान भारत को पंद्रह सदस्यीय ग्लोब संचालन समिति के लिए चुना गया है। संचालन समिति के सदस्य के रूप में भारत भ्रष्टाचार और संपत्ति वसूली के खिलाफ वैश्विक एजेंडे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीबीआई ने गुरुवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। ग्लोब नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मंच है और भारत की भागीदारी सीमा पार वित्तीय अपराधों और भ्रष्टाचार से निपटने के अपने प्रयासों को मजबूत करेगी। भ्रष्टाचार विरोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक परिचालन नेटवर्क जी-20 की पहल थी। भारत ने 2020 में इस पहल का समर्थन किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को दी जमानत

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की। शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की।

### उप्र में फिर सक्रिय हुआ मानसून भारी बारिश की संभावना

**कानपुर।** बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव का क्षेत्र पूरे उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। कानपुर सहित उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है और मध्यम से लेकर भारी बारिश की संभावना है। यह बारिश स्वास्थ्य एवं कृषि के लिए नुकसानदायक साबित होगी। इसके साथ ही बाढ़ जैसे हालात भी पैदा होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से 26 सितंबर को उत्तर-पश्चिम और बंगाल की खाड़ी के हिस्सों में एक निम्न दबाव क्षेत्र बन गया है। यह मौसम प्रणाली पहले ही समुद्र तट के अंदर प्रवेश कर चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर में मिला बहुमत तो पीओके होगा भारत का हिस्सा

- सीएम ने विजयपुर के रामगढ़ में रैली को को किया सम्बोधित

एजेंसी

**जम्मू।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि अगर हम बहुमत से जम्मू-कश्मीर का विधानसभा चुनाव जीतते हैं तो आप देखेंगे कि पीओजेके जल्द ही भारत का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक प्रकृति के हैं और इसका परिणाम एनसी, पीडीपी और कांग्रेस के मुंह पर तमाचा होंगे। 1990 में इन पार्टियों ने पाकिस्तान और आतंकवाद का समर्थन किया था। अब जब प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद का सफाया कर दिया है, तो ये पार्टियां यहां फिर से आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की वकालत कर रही हैं।



योगी आदित्यनाथ एक अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मैदान में उतरे भाजपा उम्मीदवारों के लिए जम्मू के विजयपुर के रामगढ़ में रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को भाजपा को भारी बहुमत से जिताना चाहिए, ताकि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) का भारतीय संघ में विलय हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाकिस्तान की स्थिति भयावह है। इसके विपरीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देते हैं और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही करतारपुर कॉरिडोर खुला है। आज जम्मू-कश्मीर आतंकवाद की राजधानी के बजाय पर्यटन की राजधानी के रूप में जाना जाता है।

### जांच रिपोर्ट पर सरकार कैसे करेगी कार्रवाई



पैरासिटामोल समेत 50 दवाओं के नमूने नाकाम होने पर सपा प्रमुख ने बीजेपी को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश की शीर्ष औषधि विनियामक संस्था द्वारा गुणवत्ता जांच में पैरासिटामोल समेत 50 दवाओं के नमूने नाकाम होने को लेकर बृहस्पतिवार को केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तंज करते हुए पूछा कि इस जांच रिपोर्ट पर सरकार आखिर क्या कार्रवाई करेगी। अखिलेश यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा, जवाब दे आज की भ्रष्ट भाजपा सरकार, ऐसी दवा खाकर होगा इलाज या बीमार। जब तक भाजपा कंपनियों से बटोरती रहेगी चंदा, तब तक जारी रहेगा कम गुणवत्तावाली दवाइयों का धंधा। उन्होंने नहीं,चाहिए, भाजपा हैशटैग से किए गए इस पोस्ट में आगे कहा, इस रिपोर्ट के बाद भी कोई कार्रवाई होगी या चंदे का रेट बढ़ा कर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा? जनता की जान से खिलवाड़ करने का ये भाजपाई खेल अच्छा नहीं। निंदनीय! भारत की एक शीर्ष औषधि विनियामक संस्था ने पैरासिटामोल समेत करीब 50 दवाओं के नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुकूल नहीं पाया है। इन दवाओं में व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली पैरासिटामोल, पैंटोप्राजोल और जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए कुछ एंटीबायोटिक्स शामिल हैं।

### अरुणाचल व नागालैंड के अशांत जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) को अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और नामसाई जिले के कुछ क्षेत्रों में 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा इसे नागालैंड के 8 पूरे जिलों और 5 जिलों के कुछ क्षेत्रों में 6 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। गृह मंत्रालय ने कल इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। सशस्त्र बल अधिनियम सुरक्षा बलों की सुविधा के लिए ऐसे क्षेत्र में लगाया जाता है, जिसे अशांत माना गया हो। अरुणाचल के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिले तथा असम राज्य की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश के नामसाई जिले के नामसाई, महादेवपुर और चौखाम पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल अधिनियम, 1958 की धारा 3 के तहत 1 अक्टूबर से छह महीने की अवधि के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया जाता है, जब तक कि इसे पहले वापस नहीं ले लिया जाता। नागालैंड में दीमापुर, निउलैंड, चुमाउकेदिमा, मोन, किफिर, नोकलाक, फेक और पेरेन जिले तथा नागालैंड के कोहिमा जिले के खुजामा, कोहिमा उत्तर आदि को 'अशांत क्षेत्र' घोषित किया गया है।

## जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।

कोयलांचल धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पर राजनाथ ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को लेकर कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का नेता होता है और उस मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मर्यादा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। साथ ही कहा कि वो (राहुल गांधी) विदेश जाकर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत में लंबे समय तक कांग्रेस की हुकूमत रही हो लेकिन जब भी हमारी सरकार (भाजपा) विदेश गई,



वहां भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया। राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक भाषण का जिक्र करते हुए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि हम जनता के लिए राजकोष से 100 पैसा भेजते है, तो बड़ी मुश्किल से 15 पैसा आमजनों तक पहुंचता है और 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में भ्रष्टचिरियों पर नकेल कसने की अपनी मंशा को साफ कर दिया था। यही कारण है कि आज हमारी सरकार केंद्र से यदि 100 पैसा जरूरतमंदों के लिए भेजती है तो 100 का 100 पैसा उन जरूरतमंदो की जेब तक पहुंच जाता है। राजनाथ ने कहा कि यदि देश में वन नेशन वन इलेक्शन सिस्टम को लागू कर दिया जाए तो जनता की गाढ़ी कमाई के चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो जाएगी।

### राऊत को मानहानि मामले की सजा में मिली 30 दिन की मोहलत, जमानत भी मंजूर

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राऊत को गुरुवार को मानहानि मामले में दोषी पाए जाने के कुछ ही घंटों बाद राहत मिल गई है। माझगांव मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने मानहानि मामले में उन्हें सुनाई गई सजा पर 30 दिन की मोहलत दी है। इसके साथ ही उन्हें 15 हजार के निजी मुचलके पर जमानत भी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की पत्नी डॉ. मेधा किरीट सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में गुरुवार को संजय राउत को मझगांव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोषी ठहराया। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की कैद और 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। न्यायिक मजिस्ट्रेट आरती कुलकर्णी ने संजय राऊत को भारतीय दंड संहिता की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया।

## यूएन व डब्ल्यूटीओ में जल्द सुधार करने की जरूरत : एस जयशंकर

एजेंसी

**न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राज़ील की अध्यक्ष वाले जी 20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला में सुधार तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला।

बैठक की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने की और इसमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी उपस्थित रहे। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷आज न्यूयॉर्क में जी 20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। प्रतिनिधित्वपूर्ण, विश्वसनीय और प्रभावी बहुपक्षवाद सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुधारों की तात्कालिकता पर प्रकाश डाला। इसमें दोनों श्रेणियों में यूएनएससी का विस्तार शामिल है। उन्होंने पोस्ट में कहा, मजबूत, व्यापक और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला की अनिवार्यता पर ध्यान दिया गया।



### बलिया में संक्रामक बीमारियों का प्रसार, डेंगू के 59 मरीज मिले

**बलिया।** जिले में डेंगू समेत कई अन्य संक्रामक बीमारियों का प्रसार होने लगा है। सबसे अधिक डेंगू के 59 मरीज मिलने से स्वास्थ्य विभाग एलर्ट हो गया है। प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें सक्रिय हो गई हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी विजयपति द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष अब तक जनपद में स्क्रब टाइफस के चार मरीज पॉजिटिव पाये गये हैं। जिसमें से तीन मरीज हनुमानगंज ब्लाक के कुम्हैला के हैं। जबकि एक मरीज बॉसडीह ब्लाक के मिश्रौलिया का है। उन्होंने जेई के भी चार मरीज मिले हैं। जेई के ये मरीज बलिया शहर के जगदीशपुर, सीयर ब्लाक के सरयां, मनियर ब्लाक के उत्तर टोला नवका बाबा बस स्टैण्ड के पास तथा मुलायम हनुमानगंज ब्लाक के गड़वार रोड के हैं।

## डिजिटल क्रांति के युग में राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है कंप्यूटिंग क्षमता : प्रधानमंत्री मोदी

- पीएम ने 130 करोड़ की लागत वाले तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत वाले तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए।

राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान की सुविधा के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है और यह शोध और विकास को प्राथमिकता देकर देश की प्रगति का प्रतिबिंब है।



प्रधानमंत्री ने कहा, आज का भारत संभावनाओं के अनंत क्षितिज में नए अवसर तलाश रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये सुपरकंप्यूटर देश के युवा वैज्ञानिकों को अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पीएम ने कहा कि डिजिटल क्रांति के युग में, कंप्यूटिंग क्षमता राष्ट्रीय क्षमता का पर्याय बन रही है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था, व्यापार करने में आसानी, आपदा प्रबंधन क्षमता और जीवन जीने में आसानी ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जो सीधे तौर पर प्रौद्योगिकी और कंप्यूटिंग क्षमताओं पर निर्भर नहीं है। यह क्षेत्र उद्योग 4.0 में भारत की सफलता का सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की हिस्सेदारी बिट्स और बाइट्स तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि टेराबाइट्स और पेटाबाइट्स तक विस्तारित होनी चाहिए।

## मोदी सरकार ने काला कानून लागू करके किसानों का हक छीना : राहुल

- घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करेगी कांग्रेस : भूपेन्द्र हुड्डा

एजेंसी



**हिसार।** हिसार के बरवाला में आयोजित कांग्रेस की विजय संकल्प रैली में राहुल गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए हरियाणा में बेरोजगारी और डंकी रूट से विदेश में पलायन करने के मुद्दे को बड़ी भावुकता के साथ उठाया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा ने पूरे देश और हरियाणा में रोजगार व छोटे, स्थानीय उद्योगों को चौपट कर दिया है। प्रदेश में दो लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पूरे प्रदेश में नशे का कारोबार फैल रहा है। बेरोजगारी, नशे व नाउम्मीदी के चलते हरियाणा के युवा जमीनें बेचकर और मोटे ब्याज पर कर्जा लेकर डंकी रूट से अमेरिका या दूसरे देशों जा रहे हैं। जब मैं करनाल में उनके परिवार से मिला तो बच्चा देव वीडियो कॉल के दौरान लैपटॉप पकड़कर चीखने व रोने लगा कि पापा वापस आ जाओ। हर चीख दिल को चीरने वाली है। ये दर्द अकेले देव का नहीं, बल्कि हरियाणा के लाखों बच्चों का है। कांग्रेस पार्टी ऐसी सरकार बनाना चाहती है जिसमें कोई बच्चा ना रोए, जहां पिता अपने बच्चे के साथ रहे, उसे गले लगा सके और किसी मां की आंख से आंसू ना गिरे।

तैयारी

### सेमीकंडक्टर को लेकर तैयारियां पूरी, सरकार का अप्रूवल मिलते ही भूमि का अलॉटमेंट होगा संभव

## फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर व टेक्नोलॉजी पार्क पर यीडा का फोकस

विकास तिवारी

**ग्रेटर नोएडा।** इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से योगी सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में इस बार विभिन्न स्टॉल्स को थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है।

इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) यहां अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रहा है। खासकर वह प्रोजेक्ट्स जो जल्द ही लॉन्च होने वाले हैं। इनमें तीन सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क सबसे प्रमुख हैं। इन तीनों प्रोजेक्ट्स की थीम बनाकर यीडा ने अपने स्टॉल स्थापित किए हैं। यमुना प्राधिकरण के स्टॉल्स में प्रोजेक्ट्स के मॉडल्स के साथ-साथ उनकी विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, ताकि विजिटर्स इन योजनाओं से अवगत हो सकें। यमुना प्राधिकरण को इस शो में हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर की जगह प्रदान की गई है, जिसमें कुल 16 स्टॉल्स लगाए गए हैं। इनमें मुख्य स्टॉल यमुना प्राधिकरण का है। इसी में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के स्टॉल्स को स्थापित किया गया है। यह स्टॉल्स आगामी विकास परियोजनाओं की झलक और संभावनाओं को दर्शा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा हमारी महत्वाकांक्षी योजना फिनटेक सिटी का भी इसमें प्रदर्शित किया गया है। इसे भी हम जल्द शुरू करने जा रहे हैं। हम इसे ईएमसी-2 के साथ दिखा रहे हैं, जहां हैवल्स, एंकर जैसी यूनिट आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ईएमसी-2 का प्रपोजल भारत सरकार में अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में है जो किसी भी समय अप्रूव हो सकता है। साथ ही साथ फिनटेक के लिए है हम स्टेकहोल्डर्स की बैठक भी कर रहे हैं और पूरी उम्मीद है कि इसकी स्कीम भी हम अगले 10 से 15 दिनों में लांच करेंगे।



### सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क की स्कीम आ रही जल्द

अभी तक यमुना एक्सप्रेसवे में आईटी, आईटीईएस सॉल्यूशन का कोई सेक्टर नहीं था तो अब हमने आईटी व आईटीटीएस के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। इसमें इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इन कंपनियों को साथ लाकर हम यहां एक बढ़िया सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क बनाना चाह रहे हैं। इसलिए हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए यहां पर अलग से जमीन निर्धारित की है जो बहुत बड़े एरिया में है। ये भूमि भी हमने प्रोक्योर कर ली है और इसकी स्कीम भी हम बोर्ड मीटिंग के बाद निकालने जा रहे हैं।

### सेमीकंडक्टर के लिए आरक्षित हुई है जमीन

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, हमारा मुख्य स्टॉल यीडा का है जिसका साइज 9×12 है। इसमें मुख्य रूप से फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क हमारे तीन नए थीम है। इसमें सेमीकंडक्टर हमारा सबसे मेजर थीम है और सेमीकंडक्टर के लिए हमने जमीनें भी आरक्षित कर दी हैं और जमीन हमारे पजेशन में आ गई है। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन समिट हुआ था, जिसमें काफी निवेशकों ने रुचि दिखाई। हमारे तीन प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट अप्रूवल के लिए प्रॉसेस में हैं, जो कभी भी अप्रूव हो सकते हैं। इसके अलावा और भी तीन-चार कंपनियां जिनमें कुछ यूएस कंपनियां भी इंट्रेस्ट दिखा रही है। जैसे ही सेमीकंडक्टर का अप्रूवल मिलता है, वैसे ही हम इसके लिए जमीन दे देंगे।

# सड़कों पर बह रहा नालियों का पानी, मुफ्त का वेतन उठा रहे सफाईकर्मी

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र में सफाई कर्मियों की मौज है। कुछ ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी ड्यूटी पर नहीं जाते और कोरम पूरा कर हर महीने वेतन निकाल कर मौज काट रहे हैं। यह कर्मचारी ग्राम प्रधान की नहीं सुनते अगर कोई प्रधान काम करने की बात कहे तो उस ग्राम पंचायत से तबादला करा लेते हैं।

ग्राम पंचायत छैरासी मैं तैनात सफाई कर्मी के न पहुंचने से गांव में बजबजाती नालियां, कूड़ा करकट और गंदगी ग्राम पंचायत छैरासी के मजरा गदियाना की पहचान बन चुकी है। यहां कर्मचारी और अधिकारी सरकारी स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहे हैं। स्वच्छता और सफाई के नाम पर लाखों खर्च करने के बाद भी आज तक इस गांव की सूरत नहीं बदली।गांव में साफ सफाई की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए भले ही गांवों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती हो लेकिन अफसरों की अरुचि के चलते गांव में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। छैरासी में सफाई कर्मचारी के न पहुंचने से नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। गांव की नालियां चोक हैं और कूड़े के ढेरों से पटी हैं। ग्राम पंचायत छैरासी के मजरा गदियाना में लोगों के घरों से निकलता दूषित पानी और कीचड़ रास्ते,सड़कों पर बह रहा है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है इसके बाद भी सफाई कर्मी अपने काम के प्रति संजीदा नहीं है।उच्चाधिकारियों के निर्देश हैं कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखकर स्वच्छ भारत अभियान का सपना साकार करना है।लेकिन बिजुआ ब्लॉक के धरातल पर इसका तनिक भी असर नहीं दिख रहा।छैरासी ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारी आशा देवी नियुक्त है जो कई वर्षों से गांव में सफाई करने नहीं पहुंची हैं। लेकिन कागजों पर साफ सफाई कर उनका वेतन हर माह जरुर निकल रहा है।



छैरासी के गदियाना गांव में सड़क पर बहता नालियों का पानी

ग्राम पंचायत छैरासी में सफाई कर्मी आशा देवी तैनात हैं।छैरासी गांव में सफाई होती है, हो सकता है कि गदियाना गांव में गंदगी हो शीघ्र ही सफाई कर्मचारी को भेज कर गांव में साफ सफाई कराई जाएगी।

**अरविंद कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी**

**क्या कहते हैं ग्रामीण**



मलंगनपुर निवासी **पुत्तू लाल** ने बताया की जब भी इस गांव में आते हैं तो भीषण गंदगी से सामना करना पड़ता है यहां कभी भी सफाई कर्मी नहीं दिखा। यदि सफाई कर्मी गांव में सफाई करने आता तो शायद इस गांव में ऐसा आलम ना होता।



छैरासी गदियाना निवासी **इस्लाम** ने बताया की मस्जिद वाली गली में लगभग एक फीट कीचड़ सड़क पर काफी समय से भरा है जिससे हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है हम लोगों को यह भी नहीं पता कि यहां कौन सफाई कर्मी है।



गांव निवासी **शमशेर अली** ने बताया की मौसम कोई भी हो हमारे यहां हमेशा नालियों का गंदा पानी कई वर्षों से सड़कों पर ही बह रहा है। पता नहीं कब इस भीषण गंदगी से हम गांव वालों को निजात मिल पाएगी।



गदियाना गांव के निवासी **मेराज** ने बताया कि नालियों में भरी गंदगी के कारण मकान के सामने गुजरी सड़क तालाब में तब्दील हो गई है जिससे लोगों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है यहां सफाई कर्मी लगभग डेढ़ साल से नहीं आया है शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति का नामांकन संपन्न



**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सहकारी गन्ना विकास समिति का डेलीगेट का नामांकन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नामांकन में कुल 177 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। उपजिलाधिकारी मितौली विनीत उपाध्याय, चुनाव अधिकारी न्यायिक रेनू मिश्रा, मैगलगंज इंस्पेक्टर रमेश कुमार पांडे व उप निरीक्षक विनोद सिंह की मौजूदगी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए शासन प्रशासन ने कमर कस रखी थी। चुनाव परिधि से 200 मीटर के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि को पूर्ण रूप से बंद कर रखा गया था। नवागत इंस्पेक्टर के द्वारा बड़ी ही सूझबूझ तरीके से संपन्न कराया गया। मैगलगंज गन्ना समिति के सचिव अजीत सिंह व वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र सिंह सेंगर ने स्थानीय प्रशासन व चुनाव अधिकारी की प्रशंसा की।

## खबरें एक नजर में

### दशहरे मेले की तिथि घोषित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति कस्ता सीतापुर रोड के किनारे बने शिवदानी बाबा मंदिर के प्रांगण में लगने वाले दशहरे मेले की तिथि घोषित कर दी गई है 12 अक्टूबर से मेले का शुभारंभ किया जाएगा तथा समापन 19 अक्टूबर को किया जाएगा 7 दिन के लगने वाले दशहरे मेले में पूरे क्षेत्र के लोग बढ़ चढ़कर मेले का आनंद लेते हैं। जय शिव दानी बाबा सेवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप सिंह तोमर ने गणेश पूजन कलश यात्रा करने के साथ–साथ कष्ट हरण धाम मितौली तक गाजे बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी इसके बाद मेले की शुरुआत की जाएगी।

### दो डंपरों की आमने-सामने टक्कर में चालक घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार की सुबह दो तेज रफ्तार डंपरों की आमने–सामने से जोरदार टक्कर हो गई। डंपरों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक डंपर अनियंत्रित होते हुए सड़क किनारे जर्जर दुकानों को तोड़ते हुए जा घुसा। गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। मामला भदोखर थाना क्षेत्र के कस्बे का है जहाँ रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर आमने सामने तेज रफ्तार दो डंपरों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक डम्पर चालक उसी में फंस गया। डम्पर को कटर से काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया और गंभीर रूप से घायल चालक को इलाज के जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनों डंपर काफी तेज रफ्तार में थे। दोनों के टक्कर लगते ही तेज आवाज भी लोगों ने सुनी। लोगों का कहना है कि अगर यही हादसा दिन में हुआ होता तो काफी नुकसान हो सकता था क्यों कि दिन के समय स्कूल का समय होता है और बहुत से लोग अपने ड्यूटी पर भी जाते हैं। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।वहीं पुलिस ने काफी मशक्त के बाद डंपरों को रोड से बाहर हटवाया। पुलिस का कहना है कि एक डंफर के चालक को इस हादसे में चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका डाक्टर इलाज कर रहा है। पुलिस ने इसकी सूचना चालक के परिजनों को दे दी है।

### बाइक-ई रिक्शा की टक्कर में महिला घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ई–रिक्शा और बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक पर बैठी हुई महिला नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया हैद्य घटना बृहस्पतिवार दोपहर 2ः00 बजे के आसपास की है। जब बाइक सवार महिला सीमा देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी ग्राम नंदा खेड़ा अपने पति सुरेंद्र के साथ बाइक में बैठकर बछरावां से गांव की ओर जा रही थी। फायर स्टेशन के पास पहुंचते ही आगे चल रहे ई रिक्शा के पीछे बाइक चल रही थी। इसी बीच सामने से आ रहे अनियंत्रित डंपर से बचने के चक्कर में ई रिक्शा ने ब्रेक लगा दी। बाइक सवार ई रिक्शा में पीछे से जा टकराया। बाइक पर बैठी महिला सीमा देवी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरो एवं रिक्शा चालक की मदद से घायल महिला को ई रिक्शा से लेकर बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को गंभीर देते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### ईओ हमीरपुर के असहयोग के चलते नहीं बन पा रहा फल-सब्जी विक्री केंद्र

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने पटरी फुटपाथों में सब्जी व फल विक्री करने वाले दुकानदारों को एक स्थान में बैठाकर सब्जी व फल विक्री केंद्र बनाने का निश्चय किया है मगर नगर पालिका हमीरपुर के ईओ के सहयोग न करन पर उनकी योजना धरी की धरी रह गयी है। दो सप्ताह व्यतीत हो जाने के बाद नगर पालिका के ईओ ने कोई एनओसी नही दी है। विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य डा गौरीशंकर ने बताया कि हमीरपुर शहर में कई स्थानों में सब्जी विक्रेता अलग अलग बैठकर फल व सब्जी की विक्री करते है। जिससे लोगो को असुविधा होती है इसलिये उन्होने एकयोजना बद्ध तरीके से सभी दुकानदारों को एक स्थान में एकत्र कर एक बिक्री केंद्र बनाने का फैसला किया था मगर ईओ हमीरपुर ने इसके लिये कोई विभाग को एनओसी नही दी है जिससे योजना सिर्फ कागजो में कैद है। उनका कहना है कि अन्य शहरों में फल व सब्जी विक्री केंद्र बनाये गयेहै नगर पालिका वहा पर टीनशेंड लगा दी है शासन स्तर से इसमे आर्थिक सहायता प्राप्त होती है।मगर ईओ हमीरपुर के असहयोग के चलते कुछ नही हो पाया है।



## आर्य कन्या महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** भगवान दीन आर्य कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत एन सी सी कैडेट्स ने स्वछता ही सेवा विषय पर पोस्टर / स्लोगन प्रतियोगिता एन सी सी ए एन ओ लेफ्टिनेंट सविता शुक्ला के निर्देशन में प्रचार्य प्रो गीता शुक्ला की अध्यक्षता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में स्लोगन में प्रथम स्थान महिमा वर्मा द्वितीय स्थानसाक्षी श्रीवास्तव एवं कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशी जोशी द्वितीय स्वाती एवं तृतीय अनामिका ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर क्षमा तिवारी ने किया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर गीता शुक्ला के निर्देशन में गाँधी जी व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक क्विज का आयोजन डॉक्टर पूजा शुक्ला के द्वारा किया गया जिसमें निर्णायकों की भूमिका डॉक्टर क्षमा तिवारी, सविता शुक्ला ने निभाई। प्रतियोगिता में शिवांगी श्रीवास्तव बी.ए प्रथम सेमेस्टर को प्रथम स्थान पूजा बी.ए प्रथम सेमेस्टर को द्वितीय स्थान तथा शिवांगी पाठक बीए तृतीय सेमेस्टर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### चुनाव ड्यूटी पर आते वक्त दुर्घटना में मृतक लेखपाल के परिवार को 15 लाख की मिली अनुग्रह राशि

# डीएम ने परिवार को प्रदान किया अनुग्रह धनराशि का प्रतीकात्मक चेक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में चुनाव ड्यूटी पर आते वक्त सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले लेखपाल कैलाश सिंह यादव के परिवार को गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में 15 लाख की आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद प्रति व डेमोचेक ससम्मान प्रदान की।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि कैलाश सिंह यादव, तहसील मितौली में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे, यह 143-कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में वोटरलिस्ट के पुनरीक्षण में निर्वाचन सुपरवाइजर थे।, इनकी ड्यूटी 29-धौरहरा लोकसभा, 143-कस्ता विस निर्वाचन क्षेत्र में मतदानकर्मियों को ईवीएम/स्टेशनरी वितरण व मतदान पश्चात् 13 मई 2024 को ईवीएम व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेख जमा करने में लगी थी, उसी दिन सायंकाल राजापुर मण्डी 29-धौरहरा लोकसभा, 143-कस्ता विधान सभा के स्ट्रांग रूम ईवीएम व अन्य स्टेशनरी जमा करने के लिए अपनी निर्वाचन कार्य ड्यूटी पर आते समय रास्ते में कस्ता लखीमपुर मार्ग पर शिवाला तिराहे के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण ट्रामा सेन्टर ओयल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कैलाश सिंह यादव, लेखपाल को मृत घोषित कर दिया गया था। जिसके पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र द्वारा प्रदान की निर्धारित अनुग्रह राशि रूपये पन्द्रह लाख मृतक लेखपाल के वैध आश्रितों पत्नी श्रीमती रेखा, पुत्री कर्णिका यादव, पुत्र हर्ष यादव से सम्बन्धित संयुक्त नामों से संचालित बैंक खाता में ई-कुबेर के जरिए भुगतान करते हुये भुगतान से सम्बन्धित आनलाइन ट्रांजेक्शन रसीद की प्रति और डेमो चेक /डीईओ दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपने कक्ष में परिवार को आमंत्रित करते हुये ससम्मान प्रदान की है।

इस अवसर पर एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, अपर उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्र, एडीईओ तौसीफ अहमद एवं निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# ठाठ नानकसर गुरुद्वारा में गुरु महिमा सुन निहाल हो रही संगत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

संत महा पुरुष बाबा ईशर सिंह जी की बरसी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में बड़े ही धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ तीन दिवशीय सालाना समागम के रूप मनाई जा रही है। कार्यक्रम के पहले दिन पंजाब व जिले के अलग,अलग स्थानों से पहुंचे रागी,ठाढ़ी,कविशरी जत्थों व कथा वाचकों ने हाजरी भरते हुए गुरू महिमा का बखान किया।

कस्बे के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में तीन दिनों तक दिन रात चलने वाले इस सालाना समागम में समागम के पहले दिन गुरुवार की सुबह दिन के दीवान सजने के साथ की गई।

गुरुद्वारा साहिब के सेवक बाबा गुरुमीत सिंह ने बताया कि डेरा प्रमुख संत बाबा सुखदेव सिंह जी की अगुवाई में कार्यक्रम के पहले दिन रागी, ठाढ़ी, कविशरी जत्थे व कथा वाचकों में विशेष तौर से बाबा मस्तान सिंह पंजाब,कथा वाचक भाई बलविंदर सिंह लुधियाना पंजाब वाले, ठाढ़ी जत्था से भाई सर्वजीत सिंह कलेर फगवाड़ा पंजाब से व कविशरी जत्थे से भाई तरसेम सिंह मण्ड अमृतसर पंजाब के अलावा खीरी जिले के स्थानीय जत्थों ने हाजरी भरते हुए अपनी अपनी वाणी से गुरु की महिमा का बखान करते हुए समागम में आई संगत को निहाल किया। वहीं रात्रि में भी जत्थों द्वारा गुरुद्वारा साहिब में सजे दीवान के सामने हाजरी भरते हुए शब्द कीर्तन का प्रोग्राम किया जाएगा। वही कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को रात में भोरा साहिब में 21दिनों से चल रहे महा सम्पट पाठ के भोग पड़ने के साथ पाठियों का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान ईलाके भर से आ रही संगत के लिए दिन रात गुरु का अटूट लंगर चल रहा है।



- संत महा पुरुष बाबा ईशर सिंह जी की बरसी के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है तीन दिवशीय समागम
- कार्यक्रम में पंजाब से आये कविशरी, ठाढ़ी व रागी जत्थों ने हाजरी भर पेश की गुरुवाणी

# किसान गोष्ठी एवं किसान प्रशिक्षण आयोजित



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड सभगार में किसान गोष्ठी एवं किसान प्रशिक्षण का आयोजन सहायक विकास अधिकारी कृषि नैमिष कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । गोष्ठी में राजकीय कृषि बीज भंडार मितौली के प्रभारी अमित बाजपेई ने उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार के तहत मक्का विकास कार्यक्रम एवं फसलों में लगने वाले बीमारियों एवं कीट नियंत्रण चूहा नियंत्रण ,तथा वैज्ञानिक विधि द्वारा फसलों का संरक्षण एवं सम्वर्धन के क्रम में विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी मितौली ने साशन द्वारा संचालित किसान हित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया साशन द्वारा अब राजकीय कृषि बीज भंडार पर पंजीकृत किसानों को अनुदानित बीज मुख्य रूप से सीधे वितरण ई पोश मशीन के द्वारा किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी ने संचारी रोगों के नियंत्रण के सम्बंध में चूहा एवं छिछुंदर से होने वाली बीमारियों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर काफी संख्या में क्षेत्रीय किसान एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आयोजित छोटी काशी काव्य कुंभ में राम मोहन गुप्त भी हुए सहभागी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कपिलश फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रारंभ हुए 150 घंटे से अधिक चलने वाले छोटी काशी काव्य कुंभ कवि सम्मेलन में एक ओर जहां देश के विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की वहीं नगर लखीमपुर के समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त ने भी अपनी प्रस्तुतियों से लोगों की वाह वाही प्राप्त की।

रॉयल लॉन गोला गोकर्णनाथ में अरुणेश मिश्र एवं अनुराधा पाण्डेय के संचालन में आयोजित प्रथम पाली के काव्य पाठ के अंतिम चरण में प्रत्येक कवि हेतु निर्धारित अधिकतम 20 मिनट की समयावधि का अनुपालन करते हुए राम मोहन गुप्त अमर ने भी अपनी सशक्त सहभागिता प्रस्तुत करते हुए सबसे सुंदर सबसे न्यारा लखीमपुर अपना प्यारा, मातृ भाषा हिन्दी, उम्र पचास साठ की, जब कुछ नहीं था सब कुछ था, कैरियों के बजाए रिश्तों में खटाश बढ़ती जा रही, मोबाईल व इंटरनेट अजब गजब बेचैनी और साईबर क्राइम से रहें सतर्क चौकन्ने आदि विषयों पर सभी की सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर शशांक यादव, अजय सिंह, छोटी काशी काव्य कुंभ के संयोजक यतीश चंद्र शुक्ल, श्रीकांत तिवारी कांत एवं रविसुत शुक्ल, कपिलश फाउंडेशन की अध्यक्ष शिप्रा खरे टाइम कीपर गीतांजलि, जेबा एवं अजय शुक्ला सहित भारी संख्या में कवि, कवित्री, शायर, अतिथि एवं श्रोता उपस्थित रहे।

- मातृ भाषा हिन्दी, साईबर क्राइम से बचाव, बनते बिगड़ते रिश्ते पर प्रस्तुतियां देकर जीती वाहवाही




# राजकीय पॉलिटेक्निक में धूमधाम से मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक लखीमपुर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। जिसमें जिलेभर से आए फार्मासिस्टों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय बहादुर यादव तथा व्याख्याता अवधेश कुमार सिंह द्वारा की गई तथा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष अतुल कुमार सचान तथा डॉ अनिल वर्मा चीफ फार्मासिस्ट जिला चिकित्सालय तथा विशेष अतिथि प्रधानाचार्य पद्मेश पंकज, डॉ.ओपी श्रीवास्तव चीफ फार्मासिस्ट, डॉ. आरके गुप्ता चीफ फार्मासिस्ट द्वारा उपस्थित छात्रों एवं अन्य फार्मासिस्ट साथियों को संबोधित किया गया। इस वर्ष की थीम फार्मेसिस्ट वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करना पर सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखें, डॉ अनिल वर्मा ने पूर्व की शिक्षा प्रणाली और वर्तमान के शिक्षा प्रणाली को विस्तार से समझाया और गुरु शिष्य की परंपरा को पुनर्जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है इसका आभास कराया। विभागाध्यक्ष अतुल कुमार ने अपने अलग-अलग जिलों के शैक्षिक अनुभवों को शेयर करते हुए अलग-अलग विषयों पर मिश्रित जानकारी दी डॉ ओपी श्रीवास्तव ने सन 1975 से लेकर अब तक की स्वास्थ्य प्रणाली की कमियों और अच्छाइयों की विस्तृत चर्चा करते हुए बच्चों को जागरूक रहने की सलाह दी। डॉ आरके गुप्ता ने नए फार्मासिस्टों से अपने सर्टिफिकेट को किराए पर ना देकर स्वरोजगार की तरफ ध्यान केंद्रित करने की प्राथमिकता को समझाया। व्याख्याता अवधेश कुमार सिंह ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्टों की उपयोगिता और उनके महत्व को बताया। फार्मासिस्ट डॉ विकास श्रीवास्तव, रघुवंश सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ विजय बहादुर यादव, महामंत्री डॉ पंकज वर्मा, संगठन मंत्री डॉ फखरुद्दीन, प्रवक्ता पंकज वर्मा, अनिल यादव, मोहित, कमलेंद्र सिंह आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सुमित, आलोक, छबिलाल मौर्य, गौरव, हितेश, विधान, अंकुर, विकास, अंशिका, वर्षा गुप्ता आदि फार्मासिस्ट छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।



## थाना मैलानी पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक को दबोचा



**संसापुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक मैलानी राजेश सिंह के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस द्वारा अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र असर्फी लाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम परेली थाना हैदराबाद जिला खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा देशी 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुयी है, अभियुक्त राजेश कुमार उपरोक्त की गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर भेजा गया जेल। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मोहित पुण्डीर चौकी प्रभारी कांस्टेबल विकास कुमार, गौरव उज्जवल, पंकज तिवारी मौजूद रहे।

# ऐरा समिति में चुनाव नामांकन के दौरान मीडिया के प्रवेश पर भी लगी रोक

- मीडिया कवरेज पर रोक बना चर्चा का विषय

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को प्रशासन द्वारा समितियों के चुनाव को लेकर पुख्ता इंतजामात किये गए थे। सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल तैनात की गई थी। विकास खण्ड ईसानगर क्षेत्र के ख़मरिया स्थित साधन सहकारी समिति ऐरा में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया में जहां नामांकन कराने गए कुछ प्रत्याशियों के मोबाइल लेकर जाने पर प्रतिबंध लगाया वहीं मीडिया कर्मियों के कवरेज पर भी रोक लगा दी गयी। समिति पर कवरेज करने पहुंचे कुछ क्षेत्रीय पत्रकारों को ड्यूटी पर तैनात निरीक्षक जी पी यादव ने कवरेज करने से रोक दिया। और कहा कि किसी भी मीडिया कर्मी को मोबाइल लेकर जाने की अनुमति नहीं है। अब सवाल यह उठता कि आखिर क्यों पुलिस द्वारा मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगा कर कवरेज से रोका गया? नामांकन के दौरान मीडिया के कवरेज पर रोक लगाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मीडिया कर्मियों का कहना है कि आखिर ऐसा भी क्या चल रहा है जो मीडिया की नजरों से छुपाया जा रहा है।



# ईंट भट्ठा मालिक के दस लाख रुपए हड़पने के लिए ठेकेदार ने रचाई चोरी की घटना

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

ईंट भट्ठा ठेकेदार के घर में हुई चोरी की घटना पुलिस की जांच में फर्जी पाई गई है। पुलिस की कड़ी पूछताछ में ईंट भट्ठा ठेकेदार ने पूरी सच्चाई सामने रख दी। ठेकेदार ने ईंट भट्ठा मालिक के दस लाख रुपए हड़प करने के लिए यह कहानी रची थी। जरिया थाने के कछवां कलां गांव निवासी भूपेंद्र पुत्र माधव प्रसाद ने ईंट भट्ठों का ठेकेदार बताते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी कि ईंट भट्ठों भट्ठा का मालिक मजदूरों की पेशगी देने के लिए दस लाख रुपए दे गया था। उसने रुपए अलमारी में रख दिए। बताया कि उसके गांव में दो मकान है। बुधवार की रात वह पत्नी के साथ उस मकान में सोने चला गया। इस मकान में ताला लगा हुआ था। मकान में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। बताया कि रात्रि में चोर आए और कैमरों को डंडों से ऊपर कर दिया। इसके बाद चोर कमरे में घुस गए। बताया कि बेड पर रखी चाबी से अलमारी खोली और दस लाख रुपए की नकदीए सोने की जंजीरए सोने की अंगूठीए सोने की झुमकी चोरी करके ले गए। सूचना पर पहुंची जरिया पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो मामला कुछ और ही निकल कर सामने आया है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान सब कुछ ठेकेदार सही बता दिया है। रुपए उसी के पास है। वह ईंट भट्ठा मालिक के रुपए हड़प सके।

# प्रभारी एडी ने औचक निरीक्षण कर डिप्टी सीवीओ व एक पशु चिकित्सक का रोका बेतन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** चित्रकूटधाम मंडल के पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी अपर निदेशक (एडी) एवं सीवीओ हमीरपुर ने कल बांदा व महोवा जिले का औचक निरीक्षण किया जिसमे गुणवत्ता पूर्वक आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण न होने पर डिप्टी सीवीओ बबेरु व एक डाक्टर का बेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया है। उन्होने गौबंश महोवा की जमकर प्रशंसा की है।

जानकारी के मुताबिक प्रभारी एडी चित्रकूटधाम मंडल डा अरविंद कुमार ने सबसे पहले महोवा जिले की कई गौशालाओं व पशु अस्पतालों का निरीक्षण किया जिसमे ज्यादातर बिभागीय काम ओके मिला गौवश सभी स्वस्थ पाये गये,सिंधन कला में 418 गौबंश पाये गये जो सभी संरक्षित है। इसी प्रकार केंद्र कनवाडा बांदा का निरीक्षण किया जिसमे 431 गौबंश पाये गये सभी गौबंश स्वस्थ है। चारा पानी की व्यवस्था उचित पायी गयी है। एडी ने बताया कि बबेरु अस्पताल का निरीक्षण किया गया जिसमे डाक्टर संतोष कुमार तथा अतर्रा के डाक्टर निर्मल गुप्ता का कार्य संतोषजनक नही पाया गया है आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निदान नही किया गया था लिहाजा दोनो डाक्टरों का बेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गयाहै दोनो डाक्टरों से जवाब तलब किया गया है। एडी का कहना है कि इसके बाद वह चित्रकूट व हमीरपुर जिले की सभी गौशालाओं का सघन निरीक्षण करेगे जो भी कर्मी काम में लापरवाही करेगा उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी पशु चिकित्सको से कहा है कि कोई भी गौवंश सडको पर नही बैठेगा सभी को गौशालाओं में बंद किया जाये किसी भी किसान की फसल का भी नुकसान नही होना चाहिये।



- महोवा के गौशालाओं की जमकर की प्रशंसा

# बीएलओ के जरिए प्राप्त फार्मों का जि. निर्वाचन अधिकारी करें निस्तारण

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा, अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर हो रहा बूथों का पुनर्गठन

समृद्धि न्यूज




लखनऊ । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में प्रदेश में मतदाता सूची को अपडेट करने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची को अपडेट करने के निर्देश जारी किये थे, जिसके अन्तर्गत बीएलओ द्वारा 20 अगस्त से 10 सितम्बर तक घर-घर सत्यापन की कार्यवाही करते हुए शिफ्टेड, मृतक तथा रिपीटेड श्रेणी के मतदाता चिन्हित किये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय के सभागार कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जिलाधिकारियों को बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन के दौरान प्राप्त फार्मों का नियमानुसार निस्तारण 03 अक्टूबर से पूर्व करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 01 अक्टूबर की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम शामिल करने के दावों का निस्तारण भी 03 अक्टूबर तक सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे 29 अक्टूबर को शुद्ध, सारगर्भित व त्रुटिविहीन मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जा सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लखनऊ, हरदोई, प्रतापगढ़, गौतमबुद्धनगर, चित्रकूट, शाहजहांपुर, उन्नाव, रामपुर जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया कि घर-घर सत्यापन के दौरान शिफ्टेड, मृतक और रिपीटेड श्रेणी के चिन्हित प्रकरणों से संबंधित सभी अवशेष फॉर्म-07 का संबंधित बीएलओ द्वारा भरा जाना अगले दो दिन में सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सम्भाजन प्रक्रिया के अन्तर्गत अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर नये मतदान बूथों को बनाने अथवा वर्तमान बूथों की पुनर्गठन की कार्यवाही की जा रही है।

मतदाताओं द्वारा वोट देने की प्रक्रिया को सुगम बनाने को प्राथमिकता देते हुए सम्भाजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की गयी है। बैठक में प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शामिल हुए।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन का पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

- प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा कर युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की
- उत्तर प्रदेश के हुनर को मिल रहा है वैश्विक पहचान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के पवेलियन ने अपने अद्वितीय कौशल प्रदर्शनों से आगंतुकों का दिल जीत लिया।

पवेलियन में प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विभिन्न विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे आगंतुकों को प्रदेश के उभरते कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में गहन जानकारी मिली। इस मौके पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा किया। उन्होंने युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की और उनके साथ संवाद कर उत्साहवर्धन किया।

इस कार्यक्रम में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कौशल विकास मिशन का पवेलियन आगामी दिनों में विभिन्न सेक्टरों के लाइव कौशल प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभा को वैश्विक मंच पर पेश करेगा।

आगंतुकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे प्रदेश के कौशल से परिचित हों। ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन की गतिविधियों और लाइव प्रदर्शनों का अनुभव करने के लिए हॉल नंबर 06 में सभी लोग आमंत्रित है।

## खबरें एक नजर में

### पर्यटन मंत्री आज से झांसी, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा दौरे पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह 27 से 29 सितम्बर तक झांसी, फिरोजाबाद, मैनपुरी तथा इटावा के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री कल 11:30 बजे विश्व पर्यटन दिवस पर बुंदेलखण्ड में पर्यटन को विकसित किये जाने हेतु आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके उपरान्त फिरोजाबाद लौट आयेंगे। 28 सितम्बर को पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक ट्रांजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाइन के सामने मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। अपराह्न 02 बजे आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम हाल सैफई में डिजी तकनीकी योजना के अंतर्गत टेबलेट का वितरण करेंगे। शाम को 05 :30 बजे मैनपुरी में रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। 29 सितम्बर को कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। अपराह्न 02 बजे अतिशयकारी श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, राजा का ताल फिरोजाबाद में क्षमावाणी पर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अगले दिन 30 सितम्बर को अपराह्न तक लखनऊ वापस आयेंगे।

### लाटूश रोड पर व्यावसायिक इमारत में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के व्यस्त कैसरबाग इलाके में लाटूश रोड पर स्थित एक व्यावसायिक इमारत में बृहस्पतिवार को सुबह अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लखनऊ के मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने न्यूज एजेंसी को बताया, आग पूर्वाह्न लगभग 10 बजे एक व्यावसायिक इमारत में लगी। इसमें बड़ी संख्या में दुकानें और गोदाम हैं। गनीमत है कि सुबह का समय होने के कारण कोई भी व्यक्ति आग में नहीं फंसा। उन्होंने यह भी बताया कि अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और आग बुझाने का काम जारी है। कैसरबाग के अंतर्गत आने वाले अमीनाबाग में लाटूश रोड पर स्थित इस इमारत के एक घर में रहने वाली शांति जायसवाल ने बताया, हमने आग सुबह करीब साढ़े नौ बजे देखी। उस समय घर में सात-आठ लोग थे। वे सभी सुरक्षित हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आग लगने के बाद इलाके की सभी दुकानों को बंद कर दिया गया। व्यस्त चारबाग-कैसरबाग सड़क पर यातायात को शिवाजी मार्ग और बांसमंडी क्रॉसिंग की ओर मोड़ दिया गया है। गौतम बुद्ध मार्ग के नाम से भी जानी जाने वाली लाटूश रोड व्यावसायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है।

### आधी रात संदिग्ध ड्रोन मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोंहा और बंथरा के बाद मलिहाबाद सर्किल में कई गांव में लोगों ने आधी रात हवा में उड़ते कई ड्रोन को देखा। संदिग्ध ड्रोन का मूवमेंट होने से ग्रामीण खौफजदा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक सप्ताह से मलिहाबाद, रहीमाबाद और माल क्षेत्र में ग्रामीणों ने ड्रोन उड़ाता पाया है। बगैर किसी मकदस के उड़ रहे ड्रोन से सहमें ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। हालांकि, पुलिस भी ड्रोन उड़ाने वालों को तलाश नहीं पाई है। मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी एक युवक ने बताया कि बीते एक सप्ताह से उनके क्षेत्र में रात बारह बजे के बाद एक साथ कई ड्रोन आकाश में उड़ने लगाते हैं। जिन्हें देखकर क्षेत्रीय खौफजदा है। हैरत की बात है कि पुलिस की भी इस बात की भनक नहीं थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। गुरुवार रात मलिहाबाद पुलिस ने भी आकाश में उड़ते ड्रोन को देखा। आसपास छानबीन करने के बाद भी पुलिस यह पता नहीं लगा सकी कि इनका संचालन कहां से किया जा रहा है। एसीपी मलिहाबाद धमेंद्र रघुवंशी का कहना है कि बैगर अनुमति के ड्रोन उड़ाना दंडनीय है। मामले की जांच की जा रही है। ड्रोन संचालक के खिलाफविधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुकानों पर नाम लिखवा देने से मिलावट का धंधा नहीं होगा खत्म

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट आदि को लेकर निर्देश दिए हैं। सीएम ने खानपान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट या गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, यूपी सरकार द्वारा होटल, रेस्तरां, ढाबों आदि में मालिक, मैनेजर का नाम, पता के साथ ही कैमरा लगाना अनिवार्य करने की घोषणा, कांवड़ यात्रा के दौरान की ऐसी कार्रवाई की तरह ही, फिर से काफी चर्चाओं में कि यह सब खाद्य सुरक्षा हेतु कम व जनता का ध्यान बांटने की चुनावी राजनीति ज्यादा। इससे आगे मायावती ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, वैसे तो खासकर खाद्य पदार्थों में मिलावट आदि को लेकर पहले से ही काफी सख्त कानून मौजूद हैं, फिर भी सरकारी लापरवाही मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है, किन्तु अब दुकानों पर लोगों के नाम जबरदस्ती लिखवा देने आदि से क्या मिलावट का काला धंधा खत्म हो जाएगा?

### विधायक ने डेंगूरोधी अभियान के लिए दिए निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी की उत्तरी सीट से विधायक डाक्टर नीरज बोरा ने क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को लेकर गंभीरता दिखाई है। गुरुवार को उन्होंने सीएमओ और नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि फैजुल्लागंज सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में सघन डेंगूरोधी अभियान चलाया जाए। डॉक्टर नीरज बोरा ने बताया कि पहले फैजुल्लागंज में डेंगू की महामारी फैलती थी लेकिन राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से अब काफी हद तक नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। हाल के दिनों में बुखार, डेंगू और अन्य वेक्टर जनित रोगों से प्रभावित लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने फैजुल्लागंज के चारों वार्डों, नगर निगम के जोन तीन और छह के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में साफ-सफाई, फागिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने की बात कही।

# उत्तर प्रदेश सरकार की कोशिशों से पर्यटकों को लुभाने लगा बुन्देलखण्ड

- पर्यटन से जुड़ी कई गतिविधियों ने पर्यटकों को किया आकर्षित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/झांसी।** बुंदेलखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने की योगी सरकार की योजनाओं और प्रयासों ने इस क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों का विस्तार हुआ है और पर्यटन नीति में बुंदेलखंड को विशेष प्राथमिकता दिए जाने का असर दिखाई देने लगा है। किलों को हेरिटेज होटल में तब्दील करने की शुरुआत और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण ने पर्यटकों का इस ओर ध्यान खींचा है। पर्यटन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों ने इस क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने का काम किया है।

झांसी के बरुआसागर में दिसंबर 2023 में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों की शुरुआत की गयी है, जिसमें बोट राइड, जेट स्की, रिंगो राइड का आनंद यहां आने वाले पर्यटक ले रहे हैं और इससे इस क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुयी है। झांसी के रानी लक्ष्मीबाई पार्क में मेजर ध्यानचंद हॉकी म्यूजियम का निर्माण स्मार्ट सिटी झांसी ने किया है, जिसका उद्घाटन 29 अगस्त 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। यह एशिया का पहला हॉकी म्यूजियम है और इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

झांसी के राजकीय संग्रहालय का स्मार्ट सिटी के माध्यम से स्वरुप बदला गया है और यहां वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से इतिहास के बारे में रोचक ढंग से जानकारी प्रदान की जाती है।

बोलती हुयी किताब और वर्चुअल हेलीकॉप्टर जैसे पर्यटकों को खासे आकर्षित करते हैं। राजकीय संग्रहालय की तीन डिजिटलाइज्ड गैलरी का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने 12 मार्च 2024 को वर्चुअल माध्यम से किया था।

### बरुआसागर किले का होगा विकास

बुंदेलखंड के ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को एडॉप्ट ए हेरिटेज स्कीम के अंतर्गत पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योगी सरकार की योजना के अंतर्गत झांसी के बरुआसागर किले को एडॉप्ट करने के लिए नीमराना होटल्स के प्रस्ताव को पर्यटन विभाग ने फाइनल किया है। किले के मूल स्वरुप में बदलाव किये बिना यहां सुविधाओं का विकास किया जाएगा। विकासकर्ता कम्पनी किले को संरक्षित करने पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यहां 25 फीसदी रोजगार के अवसर स्थानीय लोगों को प्रदान किये जायेंगे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को गोद लेकर विकासकर्ता कम्पनी उन गांव के विकास का काम करेगी। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां हेरिटेज होटल, हेरिटेज रेस्टोरेंट, थीमेटिक पार्क, डेस्टिनेशन वेडिंग जैसी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। यहां बुंदेलखंडी संस्कृति, खान-पान, कला, पोशाक और सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन होगा।

### इन स्थलों की भी बदलेगी तस्वीर

बरुआसागर किले के अतिरिक्त राम जानकी मंदिर गरौठा, पठामढ़ी का मंदिर गरौठा, बंजारी का मंदिर एवं बेर, बुंदेलखंड के रॉक कट गुफाएं देवगढ़ ललितपुर, सुमेरगढ़ का प्राचीन मंदिर ललितपुर, सोमनाथ मंदिर मानिकपुर चित्रकूट, खाकरा मठ चरखारी महोबा, रणछोर मंदिर धोजरी ललितपुर, प्राचीन बैठक तालबेहट ललितपुर, चन्देली मंदिर करियारी हमीरपुर, शांतिनाथ मंदिर भरवारा महोबा, शिव मंदिर उल्दना कला ललितपुर, दशरथ घाटी चित्रकूट और खंडेह के मंदिर मौदहा हमीरपुर समेत कई पर्यटन स्थलों के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं

# दुष्कर्म के आरोपी ने डासना जेल में किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** हापुड़ की किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में डासना जेल में बंद एक बंदी का शव मंगलवार रात को जेल के विद्युत कक्ष में फंदे पर लटका मिला था। पता रात आठ बजे जब बैरक में बंद बंदियों की गिनती की गई तो एक बंदी कम मिलने के बाद चला। उसकी तलाश की गई तो वह विद्युत कक्ष में फंदे पर लटका मिला। दो पन्ने के सुसाइड नोट में एक पन्ने पर अपनी मां से सॉरी कहते हुए दुष्कर्म पीड़िता के स्वजन को उसने अपनी मौत का कसूरवार बताया है।

मृतक के पिता ने जेल में बेटे से जबरन ड्यूटी करवाने और मना करने पर मारपीट करने और रुपये मांगने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि उनके बेटे को जेल न भेजने की एवज में तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी, जिसमें दो लाख रुपये पीड़िता की मां और एक लाख रुपये दरोगा लेने वाले थे लेकिन वह रुपये न दे सके तो उनके बेटे को जेल भेज दिया गया था। मृतक की पहचान बुलंदशहर के नरसेना में रहने वाले शिवम राजपूत के रूप में हुई है। हापुड़ में उसके पिता सुंदर एक डेयरी पर काम करते हैं। छह माह पहले वह 20 दिन के लिए रहने गया तब किशोरी के संपर्क में आया और दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई थी। शिवम से फोन पर बात करते हुए किशोरी को उन्होंने पकड़ लिया और उसकी मां से शिकायत कर बात करने से रोकने के लिए कहा, लेकिन दोनों की बातचीत बंद नहीं हुई। उनका आरोप है कि नौ सितंबर को किशोरी ने फोन कर शिवम को मिलने के लिए पिलखुवा में बुलाया था, इसके बाद किशोरी से दुष्कर्म की शिकायत मिलने पर पुलिस ने शिवम को पकड़ लिया। 10 सितंबर को उसे डासना जेल भेजा गया था। 14 सितंबर को उन्होंने आखिरी बार शिवम से जेल में मुलाकात की थी, इसके बाद मंगलवार दोपहर जेल के लैंडलाइन फोन से शिवम ने पिता को फोन कर 23 सितंबर को तारीख पर मिलने न आने की बात पूछी, उन्होंने बताया कि तारीख की जानकारी नहीं थी। जमानत याचिका पर बहस के लिए 25 सितंबर की तारीख का पता है, इसलिए वह 25 सितंबर को आने वाले थे। शिवम ने फोन पर जेल में काम करवाने और मना करने पर मारपीट का आरोप लगाया था, उसने 25 सितंबर को मुलाकात के वक्त पांच हजार रुपये लेकर आने के लिए पिता से कहा था।

# 20 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्मृति उपवन में होगा प्रगति भारत महोत्सव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय द्वारा ओ डी ओ पी विपणन योजना अन्तर्गत प्रगति भारत महोत्सव राज्य स्तरीय श्रेणी में शामिल है। झूलों संग ट और हाथी एवं घुड़सवारी होगी आकर्षण का केंद्र, केंद्र सरकार के वा मंत्रालय हैण्डीक्राफ्ट, पर्यटन, हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना और नाबार्ड के होंगे स्टाल, कश्मीरी, गुजराती, राजस्थानी, पंजाबी, साउथ इन्डियन संग अवधी- मुग्लई व्यंजनों का मिलेगा स्वाद, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग सहित अन्य क्षेत्रों की गतिविधियों से लाभान्वित होंगे दर्शक महारनपुर के फर्नीचर एव भदोही के कालीन बनेगे आकर्षण के केंद्र, खुर्जा के क्रॉकरी बिखेरेगे अपनी शान तथा साथ में होगा

लखनऊ क टेरा कोटा, मुख्य मंच पर होगी अनेक राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियांभारत के समस्त राज्यों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों चंडीगढ़, दिल्ली और पांडिचेरी की कला संस्कृति, पर्यटन, हस्त शिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम हैण्डी क्राफ्ट, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रनिक, बैंकिंग, के स्टाल आकर्षण का केन्द्र होंगे। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया बताया कि प्रगति भारत महोत्सव में केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय हैण्डीक्राफ्ट, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उ.प्र. और नाबार्ड की सहभागिता के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना भी फ्लीभूत होगी। इसके अलावा विशेष रूप से सिंपला, कोको पेंट, क्रिमिका, मागों, राज-रतन कम्पनियो का स्टाल भी महोत्सव की शोभा बढ़ायेगे। श्री सिंह ने बताया कि संस्था के फेसबुक सहित इंस्टा स्टूडियो के माध्यम से देश विदेश के लोगों को प्रगति भारत महोत्सव से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रगति भारत महोत्सव के फेसबुक लिंक का प्रयोग सजीव प्रसारण के लिए किया जायेगा। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एन.वी. सिंह ने बताया कि प्रगति भारत महोत्सव-2024 में भारत के विभिन्न क्षेत्रो में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को प्रगति भारत महोत्सव रख सम्मान से सम्मानित किया जायेगा, जिसमें सभी वर्गों को शामिल किया जायेगा।

# अवैध निर्माणों पर एलडीए की कार्रवाई से खलबली

**लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया है, जिसका उद्देश्य शहर में अवैध निर्माणों को रोकना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है। एलडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मच गई है और वे नियमों के अनुसार निर्माण करने की बात कर रहे हैं। एलडीए प्रवर्तन जोन-6 में जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। कुछ दिनों में लगातार 7 अवैध निर्माणों को सील कर दिया गया है, जिससे अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मच गई है। अमीनाबाद क्षेत्र में भी अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई है। यह निर्माण तीसरी बार सील किया गया है, लेकिन निर्माणकर्ता बार-बार सीलिंग तोड़ देता है। एलडीए को ऐसे बिल्डरों के खिलाफकठोर कदम उठाना पड़ेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण अवैध निर्माणों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। एलडीए का उद्देश्य शहर में नियमों का पालन सुनिश्चित करना और अवैध निर्माणों को रोकना है। एलडीए की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मच गई है और वे नियमों के अनुसार निर्माण करने की बात कर रहे हैं।

# ई-रिक्शा संचालन के लिए आचार संहिता लागू करने का निर्णय

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ ई-रिक्शा डीलर वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने राजधानी लखनऊ के संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी से मुलाकात की। इस बैठक में ई-रिक्शा संचालन के लिए आचार संहिता लागू करने की मांग की।

अतिक्रमण की समस्या का समाधान और इस व्यापार से जुड़े लाखों लोगों को रोजगार सुनिश्चित करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि ई-रिक्शा को केवल भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नोटिफाई किए गए अधिकृत फाइनेंसर के माध्यम से ही वित्त पोषण किया जाएगा। इस पर सभी डीलर सहमत हुए। इसके अतिरिक्त जिन ई-रिक्शा का पंजीकरण नहीं है और जो अवैध तरीके से चलाए जा रहे हैं उनका संचालन बंद किया जाएगा। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत 100 रुपए के स्टांप पेपर पर रिक्शा खरीदने वाले से अनुबंध करवाने का निर्णय लिया गया। इसमें स्पष्ट किया जाएगा कि वह अनुशासित ढंग से रिक्शा चलाएगा। नाबालिगों को चलाने की अनुमति नहीं रहेगा। उल्लंघन की स्थिति में उसका रिक्शा जब्त किया जाएगा। इस स्टांप पेपर की एक प्रति आरटीओ विभाग एक डीलर के पास और एक ग्राहक को दी जाएगी।

### कमिश्नर ने आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की

**लखनऊ ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में आईजीआरएस व सीएम डेशबोर्ड और राजस्व से जुड़ी अहम बैठक आयुक्त सभागार कार्यालय में हुई। इस बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन, राधेश्याम समेत अलग-अलग विभागों के सीनियर अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडलायुक्त ने ऑनलाइन शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस संबन्धी किसी भी शिकायत में लापरवाही मिली तो अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने कहा कि किसी भी शिकायत का समाधान जल्द करें।

### नाबालिग बेटी से दुराचार कर रहा था पिता, मां ने दर्ज कराई एफआईआर, गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज ।** लखनऊ के चिनहट इलाके में 14 साल की बेटी से उसका पिता दुष्कर्म करता रहा। वह बेटी को मुंह न खोलने की धमकी भी दे रहा था। डरी सहमी किशोरी पिता की गलत हरकतों को सहती रही। 15 सितंबर को किशोरी ने मां व रिश्तेदारों को आपबीती बताई तो मां ने मंगलवार को चिनहट थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित किशोरी चिनहट इलाके में परिवार के साथ रहती है। 15 सितंबर को उसका जन्मदिन था। परिवार व रिश्तेदार जन्मदिन मनाने के लिए जमा थे। इस बीच पिता ने रात 10 बजे गुस्से में आकर बेटी को मारने के लिए दौड़ा लिया। किशोरी जान बचाकर भागी। मां व अन्य रिश्तेदारों ने उसे बचाया। वह डर के चलते दूसरी बिल्डिंग की छत पर जाकर गुमसुम बैठ गई। मां व चाची तलाशती हुई छत पर पहुंचीं। उन लोगों ने किशोरी से बातचीत की तो उसने बताया कि पिता बीते तीन सप्ताह से उसके साथ दुष्कर्म कर रहे हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। किशोरी की बात सुन मां व चाची सन्न रह गईं। किशोरी ने बताया कि 13 सितंबर की शाम जब घर पर कोई नहीं था तब आखिरी बार पिता ने उसके साथ गलत काम किया था। पति की इस घिनौनी हरकत के बारे में पता चलने पर किशोरी की मां को गहरा सदमा लगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र में नौ महीने से नहीं मिला पोषाहार, डीएम से शिकायत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज के एक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार घोटाले का मामला सामने आया है। गांव की महिलाओं का आरोप है कि पिछले 9 महीने से बच्चों और महिलाओं को पोषाहार नहीं मिला। डीएम से ऑनलाइन शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

निगोहां थाना इलाके के शिवपुरा गांव की महिलाओं का आरोप है कि संस्थान सुपरवाइजर से जब पोषाहार की जानकारी मांगी गई तो उन्होंने भगा दिया। दीपिका, मंजू, माधुरी और करिश्मा सहित छह ग्रामीण महिलाओं ने जिलाधिकारी लखनऊ और बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहनलालगंज को ऑनलाइन शिकायत भेजी है। उनका कहना है कि पोषाहार न मिलने से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में यह भी आशंका व्यक्त की गई है कि पोषाहार वितरण में भ्रष्टाचार हो रहा है और सरकार द्वारा भेजा गया राशन केंद्र तक नहीं पहुंच रहा है, या इसे गलत तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। महिलाओं ने मांग की है कि इस मामले की तुरंत जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस घटना से गांव में रोष है, और ग्रामीण चाहते हैं कि बच्चों को शीघ्र ही आवश्यक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहे बुरे प्रभाव को रोका जा सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाती है।

### तेज हवा के साथ बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार सुबह से बादल छाए रहे। शाम को 6.30 बजे गोमतीनगर, कमता, आलमबाग, बख्शी का तालाब समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। 40 किलो मि0मी की रफ्तार से पूर्वा हवा चल रही है। वहीं गोमतीनगर के आईजीपी और आलमबाग में अवध चौराहे पर लंबा जाम लग गया।

जलभराव होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बारिश होने से जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। गर्मी और उमस से भी राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को कई इलाकों में गरज, चमक के साथ बारिश हो सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। अगले तीन-चार दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा।

**उपलब्धि** — डबल इंजन की सरकार देश-प्रदेश में विकास की गति को चार गुना रफ्तार से बढ़ाने का कर रही कार्य

# उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है चहुंमुखी विकास : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में मैनपुरी के विकास खंड करहल के ग्राम सिमरऊ के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में लखपति दीदी सम्मान कार्यक्रम एवं ग्राम चौपाल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड करहल के 35 स्वयं सहायता समूहों को 02.10 करोड़, विकास खंड घिरोर के 33 स्वयं सहायता समूह को 01.98 करोड़, विकास खंड बरनाहल के 22 समूहों को 01.32 करोड़ के सी.सी.एल. वितरण, विकास खंड करहल, बरनाहल, घिरोर के 49 समूहों को 73.50 लाख की सीआईएफ स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अंकुश कुमार को लकड़ी फर्नीचर हेतु 20 लाख, मीनू को लकड़ी फर्नीचर हेतु 10 लाख, राघवेंद्र को टेंट हाउस हेतु 07 लाख, एक जनपद-एक उत्पाद योजना में सुमन को वस्त्र, सिलाई एवं कढ़ाई हेतु 03 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र, स्वयं सहायता समूहों की लखपति दीदी कुसुमा, नीतू, आरती, वन्दना, एकता देवी, अनुराधा, शशि, सावित्री, बृजवाला, प्रीति, मोहिनी, कल्पना, सविता को प्रशस्ति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत विमला देवी, अनिल कुमार, उदयवीर सिंह, सुंदर सिंह, संतोषी देवी को गोल्डन कार्ड, सफाई कर्मी मनोज कुमार, संजीव कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार, अमित कुमार को पी.पी.टी. किट, कृषक बदन सिंह, कृपाल सिंह, भूप सिंह, फल सिंह, बबलू को निःशुल्क सरसों बीज मिनी किट, प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी सोनी, सरिता, ममता, फूल कुमार, सीमा को आवास की चाबी तथा गोद भराई कार्यक्रम के तहत तनु, पूजा को पोषण आहार किट, अन्नप्रासन्न योजना के तहत आसू, देव को ऊपरी आहार, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत शशि प्रभा, कन्या देवी, रानी देवी, आरती देवी, नीतू देवी को निःशुल्क गैस-चूल्हा सिलेंडर उपलब्ध, वितरित किये।उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार देश-प्रदेश में विकास की गति को चार गुना रफ्तार से बढ़ाने का कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने देशवासियों को उनके घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया और यह निर्णय धीरे-धीरे धरातल पर क्रियान्वित होता भी दिख रहा है, गांव सिमरऊ में विगत् 06 माह से प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ पीने का जल उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व ग्रामवासियों को पीने के पानी की उपलब्धता के लिए सांसद, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों के पास हैंडपम्प स्थापित करने के लिए चक्कर लगाने पड़ते थे, हैंडपंप स्थापित होने के बाद गांव के सभी लोगों को पानी उपलब्ध होने में कठिनाई का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज बिना भेद-भाव के प्रत्येक ग्रामवासी को पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोरोनाकाल से लेकर आज तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगातार निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। कुछ समय पूर्व जब गरीब व्यक्ति के परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित होता था, तो उसे इलाज के लिए मकान, जमीन, जेवर बेचना पड़ता था, लेकिन आयुष्मान भारत योजना के लागू होने के पश्चात अब गरीब व्यक्तियों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 05 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# मंदिर के बगल बिना मानचित्र के बन कर खड़ी हो गई इमारत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

गोंडा स्टेशन रोड दुखहरण नाथ मंदिर सत्यनारायण मंदिर के बगल बिना मानचित्र के एक मंजिल इमारत बनकर खड़ी हो गई है और दूसरे की अब तैयारी चल रही है।शहर में अनियोजित विकास की,जिसने शहर का नक्शा तेजी से बदल रहा है।शहर में कई मल्टी स्टोरी और बहुमंजिला व्यवसायिक इमारतें नगरपालिका की बिना अनुमति और स्वीकृति के बिना नियम कायदों को दरकिनार कर धड़ल्ले से बनाई जा रही है,लेकिन नगर पालिका और जिला प्रशासन इसकी तरफ आंख मूंद हुए बैठा है।

विदित हो कि एक निश्चित क्षेत्रफल यानी गरीबी आवास से बड़ा निर्माण कार्य करने के लिए नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग और नगर तथा ग्राम निवेश की अनुमति की आवश्यकता होती है,जिसमें इमारत का बाकायदा नक्शा पास होता है उसे निर्धारित शुल्क देकर नगर पालिका से अनुमोदित कराना पड़ता है।किसी भी बहुमंजिला इमारत का निर्माण नगरपालिका और विनियमित क्षेत्र के द्वारा दी गई अनुमति और स्वीकृत नक्शे के हिसाब से ही करना पड़ता है और निर्माण के बाद इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी पड़ती है कि इमारत अब बनकर तैयार है और इसके निर्माण में नगर पालिका और विनियमित क्षेत्र की अनुमति और स्वीकृति के अनुसार ही काम करवाया गया है,उसी के हिसाब से नगर पालिका संबंधित इमारत में संपत्ति कर (टैक्स) निर्धारित करती है, जो स्थानीय निकाय की आमदनी का एक बड़ा जरिया होती है।लेकिन पिछले कुछ दिनों से और मौजूदा दौर में ही शहर के कई इलाकों में नजूल की भूमि पर बिना फ्री होल्ड और बिना मानचित्र के स्वीकृत के सिटी मजिस्ट्रेट के जानकारी में बहुमंजिला इमारतों का निर्माण होकर खड़ा हो गया है। और अब उसमें गेट और लोहे के शटर भी लग गए है इनमें न तो टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की परमिशन दी गई है और न ही नगर पालिका से ही कोई अनुमति दी गई है।बिना अनुमति स्वीकृति के बनाई गई इन बहुमंजिला इमारतों से शहर का विकास और विस्तार तो होता जा रहा है,लेकिन यह आगे चलकर न सिर्फ नगरपालिका बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द साबित होने वाला है। बहुमंजिला इमारतों में या उसके आसपास पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है,वेंटीलेशन के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है,प्लानेशन का कोई चित्र नहीं है,कोई ओपन स्पेस नहीं छोड़ा गया है।कुल मिलाकर जिसकी जैसी मर्जी और सुविधा महसूस हो रही है, वैसा निर्माण कार्य किया जा रहा है।नगर पालिका और विनियमित क्षेत्र के अधिकारियों और अमले को इस बात की फुर्सत ही नहीं है कि शहर भ्रमण में देख सके कि कहां-कहां बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं और उनके लिए बाकायदा अनुमति ली गई अथवा दी गई है या नहीं।




▸ जिले में नगर मजिस्ट्रेट की तैनाती के बाद धड़ल्ले से बिना अनुमति बनाए जा रहे हैं नजूल जमीनों पर भवन

### इन स्थानों पर चल रहा इमारतों का काम

शहर में कई जगह इमारतें बनाई जा रहीं है, जो निश्चित तौर पर व्यवसायिक उपयोग हेतु ही बनाई जा रही हैं शहर के मालवीय नगर गुरुद्वारा के पास,मधुरिमा स्वीटस के बगल, वी-टू माल शॉपिंग कांप्लेक्स के ऊपर,महाराजगंज पुलिस चौकी के पास,फैजाबाद रोड इमामबाड़ा मंदिर के पास सहित कुछ अन्य स्थानों पर इन बिल्डिंगों का निर्माण कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है इन निर्माण कार्यों में नगर पालिका से अनुमति ली भी गई है, लेकिन जो अनुमति ली गई है,उस हिसाब से निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है सूत्रों के अनुसार नगरपालिका के नजूल के अमीन मिश्रा, पाण्डेय और जेई द्वारा निर्माण कर्ताओं से सांठ गांठ कर अनुमति का खेल खेला जा रहा है।जबकि निर्माण की अनुमति देने के बाद एक भी बार निर्माण स्थल का निरीक्षण नहीं किया जाता है।कुल मिलाकर अनुमति नाम मात्र के लिये ली जाती है और निर्माण कार्य अपने मन से किया जा रहा है।

# बिना मीटर रीडिंग करवाए ही बनवाया जा रहा बिल, डीएम से शिकायत

**कर्नलगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय तहसील के परसपुर क्षेत्र में जिम्मेदार मीटर रीडर से बिना मीटर की रीडिंग करवाए ही उपभोक्ताओं की बिल बनवाने का मामला सामने आया है।

विकास खंड परसपुर के अन्तर्गत ग्राम मरचौर निवासिनी शीला सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके नाम से वर्ष 2015 में विद्युत कनेक्शन हुआ था। लेकिन आज तक विद्युत विभाग का कोई भी कर्मचारी मीटर रीडिंग करने नहीं गया है और ना ही विद्युत विभाग द्वारा बिल ही उपलब्ध कराया जा रहा है। आरोप है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से मीटर रीडिंग कराने वाली कम्पनी मीटर रीडरों को घर बैठाकर प्रति माह फर्जी तरीके से विद्युत बिल बनवा रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके मीटर की रीडिंग के अनुसार उसका करीब 3000 रुपये बिल होना चाहिए, लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदार लोगों की मिलीभगत से बिना उसके मीटर की रीडिंग करवाए ही विभाग द्वारा 33,008 रुपया का फर्जी बिल बनवा दिया गया है। आपको बता दें कि यह केवल उसकी ही समस्या नहीं,बल्कि क्षेत्र के अधिकांश उपभोक्ताओं की समस्या है। सरकार ने उपभोक्ताओं का मीटर रीडिंग करवाने के लिए प्राइवेट कम्पनी को जिम्मेदारी सौंपा है। जिसके सुपरविजन की जिम्मेदारी विद्युत विभाग के अधिकारियों की है। लेकिन मीटर की रीडिंग करवाने वाली कम्पनी के जिम्मेदार व विद्युत विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बिना उपभोक्ताओं के मीटर की रीडिंग करवाए ही फर्जी बिल बनवाकर सरकार से प्रतिमाह करीब एक करोड़ रुपये ले रहे हैं। उसने प्रकरण की जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई किये जाने की मांग की है। अधिशाषी अभियंता संजीव सिंह ने बताया कि आरोप निराधार है। मीटर की रीडिंग करवाकर ही बिल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीला सिंह का बिल यदि बढ़कर आया है तो पूरे कागजात लेकर आएं उनकी समस्या का निराकरण कराया जायेगा।

# सहकारी गन्ना विकास समिति के मतदान के लिए नामांकन प्रक्रिया चालू, तीन अक्टूबर को चुनाव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




सहकारी गन्ना समिति का डेलीगेट चुनाव अपने आप में एक पहेली बनकर रह गया है बृहस्पतिवार को लोग गन्ना समिति पहुंचे वहां उन्होंने पर्चा खरीदने और जमा करने की कोशिश की किंतु मेंन गेट पर ताला बंद था अंदर पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त थी करीब 100 की संख्या में पहले से अंदर मौजूद लोग जो बैठे थे उनके अलावा बाहर से किसी को आने नहीं दिया गया साथ ही साथ जब पत्रकारों ने वहां पहुंचकर बात किया तो सुरक्षा कर्मियों ने कहा की सचिव महोदय के आदेश पर ताला बंद है किंतु जब सचिव डॉक्टर राममिलन भार्गव से दूरभाष पर बात किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं तो काउंटर लगाकर बैठा हूं जो आएगा उसको मैं पर्चा दूंगा जब उनसे यह कहा गया कि जब मेंन गेट पर ताला बंद है तो कैसे कोई जाएगा कैसे कोई आएगा उन्होंने कहा यह काम प्रशासन का है मेरा नहीं है इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया यहां कहना यह भी है की गेट 2:00 बजे तक बंद था 2:00 के बाद जब नगर में स्टेट वहां पहुंचे हैं तब गेट खोला गया है बाद में सूचना विभाग से यह लिखकर आया गेट खुला है कार्य सुचारु रूप से चल रहा है। सहकारी गन्ना विकास समिति के सामान्य निकाय के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता पूर्ण संचालित है, गेट खुला है। मौके पर नगर मजिस्ट्रेट उपस्थित है। यह पोस्ट सूचना विभाग के द्वारा साइन 4:05 पर डाला गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली बचाओ मंच गोंडा के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



गोंडा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दोपहर 12:00 बजे से गांधी पार्क के प्रांगण में जनपद के विभिन्न विभागों के कर्मचारी धीरे-धीरे एकत्रित होकर हजारों की संख्या में सभा किया सभा की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व संचालन पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव ने किया धीरे-धीरे गांधी पार्क टाउन हॉल के सामने मैदान में हजारों की संख्या में कर्मचारी एकत्रित हो गए सिर्फ एक ही मांग पुरानी पेंशन का नारा गूंज रहा था सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने अन्य संपर्कों के अध्यक्ष महामंत्री व पदाधिकारी को बैच लगाकर व गमछा पहनकर स्वागत किया सभा को अटेवा के जिला अध्यक्ष अमर यादव ने संबोधित किया व अटेवा के मंडल महामंत्री गौरव पांडे विशेष बीटीसी के अध्यक्ष अनूप सिंह सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमीर अहमद सिंचाई संघ के अध्यक्ष व मंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री शिवराम शुक्ला शिक्षक संघ के आजाद बैग सतीश पांडे सहित सैकड़ो पदाधिकारी ने संबोधित किया एकत्रित कर्मचारियों ने धीरे-धीरे करके गांधी पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय के लिए हजारों की संख्या में निकले पुरानी पेंशन की मांग को लेकर नारा लगाते हुए सरकार से एक ही मांग कर रहे थे हमको यूपीएस के बदले श्रश्नह्य दिया जाए कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला संयोजक मनोज मिश्रा सहसंयोजक दिनेश मौर्य कर्मचारियों के पुरानी पेंशन को लेकर जनपद के हजारों सफाई कर्मचारियों को एकत्रित करते हुए शक्ति प्रदर्शन किया इस मौके पर संतोष यादव रवि गोस्वामी हरेंद्र सिंह जितेंद्र तिवारी रघुनाथ मौर्य राम सजीवन तिवारी अतुल तिवारी प्रदीप वर्मा धर्मेंद्र वर्मा लोकनाथ शुक्ला श्री प्रकाश मिश्रा लखन लाल पासवान धर्मेंद्र पांडे रामकरन वर्मा नींबू लाल अरविंद सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के लिपिक संतोष श्रीवास्तव सुरेश कुमार जिला विकास अधिकारी कार्यालय के रोहित कुमार सहित हजारों कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाली बाइक रैली



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश की ओर से बृहस्पतिवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शहर के गेंद घर मैदान से बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली में हजारों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट के धरना स्थल तक मार्च निकाला। इसके बाद सभी ने धरना प्रदर्शन किया सभी पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे थे। संघ में जिला संयोजक संदीप वर्मा ने कहा कि सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बंद कर कर्मचारियों के साथ धोखा दिया है। मंडल उपाध्यक्ष रत्नेश पाल ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है, उसे बंद कर पूरी तरह से झकझोर दिया गया है। उसे जल्द से जल्द सरकार बहाल करे। जिला कोषाध्यक्ष श्यामानंद यादव और जिला महामंत्री राकेश मौर्य ने कहा कि सरकार शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन बहाली योजना को लागू करें। प्रदर्शन के बाद सभी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सदर को सौंपा।

# आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : आयुक्त

▸ विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई : आयुक्त

▸ मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को मण्डलायुक्त सभागार में आयुक्त देवीपाटन ने मंडल के सभी जनपदों में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अगस्त माह में मंडल में कराए गए विकास कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में गोंडा जनपद को छोड़ अन्य तीनों जिलों के अधिकारी ऑनलाइन वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे। आयुक्त द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीएम कुसुम योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश, शादी अनुदान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, निराश्रित महिल पेंशन योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों में बच्चों का साथ प्रतिशत नामांकन किया जाये तथा उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। मिड डे मील की गुणवत्ता बेहतर रखी जाए तथा समय-समय पर अधिकारी विद्यालयों का निरीक्षण करते रहें। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को दूर किया जाए अध्यापकों की शत-शत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी डीएम व सीडीओ को गोवंशों के संरक्षण करने तथा उन्हें उचित पर्याप्त भूसा चारा पानी आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के तहत समस्त सीडीओ को निर्देश दिए पूरे जनपद में साफ सफाई अभियान चलाया जाए। पंचायती राज विभाग के द्वारा गांव गांव में साफ सफाई अभियान चलाया जाए। पोषण अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को पर्याप्त व बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जाए। सभी सैम और मैम बच्चे का रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने अपात्रों का राशन कार्ड निरस्त कर पात्रों का राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिलों के डीएम व सीडीओ के निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता वाले सभी विकास कार्यक्रमों की लगातार समीक्षा की जा रही है एवं लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विकास कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाने में कोई भी लापरवाही ना बरतें। शासन की मंशारूप सभी विकास कार्यक्रमों को धरातल तक पहुंचाएं। प्रत्येक वंचित व पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाए जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिल सके।

### शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से किया जाए संतुष्ट

समीक्षा बैठक में आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के प्रति गंभीर दिखे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर आने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।
शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। शिकायत पर बिना जांच के रिपोर्ट न लगाई जाए।
कार्याल्याधक्ष समय-समय पर शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता चेक करने के लिए शिकायतकर्ता से बात करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है कि शिकायतों के निस्तारण में बिल्कुल भी लापरवाही ना बरती जाए।
बैठक में अपर आयुक्त देवीपाटन, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एडी स्वास्थ सहित गोण्डा जिले के अधिकारी व अन्य जिलों डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारी वीसी में मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे लगे कटीले पेड़ों की नहीं हुई छंटाई

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



चालक हो रहे परेशान

विशेश्वरगंज से इकौना जाने वाली सड़क के दोनों तरफ लगे कटीले पेड़ पौधों की कई साल से साफ-सफाई नहीं हुई है। इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे बारिश के मौसम में बमूर, दरे और अन्य प्रजातियों के कटीले पेड़ पौधे उग जाते हैं। इन पेड़ पौधों की लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने कई सालों से साफ-सफाई नहीं कराई है। इससे यह पेड़ पौधे बड़े हो गए हैं। इस कारण वाहन चालकों को मोड़ पर पेड़ पौधों के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते। इससे हादसे की आशंका रहती है। सड़क किनारे लगे पेड़ पौधों के कारण वाहन चालकों को सबसे अधिक रात के समय होती है। सड़क किनारे लगी कटीली झाड़ियों में दूसरे वाहन को साइड देते समय दोपहिया वाहन जब सड़क के साइड में आते हैं तो बाइक पर पीछे बैठीं महिलाओं की साडियां में कटीली झाडियां उलझ जाती है। इस सड़क पर सैकडों वाहन गुजरते हैं। यह मार्ग क्षेत्र का सबसे व्यस्त मार्ग है। इसके बाद भी प्रशासन ने सड़क किनारे खड़ी कटीली झाड़ियों की साफ-सफाई नहीं की है। इस मार्ग पर कई अंधे मोड़ हैं। सबसे खतरनाक मोड़ पहुंचकट्टा व जलालपुर के बीच का है। इस मोड़ पर सड़क के दोनों तरफ बड़े-बड़े बमूर के पेड़ खड़े हैं। जिनके कारण सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते। इससे हादसे का डर रहता है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# दो वर्ष पहले हो चुकी है महिला मौत, फिर भी निकल गए खाते से 40 हजार रुपए

▸ शाखा प्रबंधक से बेटे ने की शिकायत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम सोहबतिया निवासी एक महिला की मौत के बाद भी उसके खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिया गया। बेटे ने बुधवार को बैंक पहुंचकर स्टेटमेंट निकलवाया। तब खाते से रुपये निकल जाने की जानकारी हुई। नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहबतिया के मजरा टाड़पुरवा गांव निवासी सुंदरी देवी पत्नी अमिरका प्रसाद का खाता संख्या 21516537181 इमामगंज में स्थित इंडियन बैंक में संचालित है। महिला की मौत 12 दिसंबर 2022 को हो चुकी है। महिला की मौत के बाद भी खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुत्र चंद्रिका प्रसाद बुधवार को जब बैंक पहुंचा तो मां के खाते में रुपए नहीं दिखा। इस पर उसने स्टेटमेंट निकलवाई तो जानकारी हुई कि 21 अक्टूबर 2023 को दो बार में 20/20 हजार रुपये निकाल लिए गए। इस पर उसने शाखा प्रबंधक को शिकायती पत्र दिया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक विपुल सिंह से बात करने के लिए फोन लगाया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इस मामले में लीड बैंक प्रबंधक जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह चेन्नई में हैं। सोमवार को पीड़ित को कार्यालय भेजें। समस्या का निदान करने का प्रयास किया जायेगा।

## अचानक धू-धू कर जलने लगा ट्रांसफार्मर, लोगों में मची अफरा-तफरी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** शहर के बाईपास मार्ग स्थित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में स्थापित ट्रांसफार्मर में गुरुवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ही कुछ देर में ट्रांसफार्मर जल गया। जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। शहर के बाईपास मार्ग पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय स्थित है। कार्यालय में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर स्थापित है। इससे क्षेत्र की आबादी को बिजली आपूर्ति दी जाती है। गुरुवार को बिजली सप्लाई के दौरान अचानक बिजली के ट्रांसफार्मर में आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर आपूर्ति बाधित करवाई। दमकल वाहन को भी सूचना दी गई। हालांकि कुछ देर में लोगों ने बालू और मिट्टी डालकर आग बुझा लिया। ट्रांसफार्मर जलने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

# जिस खूंखार भेड़िया की वन विभाग को तलाश, वह भी ड्रौन कैमरे में हुआ कैद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



वन विभाग को जिस लंगड़े खूंखार भेड़िया की तलाश थी, वह भी ड्रोन कैमरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने उसकी निगरानी के लिए टीम लगा दी है। अब छठे भेड़िया को पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।जबकि 45 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। भेड़िया के हमले को रोकने के लिए वन महकमा ने अब तक पांच भेड़िया को पकड़ा है। लेकिन सबसे खतरनाक और झुंड का सरदार लंगड़ा भेड़िया को अभी तक नहीं पकड़ पाया है। गुरुवार सुबह छठा भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हो गया। महसी के सिकंदरपुर इलाके में दिखा छठा भेड़िया दिखा है। जिसे वन लंगड़ा भेड़िया मान रहा है। कई दिनों से वन विभाग की टीम को छठा भेड़िया चकमा दे रहा है। छठा भेड़िया के ड्रोन कैमरे में कैद होने से उसके पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है। डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि एक भेड़िया ड्रोन में विचरण करते हुए दिखा है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

# एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ एक सप्ताह से वकीलों का एसडीएम के विरुद्ध चल रहा धरना

कैसरगंज तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने एसडीएम आलोक प्रसाद के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि एसडीएम का व्यवहार उनके प्रति दुर्व्यवहारपूर्ण है जिससे वे बेहद आहत हैं। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि जब तक एसडीएम अपने व्यवहार में सुधार नहीं लाते तब तक अधिवक्ता न्यायालय का बहिष्कार करेंगे और न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओ ने एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी की और उनकी कार्यशैली पर असंतोष व्यक्त किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद मिश्रा ने कि अधिवक्ता अपने मान-सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने में सक्षम हैं। विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र, महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा, विजय प्रताप सिंह, राज किशोर यादव, विनोद कुमार चौहान, वेद प्रकाश सिंह, सत्य शरण सिंह, सूर्यभान सिंह, नसीब खान, चित्रसेन सिंह, मनोज सिंह, बालक राम सरोज, दयाराम यादव, मनोहर लाल वर्मा, नारायण शर्मा, मनोज , सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर दूसरे जगह से हटा दिया अतिक्रमण

ग्रामीणों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के सराय जगना गांव में जिला प्रशासन की ओर से कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटवा दिया गया है। इस पर नया मामला सामने आया है, कोर्ट में वाद दायर करने वाली महिला और अन्य ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सभी का कहना है कि गाटा संख्या 92 में स्थित रस्ते की जमीन से कब्जा ही नहीं हटाया गया है।फखरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय जगना के वजीरगंज हदीशुल पत्नी बफाती ने रस्ते पर अतिक्रमण को लेकर उच्च न्यायालय में वाद दायर किया था। कोर्ट ने वजीरगंज बाजार में स्थित गाटा संख्या 92, 111 और 112 में अतिक्रमण था। जिसको हटाने के लिए कोर्ट ने आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को पुलिस और प्रशासन ने बुलडोजर की कार्यवाई की। जिसमें 23 मकान पूरी तरह तोड़ दिए गए हैं। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। कोर्ट में वाद दायर करने वाली महिला कई ग्रामीणों के साथ गुरुवार को डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र देने के लिए पहुंची। महिला और अन्य गांव के लोगों का कहना है कि कोर्ट के आदेश के विपरीत गाटा संख्या 92 में रस्ते की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अधिकारियों से मिलकर खेल कर दिया है। जहां अतिक्रमण हटना था, उसके बजाए दूसरे स्थान से अतिक्रमण हटवाने का काम किया गया है। गांव के लोगों ने बताया कि सिरौली गांव निवासी गप्पू खान, रसूलपुर निवासी जावेद खां पुत्र ईदू और आवेश को बचाने के लिए अन्य के मकान गिरा दिए गए हैं। इन लोगों के मकान छोड़ दिए गए हैं। सभी ने न्याय कर कार्यवाई की मांग की है।

# प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

▸ डीएम ने दिया निर्देश जिन शिक्षण संस्थाओं को बजट प्राप्त हो जाय वे तत्काल करा दें कार्य प्रारम्भ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि संस्था के अंश हेतु जनप्रतिनिधियों तथा क्षेत्र के गणमान्य व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भी सहयोग लेकर 30 सितम्बर तक प्रस्ताव उपलब्ध करा दिये जाये ताकि निर्धारित समय में शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया जिन शिक्षण संस्थाओं को बजट प्राप्त हो जाय वे तत्काल कार्य प्रारम्भ करा दें।डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण कराये जाने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर शिक्षण संस्थाओं, कार्यदायी संस्थाओं, उप समिति के सदस्यों व सम्बन्धित अधिकारियों को जोड़ ले ताकि डे-बाई-डे कार्य की समीक्षा भी होती रहे। डीएम ने निर्देश दिया कि ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर किन्ही कारणों से कार्य प्रभावित हो रहा है ऐसे विद्यालयों में योजनान्तर्गत गठित उप समिति के सदस्यों से भ्रमण करा कर आ रही बाधा को दूर कराया जाय। इस अवसर तारा गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रबन्धक एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, महाराज सिंह इण्टर कालेज के प्रबन्धक श्यामकरन टेकड़ीवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, सिडको के घनश्याम बिरला सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कर-करेत्तर राजस्व वसूली से सम्बन्धित विभागों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक कर मानक के अनुसार वसूली सुनिश्चित करायें। वसूली प्रमाण-पत्र के वापसी की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि किन्हीं कारणों से तहसीलों द्वारा वापस की गयी आर.सी. को सम्बन्धित पोर्टल से भी डिलीट कर डाटा को अनिवार्य रूप अद्यतन कर दिया जाय। डीएम ने कर-करेत्तर से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को बताया कि आर.सी. मिलान के लिए रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है सभी विभाग विशेषकर सभी बैंक आर.सी. का मिलान अवश्य करा लें। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने ई.ओ. को निर्देश दिया कि सभासदों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पीएम सूर्य घर योजना से अधिकाधिक व्यापारियों को जोड़ने का प्रयास करें तथा शट-डाउन की अवधि में फाल्ट को दुरूस्त कराया जाय ताकि आमजन को समस्या न आये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सरयू नहर खण्ड के नोडल अधि.अभि. दिनेश कुमार, अधि.अभि. विद्युत शैलेन्द्र कुमार, अधि.अधि. न.पा.परि. बहराइच प्रमिता सिंह, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# हल्का लेखपाल की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के थाना छपिया अन्तर्गत ग्राम तालगंज ग्रिंट के लेखपाल स्वामीनाथ तिवारी क़ी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध सार्वजनिक सम्पति नुकसान निवारण अधिनियम 3(2)(क) उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्ष का संरक्षण अधिनियम 4/10 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की खलिहान क़ी सरकारी भूमि में सागौन के चार कीमती वृक्ष लगे थे। बीते 21 सितंबर को अज्ञात लोग उसमे से दो वृक्ष काटकर बोटा बना चुके थे। डायल 112 क़ी पुलिस पहुंचने क़ी वजह से वृक्ष काट रहे लोग मौके से फरार हो गए। लेखपाल ने वृक्ष काटने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किये जाने क़ी मांग क़ी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक छपिया ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई क़ी जा रही है।

# युवा जोश व तजुर्बे का समायोजन अपराधियों पर पड़ रहा भारी

अभय सिंह।

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। कहते हैं यदि चौकीदार सतर्क है तो चोरिया नहीं हो सकती। जी हां रायबरेली का कुछ ऐसा ही माहौल देखने को मिल रहा है पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने जब से जिले की कमान संभाली है पुलिस के काम करने का तरीका ही बदल गया है जो पुलिस अभी तक चोरियों के खुलासे में पीछे चल रही थी वही पुलिस नए कप्तान के दिशा निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में बीते महीनों से हो रही चोरियों पर से पर्दा उठाया शुरू कर दिया है।

लगभग कई महीनो से जिले में अपराध के ग्राफ में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही थी चोरी छिनैती हत्या लूट जैसे जघन्य अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा था और इन अपराधों की वजह से रायबरेली पुलिस पर से लोगों का विश्वास उठ रहा था कहीं ना कहीं इसकी गूंज लखनऊ तक पहुंची और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के कप्तान को बदल दिया गया। नए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह को जिले की कमान सौंपी गई जिसके मायने भी देखने को लगातार मिल रहे हैं।

- दतिया के चोर रायबरेली को रहे हैं झकझोर
- सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह





### चूड़ी बेचने नहीं रेकी करने आई थीं महिलाएं

अगर आप के गांव में कोई चूड़ी पहनाने वाली महिला फेरी करते हुए आये तो होशियार रहिये। चूड़ी बेचने वाली यह महिलाएं दतिया के पारदी गैंग की सदस्य हो सकती है। रायबरेली पुलिस ने इसी गैंग के आठ सदस्यों को पकड़ा है जिन्होंने पांच थाना क्षेत्र में सात चोरियों और टप्पेबाज़ी की घटनायें स्वीकार की हैं। चूड़ियाँ पहनाने वाली यह महिलाएं आप के घर की पूरी भौगोलिक स्थिति अपने दिमाग में उकेर लेती है फिर चोर गैंग को सटीक जानकारी देती हैं। पुलिस के मुताबिक मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले चोरों का यह गैंग पारदी गैंग के नाम से संचालित है। पुलिस पिछले दिनों लालगंज थाना इलाके में ज्वेलरी शॉप से बैग लेकर भागे टप्पेबाज़ों की तलाश में जुटी थी तभी यह गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने इस गैंग के कब्ज़े से अवैध तमंचे व अपराध के लिए इस्तेमाल होने वाली बैकों समेत चोरी का सामान व नगदी बरामद की है।

### जुगलबंदी से अपराध होगा कम

पुलिस के द्वारा किए जा रहे ताबड़तोड़ खुलासों को लेकर और बीते कुछ महीनो से थानों तक सीमित पुलिस, जो अब लगातार सड़कों पर दिख रही है वाहन चेकिंग कर रही है साथ ही अपराध के ग्राफ को भी काम करने की कोशिश कर रही है जिसका श्रेय कहीं ना कहीं रायबरेली पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व को जाता है। लोगों के द्वारा चर्चा आम है और कहां जा रहा है कि जब से नए पुलिस कप्तान आए हुए हैं पुलिस की सक्रियता देखने को मिल रही है जबकि यह वही पुलिस है जो अभी तक अपराध नियंत्रण पर लगाम नहीं लगा पा रही थी।

# विश्व स्तर पर रायबरेली का नाम रोशन कर रहे आनंद प्रताप



रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली में कार्यरत एक फायर फाइटर ने विश्व स्तर पर रायबरेली जिले का नाम रोशन किया है। मूल रूप से उन्नाव जिले के रहने वाले फायर कर्मी आनंद प्रताप सिंह इस समय लालगंज तहसील में फायर स्टेशन में बतौर ड्राइवर के पद पर कार्यरत हैं। डेनमार्क के अल्बर्ग में 7 से 14 सितंबर तक आयोजित हुई 15वें फायर फाइटर गेम्स आयोजित किये गए। जिसमे दुनिया भर के 57 देशों के फायर ब्रिगेड सर्विस में काम करने वाले करीब 4 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे भारत से 20 और यूपी से कुल 3 फायर फाइटर ने अलग अलग खेलों में प्रतिभाग किया। आनंद प्रताप सिंह ने हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो सहित 100×4 मीटर की रिले रेस में गोल्ड मेडल हासिल करके जिले के साथ अपने विभाग का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी आनंद प्रताप सिंह का कहना है कि विश्व स्तर कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए उन्होंने अपने एक डेढ़ से दो लाख रुपए खुद के खर्च से वहन किए है। अपनी उपलब्धि पर अभय सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, फायर स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार सिंह सहित सभी विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग को श्रेय दिया है।

## खबरें एक नजर में

### रुक्मणी विवाह की झांकी देख भाव विभोर हुए दर्शक

**तुलसीपुर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ बाबा उत्तम दास उदासीन आश्रम तुलसीपुर में चल रहा है। कानपुर नगर से पधारी सरस कथावाचिका रुचि शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया व आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान जगतमणि तिवारी, मनीष, नीलम तिवारी परिवार, पुजारी उदयभान शुक्ला और महंत शिव दर्शन दास ने दीप प्रज्जवलित किया। भागवत आरती में चमन, पिंटू सिंह, सवतेष, रामजी तिवारी, विक्की, आयुष, कैलाश गुप्ता, शिवनाथ गुप्ता, सुशील गुप्ता, मोनू, पिंटू सोनी, मनीराम गोस्वामी, मुन्ना, शिवम, राधे, आदि मौजूद रहे। आयोजक व यजमान जगतमणि तिवारी ने बताया कि कल उदासीन आश्रम पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### मौसम ने ली अंगड़ाई प्रचंड गर्मी से मिली राहत



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहने व दोपहर में बारिश की लहरों एवं रिमझिम फुहारों ने क्षेत्र वासियों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत दी। करीब आधा घंटे तक बारिश की लहरें आती और जाती रही। सितंबर की तेज धूप व उमस ने लोगों को बेहाल कर रही था। लोग बारिश की आस में दिन काट रहे थे। पिछले कई दिनों से दिन तेज धूप, उमस एवं चिपचिपी गर्मी का सितम जारी था। गर्मी की वजह से लोग पसीने से तर बतर हो रहे थे। इसी बीच गुरूवार को सुबह से ही मौसम ने करवट बदली। आसमान पर बादल छाए रहे। दोपहर में बारिश की लहरों ने मौसम को खुशनुमा कर दिया। रिमझिम फुहारें करीब आधा घंटे तक बरसती रही। इस दौरान ठंडी हवा भी चली। इससे लोगों को उमस से राहत मिली।

### यातायात व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ व सुचारु बनाने के लिए सभी ई-रिक्शा की कराई गई नम्बरिंग



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा जनपदीय यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुचारु व सुदृढ़ बनाने के लिए दिए गए निर्देश के क्रम में यातायात पुलिस द्वारा सभी ई-रिक्शा की नम्बरिंग की जा रही है। सभी ई-रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन यातायात पुलिस द्वारा किया जा रहा है। जिससे ई-रिक्शा द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्घटना करने पर, यातायात उलंघन या किसी आपातस्थिति में आम-जनमानस द्वारा ई-रिक्शा पर लिखे नम्बर को आसानी से पढ़ा जा सके तथा यातायात पुलिस को बताकर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही कराई जा सके। सामान्यत: ई-रिक्शा का नंबर प्लेट बहुत छोटा होता है जिसे कोई व्यक्ति ठीक से पढ़ नहीं पाता, ष्ह्ल1 में भी ट्रेस करना कठिन होता है! इसीलिए सभी ई-रिक्शा के आगे पीछे बड़े अक्षरों में नंबरिंग किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था/सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, शहर में जाम की समस्या से निजात पाने हेतु निर्धारित रूट व्यवस्था के अनुपालनार्थ ई-रिक्शा चालकों निर्धारित रूट पर ही चलने हेत निर्देशित किया गया। इस दौरान सभी को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में भी जागरुक किया गया।

### पुलिस की सक्रियता से बची युवती की जान



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आत्महत्या करने जा रही लड़की को लालगंज थाना क्षेत्र के बहाई चौकी के सिपाहियो ने जान बचाई बताया जा रहा है की लड़की मां की डांट से नाराज होकर रेलवे ट्रैक की तरफ जा रही थी जैसे ही सामने से रेल का इंजन आते देख लड़की रेलवे ट्रैक पर खड़ी हो गई जैसे ही सिपाहियो को नजर लड़की पर पड़ी तो दौड़ कर सिपाहियो ने रेलवे लाइन से लड़की को हटाया जिसके बाद पूछताछ में लड़की ने बताया की वो आत्महत्या करने जा रही थी क्योंकि आज उसकी मां ने उसे जमकर फटकार लगाई है जिस बात से नाराज होकर मैंने मरने का फैसला किया था जिसके बाद सिपाहियो ने लड़की की मां को बुला कर लड़की सौप दी जिससे सिपाहियो की चारो ओर सराहना हो रही है।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड क्षेत्र के सफाई कर्मियों के द्वारा पेंशन बहाली की मांग को लेकर रायबरेली जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए जाते समय विकासखंड परिसर में किया प्रदर्शनद्य बृहस्पतिवार दोपहर 2:00 बजे विकासखंड के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा अटेवा संगठन के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विकासखंड में प्रदर्शन किया गया। और उसके बाद जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। विकासखंड सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा कि सत्ता में बैठे हुए सांसद व विधायक जितनी बार वह विधायक बनते हैं, उतनी बार की पेंशन उन्हें दी जाती है। नेताओं को चार-चार, पांच- पाच पेंशन लेने का अधिकार हैद्य परंतु कर्मचारियों के हितों को सरकार बिल्कुल नजरअंदाज कर रही है। मजबूर होकर सफाई कर्मचारी संघ आंदोलन करने पर विवश हो रहा है। इस मौके पर विकासखंड क्षेत्र के समस्त सफाई कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया।

# बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ऑटो चालकों की मनमानी इस समय महराजगंज कस्बे में ऑटो चालकों का आतंक कायम है कस्बे के मुख्य रास्ते में बेतरतीब ढंग से खड़ा करके सवारियां भरते हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब से बैटरी रिक्शा का चलन बढ़ा है महराजगंज में जाम की समस्या आए दिन बनी रहती है।लोग चोटिल हुआ करते हैं क्योंकि इनका कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां पाते हैं वहीं से सवारियां भरना शुरू कर देते हैं उसके बाद आती है चौधरी की बस जो महराजगंज बछरावां मार्ग को पूरी तरह से अवरोध कर देती है जिससे जहां लोग वाहनों को चलाने में असुविधा होती है। तो व्यापारियों के व्यापार पर भी फर्क पड़ता हुआ दिखाई पड़ता है।

लेकिन इनकी कहानी जिन्हें रोकना चाहिए वह खुद उनके साथ मिलकर महराजगंज में जाम की समस्या बनाए हुए हैं और इन्ही जिम्मेदारों के बल पर चाहे वह बस हो या ई रिक्शा हो अगर लोग कहते हैं तो यह लोग उनसे झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं। महराजगंज कोतवाली पुलिस दिनभर केवल इन ऑटो चालको और बस को देखकर आंख बंद करना मुनासिब समझता हैं। क्योंकि शायद कहीं इनके संबंध अगर ऑटो चालको और बस से गड़बड़ा गया तो उनकी झोली खाली ही रहेगी अब देखने वाली बात यह है कि महराजगंज में ऑटो व बसों पर कोई कार्यवाही होती है या नहीं या फिर नहीं सालों की समस्या इसी तरह नगर में बनी रहेगी जिसे देखने वाला ना कोई जनप्रतिनिधि है ना ही कोई अधिकारी क्योंकि चालकों को चाहिए केवल सवारी।

# घर में घुस कर चोर ने नगदी जेवर समेत पांच लाख किये पार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

घर में पीछे बनी दीवाल को फांदकर घर के अंदर प्रवेश किया और कमरे के अंदर रखे हुए बक्से व अलमारी के ताले तोड़कर नगदी व जेवरात लेकर चोर फरार हो गए घर के सदस्यों को जब तक भनक लगती तब तक चोर आंखों से ओझल हो गए घर के पीछे बक्सा टूटा हुआ पाया गया जिसका ताला टूटा हुआ था सामान बिखरा था। चोरी की घटना की जानकारी होते ही परिजनों की सूचना पर सुबह पीआरबी मौके पर पहुंच गई डलमऊ पुलिस ने पहुंच कर भी जांच पड़ताल की है एक के बाद एक हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से पुलिस की नाकामी भी सामने आ रही है आए दिन मोबाइल छिनैती व चोरी की घटनाओं ने पुलिसिंग व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है पुलिस रात्रि अगस्त के बजाय वसूली में व्यस्त रहती है डलमऊ कोतवाली के सूरजपुर बनापार में तेजवती के घर में बुधवार की रात को घर के पीछे बनी हुई दीवाल को फांदकर चोरो ने प्रवेश किया कमरे के अंदर रखी हुई अलमारी के ताले तोड़ दिए बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे हुए महिलाओं के लगभग 5 लाख के जेवर उठा ले गए तेजवती ने डलमऊ पुलिस को तहरीर देकर घटना की जानकारी दी है पीड़ित का आरोप है कि 20000 नगदी सहित लगभग 5 लाख के जेवर चोरी हुए हैं।

### ताबड़तोड़ चोरी व लूट की घटनाओं से लोग सहमे

लगातार हो रही ताबड़तोड़ चोरियों से लोग सहमे हुए हैं पुलिसिंग व्यवस्था से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है वसूली में व्यस्त पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है एक के बाद एक हो रही चोरी लूट व छिनैती की घटनाओं से लोग परेशान हैं पुलिस एक के बाद एक घटना को छिपाने का भरकश प्रयास कर रही है एक सप्ताह के भीतर राह चलते मोबाइल छिनैती की कई घटनाएं हो चुकी है मुराई बाग चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर जा रहे युवक से बाइक सवार लोगों ने मोबाइल छीन लिया शिकायत करने पहुंचे युवक को चौकी इंचार्ज ने धमका कर भगा दिया मंगलवार को मधुकरपुर पेट्रोल पंप के निकट पल्सर सवार दो युवकों ने एक युवक से मोबाइल छीन लिया और गायब हो गए पुलिस ने पीछा भी किया लेकिन पकड़ में नहीं आए अंत में पुलिस ने घटना को दबाने का भरकश प्रयास किया बुधवार को सूरजपुर बनापार पुल के पास साइकिल से जा रहे एक किशोर से बाइक सवार दो युवकों ने मोबाइल छीन लिया लेकिन पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना को स्वीकार नहीं किया मंगलवार की रात को गिरधरपुर में चंद्रिका प्रसाद के घर से चोरों ने चार लाख की नगदी पार कर दी डलमऊ पुलिस को शाम तक चोरी की घटना की जानकारी ही नहीं थी बुधवार को एक बार फिर चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए सूरजपुर बनापार में 5 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### गस्त करती रही पुलिस

बुधवार की रात को सूरजपुर बना पहाड़ में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया वहीं पर 2 किलोमीटर के अंतर में दो जगह पर जेसीबी से चल रहे आवाज खनन को लेकर पुलिस रात भर ग्रस्त करती रही और खनन माफिया आराम से ट्रैक्टर ट्राली बजे एसीबी से मिट्टी की धुलाई करते रहे लोगों का कहना है कि खनन में पुलिस का पूरा संरक्षण रहता है शिकायत करने पर कुछ देर के लिए खनन बंद कर दिया जाता और बाद में फिर चालू हो जाता है पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं करती है।

# घर घर जल व हर घर जल पहुंचाने के आदेशों को अधिकारी दिखा रहे ठेंगा

**सादुल्लानगर (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

हर घर जल पहुंचने के लिए चल रही जल जीवन मिशन में लापरवाही के ग्रहण के साथ अब बारिश का भी ब्रेक लग गया है गांव के सापेक्ष अभी तक लगभग दो दर्जन गांवों में ही परियोजना पूरी हो पाई है । गांव में आधा अधूरा पड़ा है। कहीं टंकी बनी तो कहीं गड्ढा खोदने के बाद पाइप नहीं डाली जा सकी। यही नहीं गांव में टंकी बनवाने पाइप डालने के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए। बारिश शुरू होने के बाद अब इन खुले गड्ढों में पानी भर गया है। जिसमें फंसकर ग्रामीण हादसे का शिकार हो रहे हैं। जल जीवन मिशन में 81 ग्राम पंचायत में पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन के जरिए घर-घर पानी पहुंचाने के लिए सड़क की पटारियो से लेकर गांव की गलियां तक खोद डाली गई। भूमि चयनित ना होने अवैध कब्जे के चलते परियोजनाएं पीछे गई। जिसका परिणाम रहा। गांव में जिला पूर्ति शुरू होकर बाकी गांव में कहीं खुले गड्ढे पाइप डालने की राह देख रहे हैं। तो कहीं टंकियां अधूरी पड़ी है। बारिश के चलते अब कार्य रुक गया है। यहां कार्य नहीं सका बल्कि अधूरा कार्य ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। रेहरा बाजार के न थ ईपुर कानूगों, जखौली, कुरथुआ खानपुर, मद्दोघाट व देवरिया, परसिया, लालपुर भलुहिया, देवरिया इनायत व मनुवागढ गांव में पानी टंकी अधूरा पडा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दो साल से टंकी नहीं बन पाई है। और न ही पाइप बिछी यही हाल अन्य ग्रामों में है। जहां अधूरे कर ग्रामीणों की मुश्किल बढ़ा रहे हैं। अक्टूबर में बारिश खत्म होने के बाद यदि कार्य शुरू भी हुआ। तो जल निगम का काफी कार्य बाकी होने के कारण इस साल पानी नहीं दे पाएगा। ग्रामीणों ने पानी की टंकी पूर्ण कराने की मांग की है।



सादुल्लानगर के नथईपुर कानूनगो में अधूरी पानी की टंकी

# टेलीकॉम कंपनियों का खेल सारा क्या करें उपभोक्ता बेचारा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सिर मुड़ाते ओले पड़ने की कहावत टेलीकाम उपभोक्ताओं पर सटीक बैठ रही है। एक तो रिचार्ज में अंधाधुंध महंगाई करके उपभोक्ताओं का जेब ढीली कर रही कंपनियां तो वहीं व्यवस्था के नाम पर उपभोक्ता झुनझुना बजाते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

इस समय टेलीकॉम कंपनियों के नेटवर्क 5 प्रतिशत की गारंटी लेने वाले 2 प्रतिशत का भी नेटवर्क नहीं दे पा रहे हैं। महराजगंज कस्बे में किसी तरह नेटवर्क चल जाता है लेकिन आप जैसे ही गांव की तरफ बढ़ेंगे तो नेटवर्क के नाम पर टेलीकॉम कंपनियां मजाक करती हुई दिखाई पड़ रही है।

एक तरफ रिचार्ज के दाम आसमान छू रहे हैं वही 28 दिन का रिचार्ज कंपनियों द्वारा किया जाता है जैसे ही 1 मिनट इधर उधर हुआ व्यवस्था बंद कर दी जाती है। टेलीकाम कंपनियां सिम कार्ड धारकों को अच्छी व्यवस्था ढिंढोरा पीटती नजर आती हैं। टेलीकॉम कंपनियां सिर्फ घुमा के कान पकड़ना ही जानती हैं। सरकार को टेलीकॉम कंपनियों के विषय में सोचना चाहिए और नेटवर्क ना देने की स्थिति में इन पर कार्यवाही करनी चाहिए।



टेलीकॉम कंपनियों के जो टावर खड़े हैं उनकी फ्रीक्वेंसी इंक्रीज धीमी कर दी जाती है की मोबाइल सिर्फ सर्च करते रहते हैं और कार्य कोई नहीं होता यहां तक की टेलीकॉम कंपनियों के शिकार बैंक सहज जन सुविधा केंद्रो सहित सरकारी व प्राइवेट संस्था सभी हो जाते है

क्या रिलायंस जिओ नाम की कंपनी है जिसका नेटवर्क महराजगंज क्षेत्र में सबसे अधिक खराब रहता है 5 प्रतिशत की गारंटी लेने वाली कंपनी 4 प्रतिशत में ही रखती है क्योंकि जैसे ही डाटा खत्म होता है।उपभोक्ता तुरंत रिचार्ज करवाता और उनकी जेब गर्म हो वही एक व्यवस्था और जिओ कंपनी ने किया है। आप घरों में उनके कंपनी का उपकरण लगाइए और पूरे घर को एक ही कंपनी में बांधने का काम कर रहे हैं जिससे उपभोक्ता दो तरफ से लूटा जा रहा है।

# बिजली के खंभों में करंट उतरने का खतरा, नागरिकों की सुरक्षा पर मंडराता संकट

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

बिजली के लोहे के खंभों में करंट उतरने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह समस्या नगर के कई हिस्सों में देखी जा रही है, जहां नमी और पानी के संपर्क में आने से बिजली के खंभों में करंट उतरने की घटनाएं बढ़ने का अंदेशा है। इस स्थिति ने नगर के निवासियों और पशुओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिजली विभाग की लापरवाही और खंभों की मरम्मत न होने की वजह से यह स्थिति और चिंताजनक हो गई है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि बारिश के मौसम में पूर्व में कई बिजली के खंभों में करंट उतरने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे उन्हें अपने घरों के बाहर गए बच्चो के लिए डर महसूस हो रहा है। इस समस्या की वजह से विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा और बढ़ गया है। लोग चिंतित हैं कि अगर समय रहते बिजली विभाग इस समस्या का समाधान नहीं करता है, तो किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

बिजली विभाग ने हालात की गंभीरता को समझते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे बारिश के दौरान और बाद में बिजली के खंभों और खुले ट्रांसफार्मर से दूरी बनाए रखें। विभाग का कहना है कि खंभों में करंट आने की घटनाएं बढ़ सकती हैं, खासकर जब वे लोहे के होते हैं और नमी के संपर्क में आते हैं। विभागीय अधिकारियों ने निवासियों से आग्रह किया है कि वे किसी भी अनहोनी से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें।

उतरौला बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई हिस्सों में खुले ट्रांसफार्मर भी नागरिकों के लिए एक बड़ा खतरा बन रहे हैं। बारिश के दौरान ट्रांसफार्मर के आस-पास पानी जमा हो जाता है, जिससे उसमें करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इस संबंध में मोहल्ला गांधीनगर पानी के टंकी के पास के निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग ने खुले ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिससे लोगों की जान खतरे में पड़ रही है।



### स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि पिछले कई दशकों से यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन इसके समाधान के लिए कोई स्थायी कदम नहीं उठाए गए हैं। कई जगहों पर बिजली के खंभे जर्जर हो चुके हैं और उनमें कभी भी करंट उतर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद, प्रशासन की ओर से केवल चेतावनी जारी की जाती है, लेकिन कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जाते। नागरिकों की मांग है कि बिजली विभाग और प्रशासन मिलकर इस समस्या का तुरंत समाधान करें। खंभों की नियमित जांच की जाए और जहां आवश्यकता हो, वहां खंभों की मरम्मत या उन्हें बदलने का कार्य किया जाए। साथ ही, खुले ट्रांसफार्मर को सुरक्षित तरीके से ढकने और उनके आस-पास की जगहों को साफ-सुथरा रखने की भी आवश्यकता है, ताकि पानी जमा न हो और करंट का खतरा न बढ़े।

# डीएवी इंटर कालेज में विज्ञापन प्रदर्शनी आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



आज डी ए वी इंटर कालेज बलरामपुर मे कक्षा 11 व 12 विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा एक विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल के माध्यम से आधुनिक विज्ञान को प्रस्तुत किया तथा भविष्य में विज्ञान की अपार संभावनाओं और उसके सदुपयोगिता को दर्शाया विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे प्रबंधक संजय तिवारी विशिष्ट अतिथि व निर्णायक (जज) के रूप में एमएलके पीजी कॉलेज महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव तथा सुश्रीअदिति राठौर प्रवक्ता भौतिक विज्ञान गर्ल्स इंटर कॉलेज, दिलीप श्रीवास्तव पूर्व प्रवक्ता रसायन शास्त्र डी ए वी इंटर कॉलेज तथा विद्यालय के विज्ञान वर्ग के अध्यापक सुरेंद्र यादव सर विनय तिवारी सर राजेंद्र श्रीवास्तव सर विनय वर्मा सर वंदना पांडे आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मच्छरों के प्रकोप से उतरौला नगर में बीमारी फैलने की आशंका

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप बेहद तेजी से बढ़ रहा है, जिससे वहां के स्थानीय निवासी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के डर में जी रहे हैं। मलेरिया, डेंगू, और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों के बढ़ते खतरे ने कस्बे के लोगों को विशेष रूप से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि नगर पालिका प्रशासन की ओर से नियमित रूप से फागिंग और दवा छिड़काव जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की अनदेखी की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप मच्छरों की संख्या बेतहाशा बढ़ गई है।

कस्बे के कई निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से उनके घरों और आस-पास के क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। विशेषकर शाम के समय मच्छरों का हमला इतना बढ़ जाता है कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर इस समस्या का खासा प्रभाव पड़ रहा है, जिससे वे बीमारियों की चपेट में आने का डर महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासी विकास का कहना है, हमारे घरों में दिन-रात मच्छरों का हमला हो रहा है। हम अपने बच्चों को बाहर खेलने तक नहीं भेज सकते। नगर पालिका की ओर से नियमित दवा का छिड़काव व फागिंग नहीं हो रही है।

नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा सफाई और फागिंग जैसी मौलिक सेवाओं की अनदेखी की जा रही है। कस्बे के कुछ हिस्सों में गंदगी और जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जो मच्छरों के लिए प्रजनन स्थल बन गए हैं। इस गंदगी की वजह से न केवल मच्छरों की संख्या बढ़ी है, बल्कि अन्य संक्रमणकारी बीमारियों का भी खतरा मंडरा रहा है। एक अन्य निवासी, सुनीता देवी ने बताया, नगर पालिका को इन मुद्दों पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अगर समय पर फागिंग और सफाई का काम नहीं किया गया, तो डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ फैल सकती हैं। नागरिकों ने अपील की है कि स्थानीय प्रशासन इस गंभीर समस्या का तुरंत संज्ञान ले और फागिंग के साथ-साथ नियमित सफाई अभियानों को तेज करे। साथ ही, जलजमाव वाले क्षेत्रों में विशेष सफाई और मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यदि यह समस्या समय रहते हल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियाँ महामारी का रूप ले सकती हैं, जिससे पूरे इलाके के लोगों का जीवन संकट में पड़ सकता है। इस संबंध में जब आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वैसे तो नगर के पच्चीसों वार्डों में दवा का छिड़काव और फागिंग नियमित रूप से कराया जा रहा है लेकिन यदि किसी भी वार्ड में कोई समस्या है तो उसका निराकरण तत्काल किया जाएगा।

# श्रीराम अवतार का प्रसंग सुन भावविभोर हुए भक्त

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को बाबा श्री दुःख हरण नाथ मंदिर परिसर में श्रीराम चरित्र मानस कथा के पंचम दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पवित्र अवसर पर महंत मयंक गिरी जी महाराज और ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कथा का शुभारंभ किया, जबकि मुख्य यजमान सरंजीत सैनी और संजय गुप्ता (कठेर) ने विधिपूर्वक पूजन किया।

अयोध्या धाम के नया घाट वशिष्ठ भवन से पधारे संत सर्वेश जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से भक्ति और ज्ञान की वर्षा की। उन्होंने श्रीराम अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि कैसे चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ ने अपने गुरु वशिष्ठ जी के मार्गदर्शन में महर्षि श्रृंगी ऋषि के द्वारा पुत्रकामेष्ठि यज्ञ करवाया, जिसके फलस्वरूप भगवान राम का अवतार हुआ। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रोतागण भक्ति भाव में डूब गए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिनमें मुख्य रूप से आलोक गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, संस्कार गुप्ता, दीपक गुप्ता, अजय चौरसिया, नीरज कसेरा, मनोज कसेरा, श्रवण सोनी, बलराम कौशल, विजय श्रीवास्तव, महेश गुप्ता, रामनाथ गुप्ता, विशाल गुप्ता, संतोष कुमार सोनी, बबलू गुप्ता, अरुण साहू, नितिन झा और शिवम कौशल प्रमुख थे।

## नागरिक करें देशभक्तों का तर्पण

शीर्षक में दिया सुझाव प्रेरक लग सकता है। देशभक्ति के ज्वर में यह भी क्यों न हो! श्राद्ध और पितरों के तर्पण के मामले में लोग पहले से अधिक जानकार हो रहे हैं। इस कार्य में व्यापकता आई है। परंपराएं बताती हैं कि जिनके वशंज नहीं हों, ऐसे लोगों का तर्पण उनके जानने वाले कर सकते हैं। जिनके निधन की तिथि पता न हो, उनका तर्पण अमावस्या के दिन करने का विधान है। इस बार अमावस्या 02 अक्टूबर को है। संयोग ही है कि यह महात्मा गांधी और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। संभव है कि गांधी-शास्त्री के परिजन अपने पितरों का तर्पण करते हों। हम भी करें, तो हर्ज नहीं। फिर यह सुझाव तो ऐसे सभी सेनानियों और सीमाओं पर बलिदान देने वालों के लिए है। महाभारत के तेरहवें अध्याय में जरत्कारु ऋषि का संदर्भ आता है। संन्यासी जरत्कारु को पेड़ से लटकती आत्माएं दिखीं। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके कुल में एक ही व्यक्ति बचा है और वह जरात्कारु है। वह तर्पण करे तो आत्माओं को शांति मिले। इस पर ऋषि पुनः गृहस्थ हुए और उन्होंने पितरों का तर्पण सम्पन्न किया। कहने का आशय यह कि जिनके वंशज किसी कारण श्राद्ध नहीं कर सके अथवा जिन्होंने देश-समाज के लिए अविवाहित रहते अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनका तर्पण कौन करे। परंपराएं ही बताती हैं कि श्राद्ध स्थलों पर उन आत्माओं का भी तर्पण किया जाता है, जो आपसे किसी भी तरह जुड़े रहे हों। ऐसे लोग आपके आसपास के अथवा आपके अनुचर भी हो सकते हैं। यहां तक कि पालतू पशुओं तक के तर्पण का विधान है। यहीं रुककर सोचिए, जिन्होंने देश-समाज के लिए अपना बलिदान किया, उनका तर्पण हम क्यों न करें। आखिर देश के लिए समर्पित हर व्यक्ति हमारा ही तो है। एक तर्क आड़े आता है कि क्या किसी भी तरह का तर्पण उन लोगों तक पहुंचता है, जिनके लिए यह किया जाता है। यहीं पर 'श्राद्ध' शब्द से संतुष्टि मिलती है। हमारे यहां परंपराओं का विरोध फैशन-सा हो गया है। यहां कुछ तथ्य ध्यान में लाना चाहिए। क्या जो लोग कथित रुढ़ियों से तंग आकर धर्म परिवर्तन करते हैं, नयी जगह जाकर वहां की परंपरा का पालन नहीं करते! किसी भी पश्चिमी देश का उदाहरण लें। क्या किसी के चित्र के सामने फूलों का गुच्छा रखना उसकी आत्मा के प्रति श्रद्धा नहीं है। इस पुनीत कार्य को पूरी तरह समझना तभी सम्भव हो पाता है, जब हम इसके उद्देश्य पर ध्यान दें। एक मनःस्थिति में यह लग सकता है कि इस तरह के कर्मकांड निराधार हैं। उसी तरह जैसे श्राद्ध के नाम पर फिजूलखर्ची। आमतौर पर उधार लेकर भी शादी-ब्याह की भव्यता के समाचार मिलते रहते हैं। जिन्होंने अपने माता-पिता को परेशानियों में भी अपनी संतानों के विवाह में खर्च करते देखा है, वे भला क्या करें। ऐसे माता-पिता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का मामला हो तो वे पीछे कैसे रहें। फिर भी यह सवाल काफी हद तक सही भी है कि कर्ज लेकर पितरों के तर्पण से क्या पितृगण प्रसन्न होंगे? जवाब भी परंपराओं में ही है। जरूरी नहीं कि आप तर्पण के लिए विशेष स्थानों पर ही जाएं। पास के जलाशय अथवा वह भी दूर होने पर घरों में बैठ कर भी यह सम्पन्न किया जा सकता है। श्रद्धा से ही श्राद्ध है, फिर श्रद्धा कहीं से भी व्यक्त करें! ऐसी श्रद्धा देशभक्तों के लिए भी हो!

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर



**(विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष)**

**देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई में पर्यटन उद्योग का खासा महत्व है। पर्यटन आज लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी भी यहां आते हैं। देशी पर्यटक बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है।**

**रमेश सर्राफ धमोरा**

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत की और 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई में पर्यटन उद्योग का खासा महत्व है। पर्यटन आज लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी भी यहां आते हैं। देशी पर्यटक बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहों, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्रीधारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं, पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है। असल में पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास दो चार बस या कार हो। आप ट्रैवल एजेंट के तौर पर बुकिंग कर अन्य बस आपरेटरों से बस किराए पर लेकर भी टूर आयोजित करवा सकते हैं और अच्छा खासा कमीशन कमा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थलों तक आदि मुख्य है। अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है। आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

**विचार**

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी

**आर.के. सिन्हा**



अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए?

यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे।

वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है।

सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है।

मैं मानता हूं कि समय आ गया है कि माता-पिता और स्कूल के अध्यापक बच्चों से सोशल मीडिया के बारे में नियमित रूप से खुली बातचीत करें। उन्हें इसके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में बताएं। हमें बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों के बारे में भी लगातार प्यार से पूछताछ करनी चाहिए। उन्हें खेलों के अलावा संगीत, नृत्य या किसी अन्य मनोरंजक गतिविधियों से जोड़ा जा सकता है।

नोएडा में भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी अनादि बरूआ बच्चों को फुटबॉल की कोचिंग देते हैं। इसी तरह से साउथ दिल्ली में मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी और बैडमिंटन रैफरी तुलसी दुरेजा बच्चों को बैडमिंटन के गुर बताते-सिखाते हैं। अनादि बरूआ और तुलसी दुरेजा जैसे पूर्व खिलाड़ी देश के सभी छोटे-बड़े शहरों में कोचिंग दे रहे हैं। वे बहुत मामूली-सी फीस लेते हैं। माता-पिता को चाहिए कि वह इस तरह के नामी खिलाड़ियों के पास अपने बच्चों को ले जाएं। जाहिर है कि जब बच्चे खेलेंगे तो उनके पास सोशल मीडिया के लिए वक्त ही नहीं बचेगा। बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। मैं मानता हूं कि अगर परिवार के सदस्य पहले की तरह एक साथ खाने, खेलने और बातचीत में समय व्यतीत करें तो भी सोशल मीडिया से दूरी बनाई जा सकती है। याद करें उस दौर की जब सारा परिवार घर के मुखिया के साथ सुबह-शाम को साथ बैठकर भोजन करता था। अब कितने परिवारों में भोजन सब मिल-बैठकर साथ-साथ करते हैं। अब तो परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए भोजन भी अलग-अलग तरह का पक रहा होता है। यानी घर अब होटल बन गया है। जैसे होटल के अलग-अलग कमरों में ठहरने वाले लोग रूम सर्विस से अपने पसंद का खाना मँगवाते हैं, वही अब घरों में भी होने लगा है! क्या पहले यह होता था? यह तो भारतीय संस्कार नहीं थे। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार से ही सीखते हैं। यदि आप खुद सोशल मीडिया का लगातार इस्तेमाल करते हैं, तो बच्चों के लिए इसका उपयोग सीमित करना मुश्किल होगा।

## कौओं के बगैर श्राद्ध पक्ष की परंपरा अधूरी

**डॉ. रमेश ठाकुर**

श्राद्ध पक्ष चल रहे हैं। इन दिनों गुजरे लोगों को याद करना और उनका मनपसंद भोजन बनाकर परोसने की परंपरा निभाई जाती है। मान्यताओं के मुताबिक स्वर्गीय तक यह भोजन कौओं द्वारा पहुंचाया जाता है। श्राद्ध में कौए परलोकी लोगों के वाहक बनते हैं। पर, कौए इन्हीं दिनों में दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ते। श्राद्ध का भोजन लेकर लोग उनके आगमन का लंबा इंतजार करते रहते हैं लेकिन वो नहीं आते। हों तो ही आए न? हैं ही नहीं। जबकि श्राद्ध में भोजन उन्हीं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता है। जाहिर है जब कौए ही नहीं होंगे, तो श्राद्ध की मान्यताएं भला कैसी पूरी होंगी? हमेशा से होता आया है कि श्राद्ध में पितरों का भोजन जब तक कौए न खाएं श्राद्ध की मान्यताएं पूरी नहीं होती। कौए आएंगे, खाना चुगेंगे और पितरों तक पहुंचाएंगे, लेकिन कौवे नहीं आते? ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कहीं-कहीं दिख जाते हैं लेकिन शहरों से कौवे पूरी तरह गायब हो चुके हैं।

प्राचीन परंपराओं के अनुसार श्राद्धों से कौवों का सीधा संबंध है। श्राद्धों में जो व्यंजन बनते हैं उन्हें पितरों तक कौए ही पहुंचाते हैं। श्राद्ध में लोग अपने गुजरे पितरों को भोजन कराने के लिए घरों की छतों, खेतों, चौक-चौहराहों पर रखते हैं और कौओं के आने का इंतजार करते हैं। श्राद्ध का खाना कौआ खा ले, तो समझा जाता है कि श्राद्ध की आस्था पूरी हुई। कौओं की संख्या लगातार कम होने से उनकी जगह गली-मोहल्ले के आवारा कुत्ते श्राद्ध के भोजन पर झपट्टा मारते देखे जाते हैं। कौए नहीं आते तो लोग मजबूरन इन्हीं को कौवों का प्रतिरूप मान कर मन को समझा लेते हैं। क्योंकि इसके सिवा दूसरा कोई विकल्प भी नहीं। दूषित पर्यावरण के चलते विलुप्त होती प्रजातियों में कौए भी शामिल हैं। एक वक्त था, जब घरों के आंगन और मुंडेरों पर कौओं की बहुतायत होती थी। उनकी आवाज सुनने को मिलती थीं। दरअसल, कौए हमेशा से अन्य पक्षियों के मुकाबले तुच्छ माने गए हैं। कौए का शरीर औषधि के तौर पर भी प्रयुक्त किया गया है।

कौए छोटे-छोटे जीव एवं अनेक प्रकार की गंदगी खाकर भी अपना पेट भर लेते हैं। श्राद्ध पक्ष में इस दुर्लभ पक्षी की भक्ति और विनम्रता से यथाशक्ति भोजन कराने की बात विष्णु पुराण में कही गई है। तभी कौओं को पितरों का प्रतीक मानकर श्राद्ध पक्ष के सभी दिनों में उन्हें भोजन करवाया जाता है। श्राद्धों में कौओं को खाना और पीपल को पानी पिलाकर पितरों को तृप्त किया जाता है। कौओं के संबंध में एक और दिलचस्त बात प्रचलित है। किसी के आगमन की सूचना भी इनकी चहलकदमी से जोड़ी जाती रही है। एक वक्त वह भी था जब परिवार की महिलाएं शगुन मान कर कौवा को मामा कह कर घर में बुलाया करती थी, तो कभी उसकी बदलती हुई दिशा में कांव-कांव करने को अपशकुन मानते हुए उड़ जा कहके बला टालतीं थीं। इसके अलावा घर की बहुएं कौए के जरिये अपने मायके से किसी के आने का संदेश पाती थीं। कौओं की तरह अब कई और बेजुबान पक्षियों की आबादी घट गई है। इसके पीछे मानवीय हिमाकत प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। पक्षियों के रहने और खाने की सभी जगहें नष्ट कर दिए गए हैं। पेड़ों पर भी इनका निवास होता था, वह भी लगातार काटे जा रहे हैं। कौए को पर्यावरण रक्षक भी बताया गया है। पहले देखने में आता था कि सार्वजनिक स्थानों पर मरे जानवरों को गिद्ध और कौए खा जाते थे, लेकिन अब उनके न होने से मृत जानवरों के शरीर सड़ते रहते हैं। दुर्गंध दूर-दूर तक फैली रहती है, जिससे लोग संक्रमित भी हो जाते हैं। गंदगी को समेटने में गिद्ध, चील और कौओं का बड़ा योगदान होता था। कौए सिर्फ श्राद्धों में नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के संतुलन में भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते हैं। तब भी कौवों के बचाने में कोई कदम नहीं उठाए गए। कौए अब कितने बचे और कितने गायब हो गए, इसका सटीक आंकड़ा और कारण उपलब्ध नहीं है।



## राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं।

**मिथुनः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा।

**कर्क :-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्या :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुला :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिकः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**धनु :-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**मकर :-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। मध्याह्न के बाद सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी देते हैं।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातःकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। ऊपरी अधिकारी तथा प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# सवालों के घेरे में दो एनकाउंटर



**यह ईनामी बदमाश था जिस पर एक लाख रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार अनुज एवं उसका एक साथी उन्नाव जिले के अचलगंज इलाके से जा रहे थे। लखनऊ एसटीएफको इसकी सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में अनुज मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल अनुज को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। वैसे बता दें कि इसके पहले इसी डकैती में शामिल दो और लोगों के साथ एसटीएफकी मुठभेड़ हुई थी। उसमें मंगेश यादव नामक आरोपी की मौत हो गयी थी। एक और आरोपी अजय यादव के पैर में गोली लगी थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मंगेश के एनकाउंटर पर भी अखिलेश ने सवाल उठाये थे।**

उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हुए दो एनकाउंटर सवालों के घेरे में इसलिये आ गये हैं क्योंकि दोनों को लेकर गहरा शक किया जा रहा है कि ये फर्जी हैं। कुछ आगे-पीछे हुए ये दोनों एनकाउंटर जिस तरीके से हुए हैं वे दोनों ही गहन जांच की जरूरत बतलाते हैं- चाहे वे दो अलग-अलग राज्यों में ही क्यों न हुए हों। संयोग यह भी है कि दोनों ऐसे राज्य हैं जहां एनकाउंटर संस्कृति पनपती रही हैं और दोनों राज्यों में इसका लम्बा इतिहास रहा है। उप्र के सुलतानपुर में हुई डकैती कांड मामले में अनुज प्रताप सिंह का एनकाउंटर हुआ है।

वहीं महाराष्ट्र में अक्षय शिंदे नामक उस शख्स का एनकाउंटर हुआ है जिस पर बदलापुर के एक स्कूल में मासूम बच्चियों के साथ यौन शोषण का आरोप था। उसे तलोजा जेल से ले जाया जा रहा था। पुलिस का दावा है कि उसने पुलिस की गाड़ी में एक पुलिस इंस्पेक्टर से रिवाल्वर छीन ली और उन पर फायरिंग कर दी। इसमें तीन पुलिस वाले घायल हो गये। उसे नियंत्रित करने के लिये पुलिस को भी जवाबी फायरिंग करनी पड़ी जिससे वह मारा गया। दोनों ही एनकाउंटर कई कारणों से संदिग्ध माने जा रहे हैं। संयोगवश, दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं जिनका एनकाउंटरों के प्रति अनुराग सर्वज्ञात है। सांसद एवं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को सुलतानपुर के ठठेरी बाजार में भरत सोनी की ज्वेलरी शॉप में 5 लोगों ने डकैती की थी जिनमें अनुज भी शामिल था।

यह ईनामी बदमाश था जिस पर एक लाख रुपये का पारितोषिक घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार अनुज एवं उसका एक साथी उन्नाव जिले के अचलगंज इलाके से जा रहे थे। लखनऊ एसटीएफ को इसकी सूचना मिली थी। इस मुठभेड़ में अनुज मारा गया जबकि उसका साथी फरार हो गया। घायल अनुज को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया। वैसे बता दें कि इसके पहले इसी डकैती में शामिल दो और लोगों के साथ एसटीएफ की मुठभेड़ हुई थी। उसमें मंगेश यादव नामक आरोपी की मौत हो गयी थी।

एक और आरोपी अजय यादव के पैर में गोली लगी थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मंगेश के एनकाउंटर पर भी अखिलेश ने सवाल उठाये थे। दूसरी ओर महाराष्ट्र में हुए एनकाउंटर की निंदा नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले समेत कई नेताओं ने करते हुए इस पर गहन संदेह व्यक्त किया है। सुप्रिया के अनुसार प्रदेश में कानून-व्यवस्था का पूरी तरह से ठप हो जाना ही यह एनकाउंटर दर्शाता है। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने इसे प्रदेश के लिये काला दिन निरूपित किया है। उन्होंने कहा है कि अब उन्हें यकीन नहीं रह गया है कि इस कांड के सही आरोपियों तक कभी भी पुलिस पहुंच पायेगी। शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरेने भी इसी तरह के आरोप लगाये हैं। पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने पूछा है कि जब शिंदे के हाथों में हथकड़ी लगी थी तो उसने पिस्तौल कैसे छीनी और फायरिंग किस प्रकार की? विपक्षी नेताओं का साफ कहना है कि शिंदे का एनकाउंटर यौन शोषण के सबूतों को नष्ट करने के लिये किया गया है।

बताया जाता है कि जिस स्कूल में शिंदे ने दुष्कर्म को अंजाम दिया वह एक भाजपा नेता का है। माना जा रहा है कि उस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं जिन्हें बचाने के लिये यह किया गया है। स्वयं शिंदे के परिवार वालों ने कहा है कि अक्षय को इसलिये मारा गया है ताकि असली अपराधियों को बचाया जाये। उन्होंने जांच होते तक शव को लेने से इंकार कर दिया है। परिवार का यह भी कहना है कि पिछले सप्ताह उसे बेरहमी से मारा भी गया था। दोनों ही एनकाउंटरों के बारे में जिस तरह की शंकाएं जाहिर हो रही हैं, उसमें जरूरी है कि इन सभी एनकाउंटरों की गहन जांच हो। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर एनकाउंटर की परिस्थितियों पर संदेह जताते हुए कहा है कि पहली नजर में गड़बड़ी लग रही है। दरअसल दोनों एनकाउंटर बहुत ही गम्भीर मामले हैं। अपराधियों को कोर्ट की बजाय सीधे पुलिस वालों के हाथों ही सजा दिलाने का चलन खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। स्वयं सरकारों की ओर से इस बात को प्रोत्साहित किया जाने लगा है। यह किसी भी सभ्य समाज के लिये अपराधों पर नियंत्रण पाने का नितांत अशोभनीय तरीका है जो संविधान सम्मत तो है ही नहीं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# बदहाली की कगार पर पहुंचे 23 करोड़ की लागत से बने आसरा आवास

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिले में गरीबों को निःशुल्क आवास उपलब्ध कराने वाली मुख्यमंत्री आसरा आवास योजना के तहत बनाए गए 468 आवास बनने के वर्षों बीतने के बाद भी पात्र लाभार्थियों की राह ताकते नजर आ रहे हैं।

जनपद में 2022 विधानसभा चुनाव के पूर्व 252 लाभार्थियों को चयनित कर चाबियां सौंपी गई थीं। चयन प्रक्रिया में अनियमत्ताओं के आरोप लगने के बाद लाभार्थियों से चाभियाँ वापस लेकर प्रशासन द्वारा दोबारा से चयन प्रक्रिया शुरू कराई गई। लेकिन सालों बीतने के बाद भी यह प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है और करोड़ों रुपए की लागत से तैयार किए गए 468 आवास आज भी आसरा आवास योजना के पात्र लाभार्थियों की राह ताकते हुए नजर आ रहे हैं। जिसकी गवाही 23 करोड रुपए की भारी भरकम लागत से बनाए गए 468 खाली पड़े आसरा आवास देते नजर नजर आ रहे हैं। गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए छत मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री आसरा आवास योजना जनपद में फिलहाल बेमतलब साबित हो रही है प्रशासन द्वारा शहर के झाँसी मिर्जापुर हाइवे किनारे राठ रोड किनारे स्थापित की आसरा आवास कॉलोनी वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले बनकर तैयार हो गई थी जिसे वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के पहले कार्यदायी संस्था द्वारा हैंडओवर कर दिया गया था। प्रशासन द्वारा बाकायदा चयन प्रक्रिया पूर्ण कर 252 लाभार्थियों को चयनित करने के उपरांत शहर के कम्युनिटी गार्डन में कार्यक्रम आयोजित कर लाभार्थियों को चाबियां वितरित की गई थीं। वितरण कार्यक्रम के दौरान चयन प्रक्रिया में धांधली की शिकायत मिलने पर तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा जांच कर पात्र लाभार्थियों का चयन कर आसरा आवास आवंटित के निर्देश दिए गए थे। तकरीबन 2 वर्ष भी जाने के बाद भी प्रशासन की नाकामी साफ तौर पर उजागर हो रही है। आवंटन के 2 वर्ष बीतने के बाद भी नगरीय प्रशासन द्वारा अब तक मुख्यमंत्री आसरा आवास योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन नहीं किया गया जिसके चलते शहर में बनाए गए 468 आसरा आवास पात्र लाभार्थियों की राह ताकते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि जनपद में मुख्यमंत्री आसरा आवास योजना के पात्र लाभार्थियों की कमी हो, कमी तो सिर्फ संबंधित विभागों में तैनात कर्मचारी की सोच में है जो गरीबों के लिए छत मुहैया कराने वाली इस योजना के पात्र लाभार्थियों का चयन नहीं कर पा रहे हैं।



- लगभग आठ सालों से लाभार्थी चयन नहीं कर पाए जिम्मेदार, बीरान पड़े आसरा आवास
- लाभार्थियों को सालों से आवास आवंटन का इंतजार, गहरी निद्रा में सोए जिम्मेदार

### समाजसेवियों व अधिवक्ताओं ने जल्द लाभार्थियों को आवास आवंटन की उठाई मांग

जनपद के समाजसेवी और अधिवक्ताओं ने शासन द्वारा करोड़ों की लागत से बनाए गए 468 आवासों को लाभार्थियों का चयन कर आवास आवंटित करने की मांग उठाई है। समाजसेवी और अधिवक्ताओं ने कहा है कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा लाभार्थियों का चयन कर आवास आवंटित करने की मांग उठाई गई है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के चलते पात्र लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है,जिसके चलते लोगों को शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा, नतीजतन करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई यह बिल्डिंग धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण स्थिति की ओर पहुंच रही है। जिससे शासन का करोड़ों रुपए बर्बाद होने की शंका बनी हुई है । अधिवक्ताओं और समाजसेवी ने जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों को चयनित कर मुख्यमंत्री आसारा आवास आवंटित करने की मांग उठाई है।

### मामले में क्या बोले डूडा विभाग के जिम्मेदार

डूडा विभाग के अधिकारी की मानें तो वर्ष 2022 में 252 लाभार्थियों का चयन कर कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चाबियां सौंप दी गई थीं लेकिन चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी मनोज कुमार द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोबारा से पात्र लाभार्थियों का चयन करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद 170 लाभार्थी चयनित किए गए हैं,जबकि नगर पालिका महोबा को पात्र लाभार्थियों का चयन करने के लिए अधिकृत किया गया था तथा बिल्डिंग भी नगर पालिका महोबा को हैंडओवर कर दी गई है। लेकिन अब तक नगर पालिका द्वारा लाभार्थियों की सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। जिसके चलते आसरा आवास लाभार्थियों को आवंटित नहीं किए गए हैं। बहरहाल इतना तो साफ है कि स्थानीय प्रशासन की मंशा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले गरीबों को आसरा आवास उपलब्ध कराने की फिलहाल नजर नहीं आ रही है क्योंकि आसरा आवास बनने के वर्षों बीतने के बाद भी स्थानीय प्रशासन के द्वारा पात्र लाभार्थियों का चयन न करना अपने आप में गंभीर सवाल खड़े करता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि आसरा आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ कब तक मिल पाता है।

# गांधी जयंती को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती मनाये जाने की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गणमान्य नागरिको, संस्थाओ के प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय में जानकारी ली।अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश ने 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों तथा गण मान्य नागरिकों व संस्थाओं के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए।जिलाधिकारी ने नगर पालिका/पंचायत के अधिकारियों को साफ सफाई की व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों में साफ सफाई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय पर्व है इसे सब लोग मिलजुल कर बेहतर ढंग से मनाये।जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा डीआईओएस को स्कूलों में गांधी जयंती हर्षोल्लस के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी तथा उपस्थित नागरिक गण स्वयं, इस राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाये तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव सहित समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### जैन स्थापत्य मंदिर में चला स्वच्छता अभियान



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने भारतीय संस्कृति की विरासत जैन स्थापत्य मंदिर में व्यापक रूप स स्वच्छता अभियान चलाया। महोबा जनपद बहुत सारी सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए हैं जिनमें से जैन स्थापत्य कला मंदिर एकविशिष्ट पहचान रखता है। जैन स्थापत्य के मंदिर में 24 तीर्थंकरों की मूर्तियां उत्कीर्ण है जो की मदन वर्मन के शासनकाल में 1149 ईस्वी में उत्कीर्ण हुआ था ।जैन धर्म भारतीय सामाजिक परंपरा में एक विशिष्ट पहचान रखता है। जैन धर्म का दार्शनिक परिप्रेक्ष्य भी काफी महत्वपूर्ण और तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था में सुधार को लेकर के आंदोलन के रूप में चला था। आज भी जैन धर्म के मतावलंबी पूरे भारत में अपनी धर्म परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। 24 तीर्थंकरों की मूर्तियां जैन धर्म के लोगों के लिए पूजनीय एवं अनुकरणीय है। इस स्वच्छता पखवाड़ा 2024 अभियान में लेफ्टिनेंट प्रोफेसर सुशील बाबू के निर्देशन में सभी कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा यह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ संतोष कुमार पांडेय, डॉ मधुबाला सरोजिनी डॉ सोवित कुमार गुप्ता महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ एस एस राजपूत सहित चारों इकाइयों के स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति व जिला स्वच्छ भारत मिशन समिति की संयुक्त बैठक आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला क्रियान्वयन एवं समन्वयन समिति तथा जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना निर्माण हेतु ग्राम सभा की खुली बैठकों में अपने ग्राम स्तरीय अधिकारियों को प्रतिभाग करने तथा अपनी विभागीय योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना / वार्षिक कार्ययोजना में सम्मिलित कराने के निर्देश दिये गये साथ ही क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत की वार्षिक कार्ययोजना निर्माण हेतु समय अन्तर्गत बैठक कराते हुए वार्षिक कार्ययोजना को पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार के पोर्टल ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद हेतु प्राप्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की समीक्षा, ओ0डी0एफ0 प्लस मॉडल गांवों में कराये गये कार्यों, आर0आर0सी0 सेन्टरों के संचालन, डोर-टू-डोर कचड़ा एकत्रीकरण हेतु संचालित ई-रिक्शा वाहन की समीक्षा की गयी। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निदेशालय स्तर से जनपद को प्राप्त व्यक्ति शौचालय लक्ष्य 8541 के सापेक्ष 4052 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 1617 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। शेष लाभार्थियों को सत्यापित कर धनराशि अवमुक्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। ओ0डी0एफ0 प्लस मॉडल गांव अन्तर्गत अब तक 227 मॉडल गांव घोषित किये जा चुके हैं। जहां पर आर0आर0सी0 सेन्टरों का संचालन शुरू करते हुए नये चयनित गांव में आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण की प्रक्रिया संचालित है। सभी मॉडल गांव में ई-रिक्शा के माध्यम से घर-घर कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि छूटे हुए व्यक्तिगत शौचालयों के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए सत्यापन कर लाभान्वित करायें व प्रत्येक मॉडल गांव में आर0आर0सी0 सेन्टरों को संचालित करते हुए इसकी निरन्तरता को सुनिश्चित किया जाये।

### सर्प के डंसने से युवक की मौत

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुच्चूपुर मे सर्प के काटने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है गांव निवास दिनेश पुत्र रामजीवन राजपूत खेतों में काम करने गया था, तभी किसी जहरीले कीडे ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

### डिप्थीरिया बीमारी से बचने के लिये प्रत्येक छात्र-छात्रा टीकाकरण कराएं : डीएम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सर्वोदय इण्टर कॉलेज उरई में डिप्थीरिया (गला घोटू) बीमारी से बचने के लिए छात्र-छात्राओं के टीकाकरण का फीता काटकर शुभारंम्भ किया गया। इस अवसर जिलाधिकारी ने कहा कि डिप्थीरिया (गला घोटू) इस बीमारी में बच्चे को जुखाम खासी के साथ गले में सूजन आ जाने के कारण जाली सी बन जाती है जिससे बच्चे को सांस लेने में परेशानी होती है दम घुटने से बच्चे की मृत्यु हो जाती है। इस बीमारी से बचाव का एक मात्र उपाय, नियमित टीकाकरण में डेढ़ माह, ढाई माह तथा साढे तीन माह पर डीपीटी की तीन डोज तथा (16-24 माह) प्रथम बूस्टर एवं 5 वर्ष पर द्वितीय बूस्टर डोज, तथा 10 वर्ष एवं 16 वर्ष पर टीडी का टीका लगाया जाता है। किसी कारण से टीका छूट जाने पर उसी अंतराल में डीपीटी का बूस्टर डोज लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक खतरे के कारण जनपद के ब्लाक डकोर एवं कोंच में 26, 27, 30 सितम्बर 1, 3 तथा 4 अक्टूबर 2024 को 5 वर्ष, 10 वर्ष, तथा 16 वर्ष के छूटे हुये बच्चों को डिप्थीरिया, गला घोटू बीमारी के बचाव हेतु स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान चलाया जाना है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को डीपीटी का टीका नही लगा है वे अपने एवं अपने अडोस-पडोस के 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के बच्चो का गला घोटू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिये डीपीटी टीका अवश्य लगवाये। उन्होंने कहा कि आप अपने क्षेत्र के लोगो को डिप्थीरिया टीकाकरण के बारे मे जानकारी अवश्य दे मुझे पूरा विश्वास है कि आपके डिप्थीरिया टीकाकरण के प्रति जनता मे विश्वास बढ़ेगा तथा आपके सद प्रयासों से टीकाकरण के प्रति जनसमान्य के अन्दर व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके।

# एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश




महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।

## गाली गलौज कर मारने की धमकी दी, शिकायत

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। चिकासी थाने के बंगरा गांव निवासी महेंद्र ने बताया कि 23 सितंबर की सुबह करीब वह घर के दरवाजे से निकला। उसके घर में रिश्तेदार विकास कुमारए सुरेन्द्र कुमार निवासी खड़ेही थाना मुस्करा से आए हुए थे और घर के बाहर बैठे थे। संदीप उनको देखकर गाली गलौज करने लगा। बीच बचाव में दोनों पक्ष शांत हो और घर चले गए। थोड़ी देर बाद पुलिस आईं और आवाज लगाई। वह भय के कारण घर से नहीं निकले। बताया कि कुछ देर बाद संदीप अपने भाई राजूए संजूए उपेंद्र हाथों में फरसा व कुल्हाड़ी लेकर आए और दरवाजे फाड़ने लगे। घर के अंदर रखी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी है। बताया कि दरवाजे भी फाड़ दिए और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अजनर वन रेंज में खूंखार सियारों की दस्तक

- अनेक ग्रामीणों को हमला कर किया जख्मी
- सुस्ती इख्तियार किए वन विभाग, लाठी और टॉर्च के सहारे ग्रामीण स्वयं कर रहे रक्षा
- महज ढुग्गी पिटवाकर खानापूर्ति कर रहा वन विभाग, रेस्क्यू कर पकड़ने का नहीं किया इंतजाम
- डर और खौफ के साए में जिंदगी बिता रहे ग्रामीण



अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के अजनर वन रेंज के मवईया गांव के पास खूंखार सियारो का चरवाहों व खेतों में काम कर घर लौट रहे ग्रामीणों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है । सियार के जानलेवा हमले में तीन चरवाहों सहित 5 ग्रामीण घायल हो गए है । परिजनों द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी जैतपुर में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में ढुग्गी पिटवाकर खूंखार सियारो से सतर्क रहने की हिदायत दी है तो वही रात के अंधेरे में ग्रामीणों द्वारा हाथो में लाठिया और टॉर्च लेकर स्वयं ही खूंखार जंगली जानवर से जीवन की रक्षा की जा रही है वही वन विभाग की तीन धरातल पर रेस्क्यू कर खूंखार सियार की जगह कागजों में खूंखार सियार को पकड़ने की बात कह रही है।

अजनर वन रेंज क्षेत्र में रहने वाले केशर दास, मूलचंद खेत से घर वापस आ रहे थे तभी खूंखार सियार ने जानलेवा हमला कर दिया इस हमले में उनके हाथ और पैर में काटने के चलते चोट आई है तो वही मवईया गांव के पास कुंवर देवी ,उदय भान, लाल कुँवर,रितेश, भूपत, हलकाई पर भी सियार ने हमलाकर घायल कर दिया है देखने वाली बात होगी कि वन विभाग की टीम कब धरातल पर उतरकर जंगल में खूंखार सियार की तलाश करेगी और कब उसे पकड़ेगी खौफ के साए में जिंदगी बिताने वाले ग्रामीणों को कब इस खूंखार सियार से छुटकारा मिल पाएगा।

# शाखा प्रबंधक के तानाशाहपूर्ण रवैया से आहत युवक ने डीएम को सुनाई समस्या

महोबा, समृद्धि न्यजू।

विकासखंड कबरई अंतर्गत के कस्बा श्रीनगर में संचालित इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक के तानाशाहपूर्ण रवैया से आहत होकर एक युवक ने जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचकर अपनी समस्या सुनाई।

कस्बा श्रीनगर के मोहल्ला मनोहरगंज निवासी आशीष सोनी पुत्र सुरेश चंद्र सोनी ने भरण पोषण तथा रोजगार के लिए जिला खादी ग्राम उद्योग से दुग्ध उत्पादन योजना के तहत अपनी लोन हेतु पत्रावली पास करवाई थी द्य प्रदेश सरकार की मंशा यह है कि बेरोजगार युवक बैंक की ऋण सहायता से वह रोजगार परख हो और अपनी रोटी रोजगार की व्यवस्था करें लेकिन शिकायतकर्ता उल्लेख किया है की खादी ग्राम उद्योग द्वारा पत्रावली को इंडियन बैंक श्रीनगर में पास होने के लिए भेज दिया था।

आरोप है कि वहां पर पदस्थ शाखा प्रबंधक ने कमिशन की मांग उसके द्वारा कमिशन न देने पर उसकी पत्रावली को बिना कारण बताए हुए निरस्त कर दिया गया जबकि उसके पास व्यापार करने के लिए पर्याप्त जगह है तथा शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक कर्मचारियों के माध्यम से मौके का निरीक्षण किए बगैर लोन पत्रावली में गलत रिपोर्ट लगाकर उसे निरस्त कर दिया जबकि पीड़ित ने उल्लेख किया है कि उसके पास व्यापार करने के लिए पर्याप्त जगह है।



वही आम जनमानस का कहना है कि इंडियन बैंक में पदस्थ शाखा प्रबंधक का किसान भाइयों क्षेत्रीय जनता एवं खाता धारकों से व्यवहार ठीक नहीं है और इनका बात करने का लहजा ठीक नहीं है।

जब जनता बैंक से संचालित योजनाओं के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी करना चाहते है तो इनका तानाशाह रवैया क्षेत्रीय जनता व किसानों के ऊपर टूट पड़ता है एवं डांट फटकार कर चले जाने की धमकी देते हैं पीड़ित तथा क्षेत्रीय जनता ने कर्मठ जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाए जिससे आम जनता से अपनी मनमानी न कर सके तभी राहत होगी।

# मालिक ने बच्चों को घर से निकाला दर-दर भटकने को मजबूर

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

काशीराम कॉलोनी में रह रहे गरीब निराश्रित बच्चों को गृह स्वामी ने मारपीट कर घर से बेघर कर दिया दर-दर ठोकरे खाने को मजबूर पीड़िता ने पहुंचे न्याय की गुहार लगाई है कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल उपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार छिमौली रोड के कांशीराम कॉलोनी में कुरेशा के सरकारी आवास में किराए पर रह रही 14 वर्षीय नाबालिक कोमल ने पुलिस को बताया कि वह किराए पर सरकारी आवास में रह रही थी जिसका किराया एडवांस के रूप में कॉलोनी मलिक कुरेशा पांच हजार रुपये एडवांस के रूप में मांग रही थी पीड़िता रूप देने में असमर्थता जताई जिससे बौखलाए कुरेशा व उसके पुत्र सोनू ने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और उसके कमरे में रखे दो हजार रुपये नगद भी पार कर दिया अब पीड़िता खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गई है और कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर के अनुसार जांच पड़ताल की जा रही है दोषियों के विरुद्ध आवश्यक विधि कार्रवाई की जाएगी।

# केविनेट मंत्री ने की अफसरों के साथ मत्स्य विभाग योजनाओं की समीक्षा



- शासनादेश का कहीं भी नहीं होना चाहिये उल्लंघन, एमसीसी कार्ड हर हाल में बनाये जाएं

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के केबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने जनपदीय मत्स्य विकास कार्यों के संबंध में संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि शासनादेश का हर जगह पालन होना चाहिये बैंको द्वारा मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाये।

बैठक में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजनाए मछुआ दुर्घटना बीमा योजना निषाद राज बोट सब्सिडी योजना आदि की समीक्षा करते हुए योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वित कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की जिन योजनाओं में लोगों ने सब्सिडी लाभ ले लिया है वे संचालित होनी चाहिए योजनाएं संचालित न पाए जाने पर अनुदान वसूली का कार्य किया जाए। कहा कि मछुआ समुदाय गरीब लोगों को मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में हैंड बिल पोस्टर पंपलेट आदि के बारे में जानकारी दी जाय। मंत्री ने कहा कि मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ संबंधित पात्र व्यक्ति को ही दिया जाए योजनाओं में किसी भी तरह की माफियागिरी अनियमितता नहीं होनी चाहिए अन्यथा कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए मत्स्य विभाग के संबंधित मंडलीय अधिकारी नियमित रूप से समीक्षा करें ।कहीं पर भी शासनादेश का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। बैंकों द्वारा मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाएं। मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन अनावश्यक रिजेक्ट न किया जाए न ही इनको लंबित रखा जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी घनश्याम मीनाए पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## परामर्श केन्द्र कमेटी के सदस्यों ने परिवार को बिखरने से बचाया



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के 05 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। परिवार परामर्श के दौरान महिला कांस्टेबल रेखा देवी व काउंसलर क्रमशः अंशु शिवहरे, विभा पुरवार, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

# अब परिषदीय विद्यालयों के बच्चे गांवों में श्री अन्न के महत्व की देंगे जानकारी

- बीआरसी में शिक्षकों को किया जायेगा प्रशिक्षित, इसके बाद शिक्षक जानकारी देगे बच्चों को, बच्चे घर में बतायेगा अपने माता-पिता को




हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

शासन ने बुंदेलखंड में श्री अन्न को बढावा देने के लिये पहली मर्तवा परिषदीय विद्यालयों के बच्चो के माध्यम से गांवों में जानकारी देने का फैसला किया है। इसके लिये पहले बीआरसी (ब्लाक संसाधन केंद्र) के शिक्षकों को कृषि बिभाग प्रशिक्षित करेगा। इसके लिये पूरी रुप रेखा तय कर ली गयी है।शासन ने पचास हजार रुपये का बजट इसके लिये दिया है।

जानकारी के मुताबिक बुंदेलखंड में कम पानी से उगने वाली फसले व उर्वरक की मात्रा कम करने के लिये शासन मिलेट्स श्री अन्न में ज्वार,बाजरा, सावा,कोदो,रागी बोने के लिये बराबर प्रयास कर रहा है। इसके लिये खरीफ में किसानो को मुफ्त में किट्स भी बितरित किये गये थे जिले में यह अन्न बोने के लिये बारह हजार हेक्टेएअर का लक्ष्य रखा गया था विभाग ने दावा किया है कि जो किट किसानो् को वितरित की गयी थी वह सभी बो दी गयी है। शासन इस अन्न के प्रचार के लिये परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को माध्यम बनाया है,जिले में सात बीआरसी केंद्र है जिसमे हर माह के अंतिम तिथि को शिक्षकों की मीटिंग होती है,जिसमे करीब पचास शिक्षक उपस्थित होते है। इसके लिये कृषि विभाग के एडीओ(कृषि) व टीए बीआरसी जाकर शिक्षकों को श्री अन्न के बारे में महत्व व लाभ को विस्तार से बतायेगे, वही शिक्षक जाकर बच्चों को श्री अन्न के बारे में जानकारी देगे ताकि बच्चे घर में जाकर अपने माता पिता को इस अन्न के बारे में जानकारी दे सके। उपकृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि गांवों में यह खरीफ की फसल पहले बहुतायत मात्रा में बोयी जाती थी मगर कम पैदावार होने के कारण इस फसल से किसानों का मोह भंग होता गया जबकि यह फसल सेहत के लिये बहुत ही कारगर है। शासन इस फसल के लिये अन्य माध्यमों से प्रचार प्रसार करा रहा है ताकि लोग इस फसल को मुख्य फसल में शामिल कर सके। इससे उर्वरक की मात्रा फसल में कम हो जायेगी। जिससे खेती बंजर होने से बच जायेगी।

### श्री अन्न के पीछे आखिर क्यों परेशान है सरकार, यह भी जानिये

शासन मिलेट्स अन्न के लिये क्यो एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये है यह प्रश्न हर किसान के मन में कौध रहा है कृषि विभाग का कहना है कि यूरिया की कीमत बर्तमान में वास्तविक कीमत 1986 रुपये है जब कि किसानों को केवल 266 रुपये की बिक्री की जाती है। बाकी 1720 रुपये की धनराशि सरकार को भरना पड़ता है। इसी प्रकार डीएपी खाद की वास्तविक कीमत 3770 रुपये है किसानों को केवल 1350 रुपये की बिक्री की जाती है। बाकी 2420 रुपये का अनुदान सरकार को कंपनियों को देना पडता है जिससे शासन पर भारी बजट का बोझ लगातार बढ़ रहा है यही नही खाद का कच्चा माल विदेशों से आता है जिससे भारतीय मुद्रा का नुकसान भी होता है। इसलिये सरकार मिलेट्स अन्न के लिये शासन पूरा प्रयास कर रहा है। बताया जाता है कि दस सालो से बुंदेलखंड में उर्वरक की मात्रा अधिक बढ़ती जाती है जो चिंता का विषय बनी हुई है।

# श्री शिवकला पीजी कॉलेज की छात्रा को राज्यपाल ने दिया गोल्ड मेडल

## प्रतिभा महलों एवम भौतिक सुख सुविधाओं की मोहताज नहीं होती

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



श्री बैजनाथ शिवकला पी जी कॉलेज में अलंकरण समारोह आयोजित। त्रिवेदीगंज ब्लॉक के ग्राम एवम पोस्ट जौरास में सुनील कुमार वर्मा एवम सुनीता वर्मा के घर एक साधारण परिवार में जन्म लेकर असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली श्री बैजनाथ शिवकला पी जी कॉलेज में बी,एस,सी,की छात्रा श्रद्धा वर्मा ने जंतु विज्ञान विषय में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के 29 वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी के कर कमलों द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने माता पिता ,गांव ,घर परिवार,महाविद्यालय एवम जिले का नाम रोशन किया ,जिससे महाविद्यालय में बहुत ही हर्षोल्लास का माहोल है। महाविद्यालय में स्वर्ण पदक विजेता छात्रा श्रद्धा वर्मा के सम्मान में कॉलेज के राम नरेश वर्मा सभागार में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमे महाविद्यालय के संस्थापक/संरक्षक पूर्व विधान परिषद सदस्य राम पाल वर्मा एवम कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर रमेश कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से मेधावी छात्रा श्रद्धा वर्मा एवम उनके अभिभावकों को माल्यार्पण,अंगवस्त्र,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामानाएं प्रेषित की तथा पूरे अवध विश्वविद्यालय अयोध्या में कीर्तिमान स्थापित करने के लिए हार्दिक बधाई दी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर आर,के,वर्मा जी ने महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक लाने वाले मेधावी छात्र/छात्राओं का पूरा शुल्क माफ करने की घोषणा की जिससे समूचा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।इस अवसर पर बी,एड,विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार वर्मा ने मेधावी छात्रा श्रद्धा वर्मा को श्रीमद भगवत गीता भेट कर समुज्ज्वल जीवन के लिए सुभाशीष दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेश सिंह ,जंतु विज्ञान के प्रो, बृजेश कुमार यादव,प्रो,प्रेम चंद्र पटेल , प्रो,रंजीत वर्मा ,प्रो, निशी वर्मा,प्रो शिवकुमार,प्रो,प्रवेश वर्मा,प्रो,विवेक वर्मा,प्रो विनय कुमार सिंह,प्रो बृजेश वर्मा,प्रो,जगतार कुमारी यादव प्रो मीनाक्षी श्रीवास्तव,प्रो, नीलम सिंह,प्रो वंदना सिंह,प्रो रेखा श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय में अध्यनरत सभी विभागों के सैकणो छात्र/छात्राएं एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## गल्ला मंडी में किसान ही नहीं व्यापारी भी सुविधा के नाम पर होते है परेशान

कालपी, जालौन। गल्ला मण्डी की व्यवस्थाएं ठीक नहीं है। यहां विगत एक पखवाड़े से जलापूर्ति प्रभावित है जिससे व्यापारियों और किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। मालूम हो कि शासन ने किसानो की उपज को उचित दर पर बेचने के लिए क्षेत्रवार गल्ला मण्डी की स्थापना की है जहां पर किसानों के लिए हवा पानी छाया, सुरक्षा आदि की व्यवस्था मण्डी समिति करता है जिसके एवज में मण्डी समिति मण्डी शुल्क भी वसूलता है लेकिन विगत एक पखवारे से नगर स्थित गल्ला मण्डी की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था खराब है। गल्ला व्यापारी रोशन सिंह, अखिलेश यादव, सुनील सिंह, लल्लू पुरवार, प्रमोद दुबे, श्री पुरवार की माने तो मण्डी में जलापूर्ति के लिए लगा नलकूप खराब है।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए हुआ बैठक का आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

▸ अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है

जिलाधिकारी बाराबंकी सत्येंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर विकासखंड मुख्यालय के सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत, यूनिसेफ की बीएमसी पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

इस बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवो, शिक्षकों एवं सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

लोगों को बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है निर्देश दिया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी झाड़ियां उगी हैं कटाई कराई जाए इसके अलावा हैंड पंप के पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए ।जिससे ग्रामीणों को मच्छर जनित रोगों से बचाया जा सके।

बैठक में ग्राम प्रधान रानीपुर शिव दिनेश सिंह, प्रधान पति प्रवेंद्र तिवारी, प्रधान बदनापुर श्रीनाथ यादव प्रधान राकेश यादव, ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार, उदय प्रकाश शुक्ला, अखिलेश दुबे, ज्ञान प्रकाश सिन्हा, चंद्रभान पांडे चंद्रेश कुमार अजय यादव, हर्षित श्रीवास्तव, पंकज कुमार, दीपक राजपूत, बिंद्रा राज यादव, दिनेश प्रसाद, नवीन कुमार, सत्य प्रकाश वर्मा, शिवकुमार सफाई कर्मी कौशल किशोर राजेश मौर्य तेज बहादुर मौर्य मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक सम्पन्न

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज। आंगनबाड़ी केंद्र बदोसराय में प्रभारी सीडीपीओ की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आईपीएल केयर से आयी खष्टी के द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों को पढ़ाए जाने से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साप्ताहिक एवं मासिक गतिविधियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आप लोग चार्ट के माध्यम से बच्चों को समझाकर पढ़ाया जाए जिससे बच्चे समझ सके। प्रभारी सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप लोग विभागीय कार्य के साथ ही इस समय आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें गांव के लोगों के आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाए जाने हैं। इसमें आप लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनवाने में मदद करें। इस मौके पर सुपर वाइजर रागनी,आंगनबाड़ी कार्यकत्री, प्रतिमा यादव,रंजना,सूफिया,फुलकेसरी,गायत्री, रेखा, तारा , मीनू आदि कार्यकत्री मौजूद रही।

## किराना की दुकान में हुई चोरी

सिरौलीगौसपुर ,बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र के सत्यनाम पुरवा में किराने की दुकान के पिछले हिस्से से अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर नकदी समेत करीब तीस हजार रुपए के समान पर हाथ साफ किया ।पीड़ित ने कोतवाली बदोसराय पुलिस से किया शिकायत। तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के सत्यनाम पुरवा मजरे मदारपुर गांव निवासी बब्लू पुत्र रामकेवल यादव की किराने की दुकान है बीती 25 सितंबर की रात गांव के समीप मुख्य मार्ग पर बेसमेंट के ऊपर बनी किराने की दुकान के पिछले हिस्से में अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर बंद ताले को तोड़कर गेहूं चावल कंप्यूटर कांटा तथा 1500 नगदी व खाने-पीने के समान पर हाथ साफ किया जिसकी कीमत दुकान स्वामी द्वारा करीब तीस हजार रूपए बताई जा रही है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है जिसमें जांच कर कार्यवाही की जा रही हैं।

# भाजपा नेता राम भीख त्रिवेदी की पत्नी का निधन, शोक की लहर

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



क्षेत्र के खरसतिया गांव निवासी भाजपा नेता रामभीख त्रिवेदी की पत्नी एवं हैदरगढ़ प्रथम से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कलावती त्रिवेदी 65 वर्ष का बुधवार की देर रात बीमारी के चलते निधन हो गया। पिछले एक पखवारे से बीमार चल रही श्रीमती त्रिवेदी का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा था जहां पर कल देर शाम उनका निधन हो गया।

निधन के बाद शव के गांव पहुंचने की सूचना पर लोगों का आज सुबह से ही श्री त्रिवेदी के आवास पर पहुच अंतिम दर्शन एवं दुखी परिजनों को ढाँढस बंधाने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह लगभग11 बजे गांव के बाहर स्थित पैतृक बाग में विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक दिनेश रावत, अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत,पूर्व सांसद राम सागर रावत,रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, पंकज दीक्षित हरि वैश्य, संतोष कुमार, रमेंद्र तिवारी, भाजपा नेता महादेव पाठक, सभासद महेश अग्रवाल अमित शुक्ला एडवोकेट अमरनाथ शुक्ला अल्लन नेता सहित बड़ी संख्या में प्रधान जनप्रतिनिधि ग्रामीण रिश्तेदार मौजूद रहे।

# स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर चला स्वच्छता अभियान

रामसनेहीघाट,बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।



14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत ÷स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ की थीम पर बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल ग्राम छंदवल विकास खंड बनीकोडर के छात्रों शिक्षक- शिक्षिकाओ द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

संस्थाध्यक्ष रत्नेश कुमार के निर्देशन में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने झाड़ू लगाकर किया। स्वच्छता अभियान में स्कूल के छात्रों, शिक्षकों द्वारा स्थानीय छंदवल गांव के रास्तों, गलियों की सफाई की गई। गांव की गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूक किया गया। ग्राम वासियों के दरवाजो पर जाकर समझाया कि स्वच्छता रखने से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं इसलिए अपने घरों की सफाई के अतिरिक्त हमें बाहर सड़कों की सफाई, कचरे को खुला न रखकर कूड़ेदान का प्रयोग करें। गांव में खुले नालियों से क्या-क्या नुकसान है, मच्छरों से बचने आदि बातों को समझाया गया तथा उन्हें स्वच्छता संकल्प दिलाया गया।

स्वच्छता अभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शिक्षिका वंदना वर्मा शारदा रावत, पूनम रत्नाकर प्रिया मौर्य, अनीता, अर्चना, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित 150 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक करने का मांगा डेढ़ सौ रुपए



जैदपुर बाराबंकी। सफदरगंज के रहने वाले शशिकांत अवस्थी पुत्र स्व गोविंद प्रसाद अवस्थी ने पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उनके शाखा परिसर में आधार कार्ड मे मोबाइल नंबर लिंक करने के लिए गए हुए थे ।जहां पर आधार कार्ड बनाने का कार्य कर रहे कर्मी द्वारा अवैध रूप से 150 रुपए की मांग की गई ।उन्होने बताया कि जब वह पैसे देने से इनकार किया तो उक्त व्यक्ति द्वारा अभद्रता की गई। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी अवैध वसूली की जा रही थी जिसके शिकायत क्षेत्र की जनता द्वारा उच्च अधिकारियों से की गई थी। जिससे उनका काम काफी दिनों तक बंद रहा। वहीं उन्होंने उक्त समस्या को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

### युवक को साले ससुरालियों ने जमकर पीटा

जैदपुर बाराबंकी। अवैध संबंध के चलते पत्नी को मायके भेजने के बाद साले व सहयोगियो ने जमकर मारा पीटा जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव है। जहा के एक युवक ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी पत्नी का गांव के एक युवक से अवैध संबंध है, जिसे लेकर उसने ससुराल के लोगों को पहले जानकारी दी थी ।उसके बाद पत्नी को मायके भेज दिया था। उसी को लेकर 24 सितम्बर की शाम को विपक्षी पप्पू साले पदुम आदि लोगो ने गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घूसों व धारदार हथियार से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी है ।उक्त मामले मे जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बागवान समिति ने की फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की मांग

जालौन (उरई)। नगर की जनता जाम की समस्या से त्रस्त हैं। सड़क के दोनों ओर लगी दुकानों व ठिलियों के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। बागवान समाज सेवा समिति के तत्वावधान में पदाधिकारियों ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर सड़क व फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ताकि वाहन चालक जाम के झाम में न फंसें। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन के नेतृत्व में आसिफखान, शौकीन राईन, इमरान, जाकिर, इदरीश, खान बाबू आदि ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार एसके मिश्रा को सौंपकर कहा कि नगरवासी व वाहन चालक वर्तमान में जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे पहले भी यह समस्या आई थी। तब तत्कालीन एसडीएम संजय खत्री ने सड़क के दोनों ओर आउट लाइन बनवा दी थी। आउट लाइन के बाहर किसी भी दुकानदार को दुकान लगाने की अनुमति नहीं थी।

### स्वच्छता शपथ दिलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

कुठौंद (जालौन)। प्रदेश सरकार के द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता शपथ अभियान के तहत विकासखंड कुठौंद के ग्राम पंचायत चौथ में स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था। उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया अब हमारा कर्तव्य है की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के दौरान एडीओ पंचायत गिरजा शंकर निरंजन, ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार, ग्राम प्रधान रघुराज सिंह, पंचायत सहायक इन्द्र पाल के द्वारा सभी ग्रामीणों तथा सदस्यों को शपथ दिलाई गई । मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा हर बार 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता की इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा ना किसी और किसी को करने दूंगा।

# न्याय दिलाने में बार-बेंच दोनों महत्वपूर्ण कड़ी: डीजे



रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

न्याय दिलाने में बार-बेंच दोनों एक महत्वपूर्ण कड़ी है। जिसमे सामंजस्य होना बहुत ही जरूरी है।यह बात मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने रामनगर ग्राम न्यायालय परिसर में इंटरलॉकिंग सहित सभी सौन्दर्यीकरण कार्यों के लोकार्पण समारोह में व्यक्त किया।जनपद न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं का संवर्धन किया।न्यायाधीश महोदय ने नगर पंचायत के कार्य की सराहना करते हुये कहा कि चेयरमैन रामशरण पाठक जैसे लोग समाज के हित के लिये बहुत जरुरी है।

जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में लगाई गई इंटरलॉकिंग व बेंचो के निर्माण आदि का अवलोकन कर जमकर प्रशंसा की।उपजिलाधिकारी पवन कुमार से ग्राम न्यायालय भवन निर्माण की भूमि आवंटन प्रक्रिया की जानकारी लेने पर उन्होंने अति शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कराए जाने की बात कही।जनपद न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में फूल और फलदार पौधों का रोपण भी किया।लोकार्पण समारोह में ग्राम न्यायालय न्यायाधीश रोहित शाही नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी महामंत्री सुरेश शास्त्री पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा सिंह वेद प्रकाश श्रीवास्तव सतीश चंद्र शुक्ला रामकुमार सोनी बी डी खान बृजेश कुमार गौतम चैतन्य नारायण आनंद प्रताप निरंकार त्रिवेदी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला प्रदीप शुक्ला अनिल दीक्षित दयाशंकर तिवारी सहित अधिवक्ता व क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय दल बल के साथ मौजूद रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

# छात्र-छात्राओं से मध्यान भोजन के बारे में ली जानकारी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



ब्लॉक प्रमुख ने कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर का किया औचक निरीक्षण। उन्होंने छात्र छात्राओं के कक्ष में पहुंचकर बच्चों से बातचीत की। छात्र छात्राओं को मिलने वाले मध्यान भोजन के बारे में भी पूछा। प्रमुख ने किचन व विद्यालय परिसर की साफ सफाई देखा। विद्यालय परिसर व कमरों में गन्दगी मिलने पर प्रधान व प्रधानाध्यापक को सफाई करवाने के निर्देश दिये।

गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने अचानक से कंपोजिट विद्यालय सिरौली पहुंची जहां पर उन्होंने सबसे पहले छात्र-छात्राओं के कक्ष पहुंची और बच्चों से बात किया। उसके बाद उन्होंने प्रधानाध्यापक कक्ष अतिरिक्त कक्ष किचन व विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उनको कई स्थानों पर गंदगी मिली तथा किचन में भी साफ सफाई नहीं थी। जिसको लेकर ब्लॉक प्रमुख नाराज हुई और उन्होंने प्रधानाध्यापक बृजेश शुक्ला व ग्राम प्रधान मैकूलाल से विद्यालय में साफ सफाई के साथ जो कमियां हैं उनको दूर करने के लिए कहा। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि सिरौली गौसपुर कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां पर साफ सफाई सही ढंग से नहीं की जा रहे हैं। जिस पर खंड शिक्षा अधिकारी से बात कर विद्यालय की साफ सफाई करवाने के लिए कहा गया है।

## ऑटो से मां को बस में बैठाने वाले युवक से कंडक्टर ने की मारपीट

जालौन (उरई)। ऑटो से मां को बस में बैठाने आए युवक के साथ वहां मौजूद बस कंडक्टर ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। जब मां ने बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट कर पर्स में रखे तीन हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी।
पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाला निवासी शीला देवी ने पुलिस को बताया कि उनकी तबियत खराब थी। उन्हें इलाज के लिए उरई जाना था। घर से उनका बेटा दिनेश उन्हें बस में बैठाने के लिए अपनी ऑटो लेकर देवनगर चौराहे तक आया था। देवनगर चौराहे पर जब वह ऑटो से उतरने लगी तभी वहां बस कंडक्टर राजू गुप्ता निवासी ग्राम अमखेड़ा वहां आ गया और बेटे को सवारी बैठाने की बात कहकर उसके साथ गाली, गलौज करने लगा।

# कांग्रेस ने संविधान के विरुद्ध किया कार्य : मनोहर लाल




उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।

देश व प्रदेश में संविधान व आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में बैठकर जो प्रपंच रचने का बयान दिया वह देश के प्रति घोर असंवैधानिक कृत्य है जिसकी निंदा स्वाभाविक है। उक्त बात प्रदेश सरकार के श्रम व सेवायोजन मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुये कही। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण पर विदेश में दिए गए बयान पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री प्रदेश सरकार मनोहर लाल मन्नू कोरी ने बताया कि कि 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडी बस्ती में भी डाला था 1966 से 1977 तक संविधान में 25 बार संशोधन हुआ कांग्रेस ने अपनी सरकारों में कभी भी बाबा साहब का तैल चित्र संसद में नहीं लगने दिया न ही उन्हें कभी भारत रत्न देने का विचार किया 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संविधान को केवल आठ बार संशोधित किया गया यह अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए किया गया था। पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विज दीक्षित, पूर्व सांसद भानु प्रताप वर्मा, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामलखन औदीच्य, शंभू दयाल, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, रेखा वर्मा जयप्रकाश गौतम के साथ अनेकों अनुसूचित जनजाति के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के अधिकारियों ने डाली मोर्निंग रेड, हड़कंप



जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सुबह-सुबह बिजली विभाग के लोगों को अपने गांव में देखने से मचा हड़कंप। आलाधिकारियों के आदेशानुसार जैदपुर विद्युत वितरण उपकेंद्र द्वारा रानीगंज अतरौली में कांबिंग अभियान चलाया गया। जहां 50 कनेक्शन चेक किये गये। जिसमें 15 बकायादारों के कनेक्शन काटने के साथ 60000 राज्स्व वसूली की गयी। और चार बिजली चोरो के विरुद्ध मुकदमा लिख कार्यवाही भी की गयी। जानकारी के अनुसार आलाधिकारियों के आदेश बिजली की चोरी की रोक थाम व बकाया वसूली के लिये विभागीय टीम गुरुवार को कांबिंग अभियान में रानीगंज, अतरौली में 50 कनेक्शन चेक कर 15 बकायादारों के कनेक्शन को काट कर 60000 रू राजस्व वसूली की गयी। और हकीम प्रधान पुत्र जमील,राजकरन पुत्र मोहनलाल,कमलेश पुत्र पांचूलाल बृजेश पुत्र मान सिंह को बिजली चोरी करते हुये पकड़ा गया जिनके विरूद्ध मुकदमा पंजिकृत कर कार्यवाही की गयी।

इस अवसर पर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन वकार मेहंदी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत चेकिंग बकाया वसूली जारी रहेगी।

# जनपद के आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे को आगरा में सम्मानित

इटावा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, दिल्ली, भारत सरकार एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विकास संस्थान, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के सहयोग से जेपी सभागार में बुधवार को आयोजित हुए ब्लेंडेड कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर स्टेकहोल्डर्स ऑफ़ रिवर गंगा फेज-द्वद्व कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम विकास संस्थान, डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा द्वारा विश्विद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं वर्तमान में जनपद इटावा के जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे को दीनदयाल उपाध्याय उत्कृष्ट छात्र सम्मान 2024 के सम्मान से विभूषित किया गया। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार द्वारा सुभाष चंद्र बोस 2022 से अलंकृत, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान दिल्ली भारत सरकार, के वरिष्ठ प्रोफेसर, उपाध्यक्ष, सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गंगटोक, सिक्किम सरकार विनोद कुमार शर्मा, कुलपति आगरा विश्वविद्यालय श्रीमती आंसू रानी, अजय तनेजा प्रतिकुलपति, आगरा विश्वविद्यालय एवं मनोज कुमार सिंह निदेशक दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान, पालीवाल पार्क, आगरा द्वारा प्रदान किया गया।

# शिक्षक-अभिभावक के सामंजस्य से ही शैक्षिक उन्नयन संभव: डॉ.तिवारी

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।

एसएसवी इंटरमीडिएट कॉलेज में गुरुवार को शिक्षक अभिभावक संघ के आम सभा की बैठक आयोजित हुई।इस बैठक में प्रमुख चार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव ने की। प्रधानाचार्य डॉ. मणिशंकर तिवारी ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने पिछली करवाई प्रस्तुत की,जिसे शिक्षक अभिभावक संघ के सदन ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय का शैक्षिक उन्नयन शिक्षक और अभिभावकों के परस्पर सामंजस्य से ही संभव है।उन्होंने आय व्यय से भी सभी को अवगत कराया,जिसे सहर्ष स्वीकृति मिली।इस दौरान शैक्षिक उन्नयन हेतु सुझाव विषय पर अभिभावकों द्वारा कई रचनात्मक और सुधारात्मक विचार प्रस्तुत किए गए। अभिभावकों ने पठन पाठन को बेहतर बनाए रखने,विद्यालय में शिक्षकों से निरंतर संवाद रखने और शैक्षिक मूल्यांकन व समय समय पर विद्यार्थियों की परीक्षा कराए जाने पर बल दिया। शिक्षक अभिभावक संघ के



पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, जैसराज वर्मा, कोषाध्यक्ष राज श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पदाधिकारियों ने कहा कि नियमित विद्यार्थी के परीक्षण से बेहतर शिक्षा के मानदंड को और भी बेहतर बनाया जा सकता है।

सभी ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने और निरंतर शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया।इस दौरान अध्यक्षता करते हुए शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ. यादव ने अभिभावकों से मिल रहे निरंतर सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।उन्होंने अभिभावकों से विद्यार्थियों के स्कूल आने जाने,अच्छे आचरण और पाठ्य पुस्तकों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की अपील की।बैठक में विद्यालय के शिक्षक और तीन सौ से अधिक अभिभावक मौजूद रहे।

## रेलवे के सड़क में क्रैश बैरियर लगाने से राहगीरों परेशान

कालपी, जालौन। रेलवे विभाग के द्वारा सड़क में लोहे के क्रैश बैरियर स्थाई रूप से स्थापित कर देने के कारण काशीराम कॉलोनी सहित कई गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित होने लगा है। विदित हो कि रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे का अंडरपास पार करने के बाद दाहिनी साइड से काशीराम आवास कॉलोनी, धमना, गुलौली सहित आधा दर्जन गांवों को जाने वाली कच्ची रास्ता है, इस सड़क से काशीराम कॉलोनी के 744 आवासों के वाशिन्दों तथा ग्रामीणों का निरंतर आवागमन होता रहता है, पिछले सप्ताह करवाई संस्था के द्वारा रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में लोहे के बड़े-बड़े क्रैश बैरियर को स्थाई रूप से लगा दिया गया था। काशीराम कॉलोनी के निवासी राजनारायण शुक्ला ने बताया कि रेलवे ने नागरिकों की यातायात की सुविधा में रोड़ा अटका दिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज**

पत्रांक-मेमो/न.पा.प.गुर.गंज(2024-25) दिनांक-25.09.2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम सूर्य घर योजना हेतु नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में दिनांक 26.09.2024 से 03.10.2024 तक समय 11:00 AM से 2:00 PM तक पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति आधार कार्ड, पैन कार्ड, विद्युत बिल एवं बैंक पासबुक की प्रति के साथ कैम्प में पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठायें।

आज्ञा से
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गुरसहायगंज, कन्नौज

# प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में होगा धरना प्रदर्शन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन अवधेश की विशाल किसान महापंचायत सेंट मारिया पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद रोड पर स्कूल के प्रबंधक विकास अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

किसान पंचायत में भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी उपस्थित हुए इस मौके पर सेंट मरियम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विकास अवस्थी को प्रदेश महामंत्री शिक्षा प्रकोष्ठ व अखिलेश कुमार दुबे को जिला महामंत्री सैनिक प्रकोष्ठ कैप्टन एस सी दुबे को प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ व उपेंद्र सिंह सेंगर को ब्लॉक अध्यक्ष खडनी अश्विनी मिश्र को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कन्नौज एवं धीरज कुमार को जिला महासचिव नियुक्त किया गया इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश त्रिपाठी के साथ संगठन के तमाम पदाधिकारी राजीव कुमार अनूप कुमार सुरेश दुबे आशीष हर्षित दुबे सूर्यांश ठाकुर कुलदीप सिंह सर्वेश मिश्रा आशीष कुमार सुनील कुमार लालू यादव जितेंद्र सिंह पाल श्यामू सिंह उपेंद्र सेंगर रमेश चंद्र चतुर्वेदी अरविंद दुबे एवं अमित शुक्ला प्रमोद कुमार तिवारी अनिल श्रीवास्तव शिवराम सिंह सेंगर अश्विनी मिश्र कौशलेंद्र सिंह गोपाल दुबे आदेश सिंह जिला अध्यक्ष फर्रुखाबाद आदि लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारी को संगठन से जोड़ने पर हार्दिक बधाई दी किसान महापंचायत का संचालन प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक द्वारा किया गया बारी-बारी से सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार विमर्श किये पंडित अवधेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अवधेश के द्वारा बताया गया कि किसान का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

किसान महा पंचायत में पदाधिकारी के द्वारा जनपद में हो रही यूरिया खाद की कालाबाजारी के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा अश्वासन दिया गया कि यदि खाद की कालाबाजारी हो रही है तो अधिकारी इस पर नियंत्रित करें अन्यथा एक सप्ताह के बाद इस संबंध में विशाल धरना प्रदर्शन तहसील प्रांगण छिबरामऊ में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। किसानों का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कैरियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन, दी जानकारी

**कन्नौज।** जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने बताया कि सेठ वासुदेव सहाय इंटर कॉलेज एवं जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन की व्यवस्था और कैम्पस प्लेसमेंट के बारे में जानकारी दी गई। भारतीय वायुसेना के वारेंट ऑफिसर अशोक कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को वायुसेना में भर्ती होने की प्रक्रिया को समझाते हुए भर्ती के मापदंड समेत अन्य जानकारियों के बारे में बारीकी से बताया।

साथ ही अग्निवीर की तरह वायुसेना में लागू होने वाली अग्निपथ योजना के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य, संबधिंत अधिकारी व कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दुर्घटना में हुई मौत के बाद पूर्व विधायक पहुंचे मृतक के घर

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अमोल और पहुंचकर दुर्घटना में मृतक दीपक राजपूत के घर पहुंचे। विधानसभा छिबरामऊ ग्राम ककरहा नेपालपुर अमोलर निवासी दीपक राजपूत पिता का नाम कृष्ण कुमार राजपूत का दुर्घटना में आकस्मिक निधन की जानकारी प्रकार आकस्मिक निधन की।

जानकारी पाकर परिवार को शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे लोकप्रिय पूर्व विधायक बड़े भाई श्री अरविंद सिंह यादव जी ने सरकार से मृतक के परिवार को 10 लख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग की इस दौरान अमन खां प्रदेश सचिव समाजवादी युवजन सभा तस्लीम वारसी अंकुर सिंह यादव मिडिया प्रभारी अमित यादव ग्राम प्रधान रामसेवक राजपूत खन्ना राजपूत कमल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# बंधक बनाकर महिला से किया सामूहिक दुष्कर्म, तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

महिला को पति से मिलवाने के बहाने ले जाकर युवक ने अपने साथी के कमरे में बंधक बना लिया। इसके बाद उसके साथ लगातार तीन माह तक दुष्कर्म किया। किसी तरह से आरोपितों के चंगुल से छूटी महिला ने परिजनों को आपबीती बताइए और कोतवाली पुलिस को तहरीर देखकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 जून को उसके पति का रिश्तेदार अनुज पुत्र डोरीलाल, रामकिशोर व सुधीर पुत्रगण श्री कृष्ण निवासी ग्राम सिधौली थाना कमालगंज जनपद फर्रूखाबाद ने उसे उसके पति के पास पहुँचाने का प्रलोभन दिया। इसके बाद तीनों लोग कस्बा छिबरामऊ से रोडवेज बस पर बैठा कर उसे ले गए। जिसके बाद उसे शाहकोट जालंधर पंजाब ले गए। इसके बाद उसे सुधीर के कमरे में बंधक बना लिया और तीनों आरोपितों ने लगातार 03 महीने तक उसके साथ दुष्कर्म कर किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला की शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज का जांच शुरू कर दी है।

# लोगों को दी पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी

- पहले दिन सात ने कनेक्शन के लिए किया आवेदन
- एक सप्ताह तक पालिका परिसर में लगेगा कैंप

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका में लगे कैम्प में आवेदन कराते लोग।

प्रदेश में लोगों के सिर से बिजली बिल का बोझ कम करने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लॉन्च किया गया है।

यूपी सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती दिख रही है। इस योजना के तहत घर की छत पर सोलर एनर्जी प्लांट लगाए जाने की योजना है। इसके तहत गुरूवार को नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में पीएम सूर्य घर योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें पालिका कर्मियों ने बताया कि योजना के तहत 26 सितम्बर से 03 अक्टूबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक पालिका परिसर में ऑनलाइन आवेदन किए जाएंगे। एक किलोवाट का कनेक्शन लेने पर 65 हजार रुपए खर्च करने होंगे। इसमें 30 हजार रूपये केंद्र सरकार और 15,000 रुपये राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। इससे लगभग 45 हजार रुपये की छूट आवेदक को मिल जाएगी। कोई भी व्यक्ति 01 से 10 किलोवाट तक के प्लांट को घरों में लगवा सकता हैं। छोटे उद्यमी भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। केंद्रीय बजट में कस्टम ड्यूटी कम किए जाने के बाद अब सोलर पैनल लगवाना 12 फीसदी सस्ता हो सकता है। योजना के तहत पहले दिन सात लोगों ने सूर्य घर योजना के आवेदन कराए है। इस दौरान प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर सिंह, मनोज तिवारी, सभासद दीपक गुप्ता, भैयालाल दुबे, सिराजुल, सिराज आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन को नगर की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी युवा जनसभा के प्रदेश सचिव के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष को लिखित ज्ञापन सपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा समाजवादी पार्टी युवा जनसभा के प्रदेश सचिव राशिद फारूकी व समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने नगर के पूर्वी बाईपास व पश्चिमी बाईपास पर गेट बनवाने व नगर में पार्क बनवाने के साथ अन्य कई समस्याओं से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज दुबे को अवगत कराया लिखित रूप से ज्ञापन दिया ज्ञापन देते समय दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवीन एक मुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ

- धनराशि पर दण्ड ब्याज तथा चकवृद्धि ब्याज की छूट प्रदान करते हुये केवल साधारण ब्याज ही लिया जायेगा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में ऐसे ऋण गृहिता जिन्होनें विभाग से ऋण/ लोन लिया है।

उनके लिए विशेष आर्थिक लाभ के रूप में अवशेष देय/ अधिदेय ऋण जमा करने हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजना लागू किये जाने की स्वीकृति एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रदान की गयी है। ऐसे ऋण गृहिताओं के लिए विशेष आर्थिक लाभ के रूप में अवशेष ऋण जमा करने हेतु नवीन एक मुश्त समाधान योजना लागू की है। अर्थात ऋण गृहिता से ऋण स्वीकृति की तिथि से (36 माह से लेकर 60 माह तक) का ही साधारण व्याज लिया जायेगा।

शेष अवधि का सम्पूर्ण ब्याज/चकवृद्धि ब्याज दण्ड ब्याज माफ कर दिया जायेगा। बकाया ऋण को प्रोत्साहित करते हुए ओटीएस का लाभ लाभार्थी के आवेदन पत्र पर ऋण खातें में अवशेष धनराशि पर नवीन एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत लोन लेजर में बकाया धनराशि के आधार पर दिया जायेगा। उपरोक्त देयता के सम्वन्ध में यदि आप निगम द्वारा संचालित नवीन एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेना चाहते है तो देय ऋण की धनराशि विलम्बतम दिनांक 31 मार्च, 2025 तक कार्यालय में जमाकर दें। तो आपसे देय ऋण की धनराशि पर दण्ड ब्याज तथा चकवृद्धि ब्याज की छूट प्रदान करते हुये केवल साधारण ब्याज ही लिया जायेगा। नवीन एकमुश्त समाधान योजना का 31 मार्च 2025 तक लाभ उठाने हेतु कार्यालय जिला प्रबन्धक, उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. से सम्पर्क कर सकते है एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले व्यक्ति अपने विकास खण्ड में खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में सहायक/ ग्राम विकास अधिकारी (स0क0) से सम्पर्क कर सकते है।

# बिजली विभाग के अधिकारियों पर अवैध वसूली के आरोप में सपाइयों ने किया प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन, की कार्यवाही की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते सपाई

बिजली विभाग के अधिकारियों पर निजी कर्मचारियों के माध्यम से अवैध वसूली कराने के आरोप लगाकर सपाइयों ने जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। सपाइयों ने कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा।

जनपद में बिजली चेकिंग, बकाया बिल का भुगतान के अलावा बिजली बिलों में गड़बड़ी सुधार के नाम पर हो रही अवैध वसूली को लेकर सपाई नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे। कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर पहुंचकर सपाइयों ने नारेबाजी करते हुये धरना प्रदर्शन किया। सपा नेता जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक अरविंद प्रताप आदि का कहना था कि, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं से उपरोक्त मदो में अवैध वसूली करवाने के लिये विभाग द्वारा लाइनमैन से लेकर मीटर रीडर, के रूप में प्राइवेट कर्मचारियों को रखा गया है। इन्हीं प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को अपने बुने जाल में फंसा कर धन उगाही की जाती है। खास तौर पर विशेष जाति समुदाय के लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वर्तमान सरकार पर भी आरोप लगाते हुये सपाई नेताओं का कहना था, कि आज सपा के मुखिया अखिलेश यादव की लोकप्रियता और लोकसभा सीट से ऐतिहासिक जीत वर्तमान सरकार के कारिंदों को रास नहीं आ रही है। पीडीए से जुड़े लोगों के अलावा आम से लेकर खास बिजली उपभोक्ताओं का किसी न किसी रूप में उत्पीड़न किया जा रहा है। इस सिलसिले को रोका जाय, अन्यथा की स्थित में जिले में एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जायेगा। सपाई नेताओं का यह भी कहना था कि, बकाया बिजली बिलों का भुगतान वित्तीय वर्ष के अंत में कराया जाय। दिसंबर से मार्च माह में किसान आलू और मक्का की फसल करता है। फसल बेंचकर किसान बिलों का भुगतान आसानी से कर सकता है। भुगतान के लिये किसी उपभोक्ता को परेशान ना किया जाएं। सपाई नेताओं का कहना था कि पूर्व की सरकार में बकाया बिल भुगतान के लिये वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में छूट भी दी जाती थी। जिससे किसानों से लेकर अन्य बिजली उपभोक्ताओं को अपना बिल अदा करने में आसानी होती थी। लेकिन वर्तमान सरकार में योजनाओं को खत्म कर दिया गया है। डीएम से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, पी पी बघेल, यश दोहरे, हबीब हशन, अमित यादव, विवेक पाल, शिल्पी यादव पिंटू यादव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्योग बंधु समिति की बैठक में हुई कई बिंदुओं पर चर्चा, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी

उद्योग बंधुओं/व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमी संगठन से जुड़े हुए प्रतिनिधियों की विद्युत ट्रिपिंग, ट्रैफिक, अतिक्रमण, शौचालय, पार्किंग, टैम्पों स्टैण्ड जैसी आदि समस्याओं का बहुत ही गहनता के साथ अनुश्रवण किया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत ट्रिपिंग से विद्युत उपकरण खराब होने के साथ दुर्घटनायें होने की भी सम्भावनायें रहती है। विद्युत ट्रिपिंग में रोकथाम लगायी जाये।

कहा कि जनपद में इत्र पार्क बनने से औद्योगिक गलियारा बहुत बड़ा होने वाला है। इत्र पार्क में प्लॉट हेतु 61 भूखण्ड के सापेक्ष 32 भूखण्ड आवंटित कर दिये गये हैं। शेष भूखण्डों का आवंटन शीघ्र होगें। उन्होने यूपीसीडा को निर्देश दिये कि इत्र पार्क में 05 यूनिट में कार्य शीघ्र शुरु कर दिया जाये। भारत सरकार भी औद्योगिक गलियारा पर विशेष फोकस कर रही है। कहा कि कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत 159 इकाईयों का पंजीकरण हो चुका है। और जो इच्छुक हो उनका भी पंजीकरण कराया जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि टैम्पों स्टैण्ड बनाने हेतु शीघ्र स्थान चिन्हित किया जाये। उन्होनें अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि गम्भीरता से लेकर शहर के मुख्य स्थानों में शौचालय बनाये जाये। लाखन चैराहे के आस-पास पार्किग बनाये जाने हेतु एक समित गठित की जायेगी। जो शीघ्र स्थान का चिन्हांकन कर कार्यवाही करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक विकास में उद्यमियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। उद्यमी/ व्यापारियों की जो समस्या पायी जाती है उसे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाये।

उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री लगाने के मानक क्या हैं। और आग लगने के उपरान्त कैसे बचाव किया जाये। अग्नि समन अधिकारी द्वारा जानकारी दी जायेगी। इंडस्ट्री में आग की आवश्यकता अधिक होती है। जिसके बचाव हेतु इंडस्ट्री में गाड़ी पहुंचने का रास्ता, लोगो को बचने का रास्ता, उचित स्थान पर जीना, आलर्म, वाटर टैंक सभी का होना आवश्यक होता है। इस अवसर पर अग्निसमन यंत्रो द्वारा आग बुझाने की ट्रेनिंग दी।

# चेतावनी के बाद भी दुकान खाली न करने पर हुई कार्रवाई

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



श्री राम मंदिर ट्रस्ट की दुकान को खाली करते कर्मी।

श्री राम मंदिर ट्रस्ट की दुकान पर काबिज दुकानदार के द्वारा बीते 04 वर्षो से किराया जमा न करने सहित ट्रस्ट के विपरीत कार्य करने पर एसडीएम ने राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर दुकान को खाली कराने की कार्रवाई की।

गुरुवार को एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी के नेतृत्व में नगर के चौराहे स्थित श्री राम मंदिर ट्रस्ट की दुकान संख्या 67 स्वर्गीय अब्दुल कादिर की दुकान पर रखे सामान को हटवाया गया। राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में पालिका कर्मियों ने सामान को निकाल कर दुकान को खाली कराया। दुकान से निकले सामान को दुकान संचालक के परिजन के सुपुर्द कर दिया। ट्रस्ट के केयरटेकर गौरव कश्यप ने बताया कि दुकान संचालक के द्वारा बीते 04 वर्षो से दुकान का किराया जमा नहीं किया जा रहा था। जबकि ट्रस्ट के विपरीत कार्य करने की भी शिकायत आ रही थी। इसको लेकर दुकानदार को नोटिस देकर दुकान खाली करने की चेतावनी भी दी गई थी। 18 सितंबर को एसडीएम की मौजूदगी में 06 दुकानों को सील कर कार्रवाई की गई थी। इसके बाद भी दुकानदार द्वारा दुकान को खाली नहीं किया गया था। जिसको लेकर कार्रवाई की गई है।

## चोरी हुई पिकअप बरामद, चार गिरफ्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीते मंगलवार की सुबह करीब 3.30 बजे नगर के बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर से चोरो ने खड़ी पिकअप को चोरी कर लिया था। जिसके बाद वाहन स्वामी ने इस बात की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पिकअप की तलाश जारी कर दी। सीसीटीवी कैमरों की मदद से कोतवाल आलोक कुमार दुबे के निर्देशन में कस्बा इंचार्ज ज्ञानेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने मैनपुरी के ट्रांसपोर्ट नगर में छापेमारी की और चोरी गई पिकअप को बरामद कर लिया। चोरो ने पिकअप की रंगाई पुताई कर नंबर भी बदल दिए। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# पांच सौ एकड़ में बोयी खरीफ की फसलें सड़ी, खेतों में भरा पानी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज़।**

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले क्षेत्रीय किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निस्तारण कराने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देव सिंह पटेल के नेतृत्व में रामेश्वर दयाल, शिवसिंह, चतुर सिंह, तारासिंह, नारायणदास, निखिल, आदि ने तहसीलदार एसके मिश्रा को ज्ञापन देकर बताया कि तहसील क्षेत्र में अतिवृष्टि व आलोवृष्टि से हजारों एकड़ फसल नष्ट हो चुकी है। खेतों में अभी भी पानी भरा हुआ है। गायर व आसपास के इलाके में 400 से 500 एकड़ जमीन जलमग्न है। खेतों में पानी भर जाने के कारण उसमें खरीफ की बोई गयी फसल सड़ गई है और पूरी तरह नष्ट हो गयी। लगभग दो माह से पानी भरे रहने के कारण उसमें जहरीले कीड़े पैदा हो गये हैं।

फसल नष्ट होने व जहरीले कीड़े होने के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और बीमारियों की आशंका बढ़ रही है। किसानों ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि पानी की निकासी की उचित व्यवस्था कराई जाए। इसके लिए सड़क किनारे नाले को खुदवाया जाए जिससे पानी निकल सके। इसके अलावा सड़क को काटकर माइनर के माध्यम से भी पानी निकाला जा सकता है।

# ग्रामीणों ने वन कर्मियों के सहयोग से अजगर को जंगल में छुड़वाया

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



- अजगर ने नीलगाय के बच्चे को निगला, ग्रामीणों में हड़कंप

जनपद के एक गांव में एक विशालकाय अजगर द्वारा नीलगाय के बच्चे को निगल लिये जाने की घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम और पुलिस पहुंच गई थी। कि बीते कुछ समय से जनपद के थाना विशुनगढ़ क्षेत्र में पहले कथित हमलावर भेड़िये और अन्य जानवरों के हमले से ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। वहीं बीते तीन चार दिनों से जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के तीन से चार गांव में ग्रामीण आवारा और जानलेवा हमला करने वाले जानवरों के हमले से परेशान हैं। ग्रामीण जहां रात रात भर जाग कर स्वयं के साथ साथ अपने परिवार और पालतू मवेशियों की सुरक्षा करने को रात रात भर डंडे आदि लेकर पहरा दे रहे हैं। वहीं जागते रहो, जागते रहो की आवाजें गांव में साफ तौर पर सुनी जा सकती हैं। इन ग्रामीणों की रात की चहलकदमी से इनके गांव में खौफ आसानी से देखा और महसूस किया जा सकता है। हांलाकि उपरोक्त मामले में वन विभाग के अधिकारी, विभागीय टीम के साथ साथ पुलिस भी कहीं भी भेड़िया नहीं होने की बात कह रहे हैं। जो घटनायें घटित हुईं। उनमें अन्य जानवर के हमले की बात कही जा रही है। अभी ग्रामीणों के अंदर आवारा जानवरों को लेकर जहां भय व्याप्त है।

वहीं बीती सायं ठठिया क्षेत्र में एक गांव में विशालकाय अजगर के निकलने और नीलगाय का एक बच्चा निगल लिये जाने की सूचना पर ग्रामीणों में एक बार फिर हड़कंप मच गया। मामला ठठिया थाना क्षेत्र के गांव सिसैयनपुर्वा गांव का बताया गया है। यहां बीती सायं एक विशालकाय अजगर ने एक नीलगाय के बच्चे को निगल लिया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर पहुंच गए। विशालकाय अजगर को ग्रामीणों ने चारो ओर से घेर लिया। वन विभाग की टीम के अलावा पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई। जानकारी के बाद विभागीय टीम के दो वनकर्मी और पुलिस मौके पहुंचे।यहां ग्रामीणों ने किसी प्रकार अजगर का निवाला बने नीलगाय के बच्चे को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद ग्रामीणों ने अजगर को कड़ी मशक्कत करके वन कर्मियों के सहयोग से पकड़ने के बाद जंगल में छुड़वा दिया है। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ रही।

# गले में गुब्बारा फंसने से छात्र की मौत



बच्चे को देखते सांसद तथा बीएसए साथ में ग्राम प्रधान इंद्रेश कुमार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

खेल-खेल में गुब्बारा गले में फंसने से कक्षा 2 के छात्र की मौत हो गयी। सूचने मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव बहोरा निवासी जबर सिंह का 7 वर्षीय पुत्र जगतराम रोज की तरह अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने गया था। वह कक्षा 2 का छात्र था। इंटरवल के समय खेल-खेल में गुब्बार फुलाने के चक्कर में गुब्बारा उसके मुंह में चला गया। अध्यापक ने बताया कि जैसे ही इंटरवल की घंटी लगी, वैसे ही बच्चा पानी पीने के लिए नल पर गया। जहां पर वह गिर गया। जब हमने देखा, तो उसको उठाया। जिस पर वहां मौजूद बच्चों ने बताया कि इसके मुंह में गुब्बारा चला गया है। इसके बाद उसके परिवारीजनों को सूचना दी तथा एंबुलेंस को बुलवाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही बच्चों ने दम तोड़ दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक बच्चे के परिवार में हाहाकार मच गया। इधर स्कूल में बच्चों की हुई मौत की सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश पाल मौके पर पहुंचे तथा उनके साथ में कई अध्यापक भी मौके पर पहुंचे। जिसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारी ने बीएसए को दी। सूचना पाते ही बीएसए गीतम प्रसाद, डीसी नागेंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौके पर पहुंचे। बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही सांसद मुकेश राजपूत तथा एसडीम संजय सिंह भी मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी, लेखपाल अभय त्रिवेदी भी मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता जबर सिंह ने बताया कि वह मजदूरी का कार्य करते हैं। उनके चार पुत्र और दो पुत्री हैं। जिसमें आज एक पुत्र की मौत हो गई। वहीं पुत्र की मौत से मां सीमा देवी सदमें में आ गई तथा भाई दीपक, दिनेश, अंश, बहन नीलम और लक्ष्मी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा तथा पोस्टमार्टम हाउस के लिए भिजवाया इस मौके पर ग्राम प्रधान इंद्रेश कुमार सहित कई अध्यापक तथा पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा।

# सामूहिक दुष्कर्म व डकैती में दो आरोपियों को कारावास

- दोनों आरोपियों पर एक-एक लाख रुपये का लगाया गया अर्थदण्ड
- एक लाख रुपया पीड़िता व 25-25 हजार घायलों को दिये जायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सन्त के घर मे घुसकर डकैती डालने व सन्त की शिष्या के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला जज विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुनील कुमार पुत्र मशाल तेली, मुन्ना लाल उर्फ पंडित पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम चुरसाई जहानगंज को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास से दंडित किया है। बीते 8 वर्षो पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम चुरसाई निवासी कलेक्टर दास ने थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि जहानगंज फर्रुखाबाद रोड पर प्रतिदिन की तरह अपने सहयोगी बाबा हृदयराम तथा बालकदास व शिष्या माया देवी सभी लोग सोए हुए थे। करीब रात डेढ़ बजे रात्रि चार अज्ञात चोर चोरी करने की नियत से घुस आए और बड़ा संदूक खोलकर बक्से में से तीन हजार रुपये निकाल लिए, तभी खटपट की आवाज से उसकी आंख खुली और उसने उन्हें टोंका, तो चारों अज्ञात व्यक्तियों ने हाथों में लिए डंडों से उसे व उसके सहयोगी बाबाओं को बुरी तरह से पीटा और बलात्कार करने की नियत से माया देवी को पास के खेत मे मारपीट कर ले गए। खेत पर मायादेवी के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। इस बीच खेत में पानी लगाने वालों ने ललकारा, तो उक्त लोग माया देवी को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर सुनील कुमार, मुन्ना लाल, प्रबल प्रताप के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान 319 के तहत टिंकू पाल को तलब किया गया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने सुनील कुमार, मुन्ना लाल को दोषी करार दिया। वहीं साक्ष्य के अभाव से प्रबल प्रताप, आदेश को दोष मुक्त कर दिया। अभियुक्तगण सुनील कुमार व मुन्ना लाल उर्फ पण्डित को धारा 376डी, 511 भा0द0स0 के अपराध के लिए 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व मु0 50,000-50,000/-.के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6-6 माह का अतिरिक्त कारावास तथा धारा 394/34 भा0द0स0 के अपराध के लिए अभियुक्तगण को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व मु0 50,000-50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गया। समस्त अर्थदण्ड में से मु0 1,00,000/- रूपये पीड़िता को एवं मु0 25000-25000/- चुटहिल कलेक्टर दास, बालकदास, हृदयराम को प्रदान कराया जाए व शेष 25000/- रुपया सरकार के खाते में जमा कराया जाए।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्राम गढ़ी निवासी इंद्रपाल के 35 वर्षीय पुत्र कुबेर सिंह ने कमरे में बंद होकर स्टॉल के सहारे टीन सेट में लगे लोहे के पाइप में फांसी लगा ली। पत्नी रूबी ने बताया कि वह लगभग 12 बजे कमरे में गयी और दरवाजा खटखटाया। कई बार गेट खटखटाने पर न तो आवाज आई और न ही गेट खोले। जब छोटा भाई विक्रम मजदूरी करके घर खाना खाने आया, तो पत्नी ने देवर को सारी घटना बताई। विक्रम ने दीवार के मुखलों से झांककर देखा कि कुबेर सिंह फांसी पर झूल रहा है। विक्रम टीनशेड को उठाकर अंदर गया और दरवाजा खोलकर भाई को नीचे उतारा। आनन-फानन में कुबेर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदाबाद लाया गया। जहां डॉक्टर जितेंद्र यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली मोहम्मदाबाद में मेमो भिजवाया। बताते चले कुबेर सिंह चार भाईयों में दूसरे नंबर का था तथा उसके चार बच्चे हैं। जिसमे बड़ा बेटा पंकज 8 वर्ष, गौतम 5 वर्ष, रिया 3 वर्ष तथा प्रशांत 1 वर्ष है। कुबेर सिंह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। पत्नी रूबी का रो-रोकर बुरा हाल है। पखना चौकी इंचार्ज प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस का हुआ रिसाव

- मची अफरा-तफरी, दमकलकर्मियों ने पहुंचकर पाया काबू



मौके पर मौजूद दमकलकर्मी व कोल्ड स्टोरेज कर्मचारी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज में सफाईकर्मी की लापरवाही से अमोनिया गैस का रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गयी। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर अमोनिया गैस रिसाव पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र में इटवा बरेली हाईवे पर सकवाई में बने सुमंगलम कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन 31 जनवरी 2024 को हुआ था। गुरुवार को कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस का रिसाव होने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड कर्मियों को दी गयी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालर अमोनिया गैस के रिसाव पर काबू पाया। सुमंगल कोल्ड स्टोरेज के मालिक डॉक्टर संतोष यादव ने बताया ड्यूटी चेंज होने पर जो सफाईकर्मी आया था सफाई करते समय कर्मचारी का पैर फिसल गया था। जिससे अमोनिया गैस का बाल खुल गया था।

बताते चलें कि अमोनिया गैस जहरीली होती है। श्वास नली को प्रतिबंधित कर चपेट में आने वाले की मौत हो जाती है।

फायर ब्रिगेड अधिकारी ने बताया फायर ब्रिगेड की बिना एनओसी के कोल्ड स्टोरेज संचालित हो रहा है। पानी के छिड़काव के लिए कोल्ड स्टोरेज में नहीं है पर्याप्त इंतजाम। दमकल कर्मी चार किलोमीटर दूर से गैस प्लांट से पानी लाये।



बैठक लेते जिलाधिकारी

## डीएम ने की एमआरएफ सेन्टरों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में जनपद के नगर निकायों में संचालित मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एमआरएफ) सेन्टरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमआरएफ सेन्टर की क्षमता, संचालन की स्थिति, विद्युत संयोजन, उपलब्ध मशीनरी एवं उपकरणों की स्थिति व कर्मचारियों की संख्या पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संकिसा व मोहम्मदाबाद के एमआरएफ सेंटरों में विद्युत संयोजन कराकर 15 दिवस में शुरू कराने के लिये निर्देशित किया। सभी सेंटरों पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी व संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

# तिहरे हत्याकांड में पिता-पुत्र सहित चार लोग दोषी करार

- सजा पर सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तिथि नियत
- प्रेम प्रसंग में लड़की के परिजनों ने की थी लड़के की हत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज प्रथम न्यायाधीश शैली रॉय ने अवनीश पुत्र अर्जुन, अर्जुन पुत्र श्रीराम, गिरीश पुत्र दयाराम निवासी गदनपुर देवराजपुर कमालगंज, मनोज पुत्र राजेश्वर दयाल निवासी नौखण्डा फतेहगढ़ को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए सजा के बिन्दु पर 27 सितम्बर की तिथि नियत की है।

बीते चार वर्षो पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र नत्थूलाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि दिनांक 20 नवम्बर 2019 को मेरा भतीजा दुर्वेश दो दिन पूर्व दिल्ली से अपने घर पर आने के बाद दिल्ली वापस जा रहा था। उसे उसका पड़ोसी मौसेरा भाई अवनीश अपनी मोटरसाइकिल से फर्रुखाबाद भेजने गया था। उसके बाद से मेरे भतीजे का कोई पता नहीं चला। मेरी भाभी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। उसके बाद न्यायालय में अपने पुत्र की हत्या अवनीश आदि के द्वारा किये जाने की आशंका जताते हुए शिकायत की थी। तब से अवनीश व उसके परिवारीजन खुलेआम धमकियां देने लगे। दिनांक 20 मार्च 2020 को शाम करीब साढ़े छः बजे मेरे भाई सुरेंद्र के घर पर अवनीश, अर्जुन, अभिषेक, ग्रीश, मनोज दो अज्ञात को लेकर आया और अपने हाथों में कुल्हाड़ी व गड़ासे से भाई सुरेंद्र, भाभी सुलोचना व घर के अन्य लोगों के ऊपर हमला कर दिया। जिससे भतीजा अतुल भयभीत होकर बाहर भाग गया। जिसको पकड़ लिया और ताबड़तोड़ बार किये। जिससे भतीजे अतुल, भाई सुरेंद्र, भाभी की मौत हो गयी। जबकि मां तारावती और भतीजा विवेक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अभिषेक की पत्रवली किशोर न्यायालय में विचाराधींन है। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने अवनीश, अर्जुन, ग्रीश, मनोज को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 27 सितंबर की तिथि नियत की है।

## खबरें एक नजर में

### सीपीवीएन में क्रिकेट ट्रायल अंडर 17 व 19 वर्ष की प्रतियोगिता का हुआ समापन



प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालय क्रिकेट ट्रायल आयु 17 व 19 वर्ष प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन सीपी विद्या निकेतन इंटर कॉलेज कायमगंज में हुआ। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेशचंद्र तिवारी ने छात्रों का परिचय लेकर प्रतियोगिता को प्रारंभ कराया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम शिक्षकों के द्वारा प्रतियोगिता को संपन्न कराया गया। जिसमें चयनित सभी छात्रों ने मंडल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी चयनित छात्रों को और व्यायाम शिक्षकों को बधाइयां दी और खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### आकांक्षात्मक विकास खंड नवाबगंज/राजेपुर की इंडिकेटर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकास खंड नवाबगंज और राजेपुर की इंडिकेटर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अभियान चलाकर अपने-अपने इंडिकेटर्स को 100 प्रतिशत पूर्ण करें। जिससे जनपद की रैंकिंग अच्छी हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव सिलसन्डा निवासी विजय कुमार उम्र 55 वर्षीय पुत्र लाखन सिह ई-रिक्शे द्वारा कायमगंज सवारियों को छोड़कर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम झब्बूपुर नहर थाना कायमगंज के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बुलेरो ने उसके ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे चालक विजय दब गया। चीखने चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीणों ने ई-रिक्शे के नीचे से विजय को निकालकर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### मार्ग दुर्घटना में दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में कम्पिल क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी इमरान 20 वर्षीय व क्षेत्र के गांव भटासा निवासी संतोष का 17 वर्षीय पुत्र शिवम घायल हो गये। दोनों घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद इमरान को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पुलिस ने चार जुआरी दबोचे

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव सुल्तानपुर पलनापुर में छापेमारी कर चार जुआरियों अवनीश जाटव, नरायन दीक्षित, इकबाल, अख्तर निवासी सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी को थाने ले आयी। पुलिस ने सभी का चालान कर दिया।

# आम के पेड़ों का कटान रोकने में सरकारी अमला बेबस

- रात के अंधेरे में किया जाता है आम के बाग में कटान



लकड़ी माफियाओं द्वारा काटा गया आम का हरा पेड़



शमशाबाद में काटे गये हरे आम के वृक्ष

**शमशाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

लकड़ी माफिया ने दिनदहाड़े काट डाले आम के हरे बरे वृक्ष। वहीं वनविभाग व पुलिस सब जानकर भी अंजान बनी हुई है। जिससे लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम मंझना में दिनदहाड़े आम के हरे भरे प्रतिबंधित वृक्षों को एक लकड़ी माफिया गिरजा शंकर द्वारा कटवाया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जब वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की गई तो पूरा मामला ही सामने आ गया। जानकारी करने पर बाग मालिक ने बताया कि उसने अपने बाग में खड़े तीन आम व दो जामुन के पेड़ों को लकड़ी माफिया गिरजा शंकर को बेंच दिया था। जिसे उसके द्वारा आज कटवाया गया है। मालूम रहे विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम मंझना में स्थित एफसीआई केंद्र के पीछे कुछ दूरी पर स्थित बाबूराम के आम के बाग में खड़े आम व जामुन के पेड़ों को लकड़ी माफिया गिरजाशंकर द्वारा रात्रि के अंधेरे में चार आम के हरे भरे वृक्षों को सौदा होने के बाद कटवाया गया था। हालांकि वन विभाग के अधिकारी इस बात से इनकार करते रहे। जब इस संबंध में क्षेत्रीय वन अधिकारी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। तीन आम और दो जामुन के वृक्ष लकड़ी माफिया द्वारा काटे गए। लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। **वहीं कमालगंज प्रतिनिधि के अनुसार** थाना क्षेत्र के गांव कल्लू नगला में धड़ल्ले से हरे आम के पेड़ों को काटा जा रहा है। जिसकी सुध लेने वाला कोई भी अधिकारी नहीं है।

खास बात तो यह है कि रात में एक-एक करके पेड़ काटे जा रहे हैं। प्रशासन की मिली भगत से लकड़ी माफिया में कोई डर खौफ नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां लकड़ी के माफिया रात में आते हैं तथा आरा ड्रिल मशीन से रात में हरे आम के पेड़ों की कटाई की जाती है तथा मजदूर और ट्रैक्टर साथ में होते हैं। इधर पेड़ कटता है, उधर टार्च की रोशनी में गाड़ी में लोड होता है और तुरंत वहां से चला जाता है। खास बात यह है कि मजदूरों के द्वारा वहां पर इस कदर लकड़ी की बनाई की जाती है कि वहां एक भी लकड़ी न रहने दी जाती है जहां सरकार पेड़ लगाने के लिए अभियान चला रही है जहां स्कूल की दीवारों में तथा अन्य सरकारी संस्थानों में वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ वृक्ष हमारी जान है, वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं के नारे लगाए जाते हैं। वहीं लकड़ी माफिया कटान करने से पीछे नहीं हटते हैं। हालत यह है की इन लकड़ी माफियाओं के आगे वन विभाग से लेकर पुलिस विभाग तक बेबस नजर आ रहा है।

# लूटपाट के दो मामलों में अभियुक्त को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लूटपाट के दो मालमों में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त सुबोध यादव को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

2 दिसम्बर 2016 को कायमगंज कोतवाली के मोहल्ला पाठक निवासी आशुतोष ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि वह अपनी सर्राफा की दुकान बंद कर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में तीन अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उसका बैग छीन लिया था। पुलिस ने धारा 394 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। 11 अप्रैल 2017 को उपनिरीक्षक राशिद अख्तर ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की तो अभियुक्त सुबोध यादव ने बताया कि 2 दिसम्बर 2016 को कायमगंज में जो घटना की थी। उसमें प्रयुक्त तंमचा घटना करते समय कुआं खेड़ा एक पुलिया पास ईट में छुपा दिया था। पुलिस ने तमंचा बरामद कर लिया था। वहीं दूसरी घटना जनपद मैनपुरी के भोगांव वरहट निवासी सच्चिदानंद ने भी पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि अपनी ससुराल दत्तूनगला कायमगंज बाइक सख्या यूपी 84एस/8967 से जा रहा था। रास्ते अचरा मार्ग पर तीन अज्ञात बदमाशों ने तमंचे की नोक पर 3900 रुपये व बाइक छीन ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त सुबोध यादव को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# बीडीओ ने जल जीवन मिशन की गाड़ी को झंडी दिखाकर किया रवाना



जल जीवन मिशन की गाड़ी को रवाना करते बीडीओ

**कमालगंज समृद्धि न्यूज!**

जानकारी के अनुसार आज खंड विकास परिसर से जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव गांव जाकर प्रचार करने वाली गाड़ी को खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने झंडी दिखाकर रवाना किया वही खंड विकास अधिकारी ने बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी जल जीवन के मिशन के अंतर्गतजिला परियोजना समन्वयक देवव्रत मिश्र सहायक जिला परियोजना समन्वयक मुकुल चौधरी प्रशान्त द्विवेदी एवं प्रशिक्षक रमाकांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम विकास खण्ड के सभी ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में सामाजिक मानचित्रण तथा टी शर्ट एवं टोपी वितरण का जन जागरूकता कार्यक्रम रहेगा सहयोगी संस्था . जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एण्ड एजुकेशनल ट्रस्ट इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान तथा वरिष्ठ लिपिक विजय राठोर ऑडियो कृषि विभाग योगेंद्र प्रताप सिंह सचिव अमित शुक्ला शिवम कुमार रोजगार सेवक फिरोज खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सट्टे की खाईवाड़ी करते पांच गिरफ्तार, 75 हजार की नकदी बरामद



गिरफ्तार अभियुक्तगण तथा बरामद नकदी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले 05 अभियुक्तगण को कुल 75,205/- रूपये व सट्टा सम्बन्धित सामग्री सहित गिरफ्तार कर लिया।

अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर 05 व्यक्तियों को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए कुल 75,205/- रूपये व सट्टा सम्बन्धित सामग्री सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों ने अमित सक्सेना पुत्र स्व0 भोलानाथ सक्सेना निवासी मो0 खतराना फर्रुखाबाद, गुड्डन शर्मा उर्फमनोज पुत्र स्व0 जगमोहन लाल शर्मा निवासी दरिबा पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद, राजेश राठौर पुत्र राम बाबू राठौर निवासी तलैया फजल इमाम कोतवाली फर्रुखाबाद, रोहित पुत्र सरबर उर्फ छोटे निवासी खटकपुरा सिद्दिकी कोतवाली फर्रुखाबाद, आफाक खान पुत्र हसनैन खान निवासी खटकपुरा सिद्दिकी कोतवाली फर्रुखाबाद के नाम शामिल हैं। पुलिस ने सभी के विरुद्ध मु0अ0सं0 194/24 अन्तर्गत धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया है। अभियुक्त अमित सक्सेना पर आधा दर्जन मुकदमे, अभियुक्त गुड्डन शर्मा उर्फ मनोज पर चार मुकदमे, अभियुक्त राजेश राठौर पर एक मुकदमा, अभियुक्त रोहित पर दो मुकदमे तथा अभियुक्त आफक खान पर एक मुकदमा पंजीकृत है।

### सट्टे की खाईवाड़ी करते सात गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने सट्टे की खाईवाड़ी करते सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाईवाड़ी करते हुए नियाजुद्दीन पुत्र मुन्नू खाँ निवासी नौलखा फर्रुखाबाद, रवि पाल पुत्र रामसरन निवासी कैथपुर थाना किशनी जिला मैनपुरी, हाल पता अंगूरीबाग कोतवाली फर्रुखाबाद, अरशद पुत्र शाह आलम निवासी बजरिया थाना शमशाबाद फर्रुखाबाद, हाल पता मोहल्ला मस्जिदतल्ला थाना कोतवाली फर्रुखाबाद, कृष्णा बाथम पुत्र हिमांशू बाथम उर्फ चिटरी पुत्र पप्पू यादव निवासी मोहल्ला खड़ियाई, फर्रुखाबाद, रवि वर्मा पुत्र सुभाष वर्मा निवासी 4/4 कूंचा भवानीदास कोतवाली फर्रुखाबाद, अनिल कुमार पुत्र जीवाराम निवासी चावड़िया नरकसा थाना कादरीगेट फर्रुखाबाद, अंशुल शर्मा पुत्र संजय शर्मा निवासी नवाब न्यामत खां पश्चिम फर्रुखाबाद को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगणों से 2100/- रुपये की नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने अभियुक्तगों के विरुद्ध 187/24, 188/24, 189/24, 190/24, 191/24, 192/24, 193/24 अंतर्गत धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने निकाला आक्रोश मार्च

- प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अटेवा प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विकास भवन से कलेक्ट्रेट तक शिक्षक व कर्मचारियों ने आक्रोश मार्च निकाला। नो एनपीएस, नो यूपीएस, हूबहू ओपीएस की मांग को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठनों, कर्मचारी संघ के संगठनों ने भाग लिया। विकास भवन में एकत्र होकर शिक्षक कर्मचारियों ने नारेबाजी की और पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते हुए प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। 1 करोड़ शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली की लगातार मांग कर रहे है। एनपीएस के दुष्परिणाम लगातार सामने आ रहे है। शिक्षक व कर्मचारियों को 800 व 1200 तथा 2800 रुपये पेंशन के नाम पर मिल रहे है। जिससे स्वयं का खर्चा नहीं चल पा रहा है।

अब सरकार एनपीएस की जगह यूपीएस लेकर आयी है। जिससे शिक्षक व कर्मचारी चिंतित है। पुरानी पेंशन व्यवस्था ही कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा है। बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन करते हुए आक्रोश मार्च में शामिल हुए। आक्रोश मार्च में जनपद के विभिन्न संगठन लेखपाल संघ, पीडब्लूडी कर्मचारी, विश्व विद्यालय शिक्षक महासंघ, जूनियर



ज्ञापन देने के दौरान मौजूद शिक्षक व कर्मचारी

हाईस्कूल शिक्षक संघ, राजकीय नर्सेज संघ, प्रयोगशाला प्राविधिक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, बेसिक शिक्षक वेलफेर एसोसिएशन, यूटा संघ, महिला शिक्षक संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, एक्स-रे टेक्नीशियन, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, ओबीसी, एससी/एसटी एसोसिएशन, सिंचाई संघ आदि संगठन समर्थन करते हुए शामिल हुए। इस मौके पर अटेवा के संयुक्त प्रदेश मंत्री ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव के अलावा विमलेश कुमार शाक्य, फूल सिंह शाक्य, सुनील कुमार, जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, राज्य कर्मचारी संघ के महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित, मारुत भारती, मुकेश कुमार, विजेन्द्र मथुरिया, हिमांशु शुक्ला, देवेन्द्र कुमार, डीके सिंह, रमन सचान, अखिलेश पाण्डेय, सर्वेश पाल, रामलड़ैते राजपूत, प्रबल प्रताप सिंह, पूनम शुक्ला, रवीश कुमार गौतम, आदेश अवस्थी, अनुराग गंगवार, सुनील कुमार, राकेश गुप्ता, शैलेन्द्र राजपूत, दीपावली कुमार, नम्रता आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# परिवार न्यायालय में दीपक कुमार, मनीष कुमार को शासन ने परामर्शदाता नियुक्त किया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

परिवार न्यायालय में पारिवारिक विवादों को कुशलतापूर्वक समाधान करने के लिए प्रेरित करने वाले 17 परामर्शदाताओं का अगले तीन सालों के लिए नवीनीकरण करने का राज्यपाल की स्वीकृति लेकर शासन ने शासनादेश जारी कर दिया है।

हाईकोर्ट इलाहाबाद की अनुशंसा पर उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव प्रमोद श्रीवास्तव द्वितीय की ओर से इस आशय का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। फर्रूखाबाद के परिवार न्यायालय में दीपक कुमार, मनीष कुमार कश्यप को परामर्शदाता के पद पर तैनात किया गया है। मैनपुरी में श्याम नारायण तिवारी, सुभाषिनी


अधिवक्ता दीपक श्रीवास्तव, मनीष कुमार

यादव, मुरादाबाद में संजू यादव, शामली में रीतू शर्मा, सिद्धार्थ नगर में पुष्पावती मिश्रा, इलाहाबाद में लता श्रीवास्तव, मीनाक्षी त्रिपाठी, गाजियाबाद में भागेश रुहेला, सविता रावत, लखनऊ में वत्सला श्रीवास्तव, रश्मि शर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, गीता सिंह राणा, सरोज बाजपेई, ममता सिंह को अगले तीन वर्ष के लिए परामर्शदाताओं के कार्यकाल में वृद्धि कर दी है।

# समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी का हुआ आयोजन


प्रमाण पत्र के साथ शिक्षकगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

समग्र शिक्षा के अन्तर्गत महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जनपद के राजकीय विद्यालयों के विभिन्न विषयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह व समग्र शिक्षा के समन्वयक मनेन्द्र मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। टीएलएम प्रदर्शनी में अर्थशास्त्र की प्रवक्ता रिचा यादव, गणित की शिक्षिका ज्योति, रसायन विज्ञान की प्रवक्ता दीपिका राजपूत, जीव विज्ञान की प्रवक्ता रीता कुमारी यादव, अंगेजी की सरिता त्रिवेदी, इतिहास की अमिता सिंह, भूगोल के प्रवक्ता विवेक कुमार, नागरिक शास्त्र की शैल्जा मौर्या ने प्रतिभाग किया। डीआईओएस ने प्रथम स्थान पाने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं 1100 रुपये प्रदान किये।

इस अवसर पर शिल्पी सिंह, डॉ. निधिश कुमार, डॉ. शालिनी, महेश कुमार, डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में बनी निर्णायक समिति ने माडलों का मूल्यांकन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले टीएलएम का चयन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत, प्रभा, राजेश यादव, आदेश गंगवार मौजूद रहे।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने में बीडीओ कमालगंज हटे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी के आदेश पर मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा ने अमरेश सिंह चौहान खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज द्वारा शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने, योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करने में उदासीनता बरतने, जन शिकायतों का समय से निस्तारण न करने एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के दृष्टिगत इन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यालय जिला विकास अधिकारी फर्रुखाबाद से सम्बद्ध किया गया। त्रिलोकचंद्र शर्मा संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी को विकास खण्ड कमालगंज में तैनात करते हुए विकास खण्ड मोहम्मदाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। इसके लिए इन्हें कोई अतिरिक्त वेतन भत्ता देय न होगा। सुनील कुमार जायसवाल खंड विकास अधिकारी राजेपुर अपने पदीय दायित्वों के साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारी कमालगंज के पदीय कार्यों का सम्पादन करेंगे। सके लिए इन्हें कोई अतिरिक्त वेतन भत्ता देय न होगा।

# सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कमालगंज ब्लॉक स्थित आरपी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत मुख्य के अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

विभिन्न विद्यालयों से आये हुए बच्चों ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी क्षमता और कला का प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीजीआईसी हिसामपुर, द्वितीय स्थान आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज एवं तृतीय स्थान फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज का रहा। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में पहला स्थान आरपी इंटर कॉलेज, दूसरे स्थान पर जीजीआईसी



सांसद मुकेश राजपूत का स्वागत करते प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह

हिसामपुर और तीसरे स्थान पर फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज का रहा। प्रतियोगिता में आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा, पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज, स्वराजवीर इंटर कॉलेज, एसडी इंटर कॉलेज पहला आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य कैप्टेन बलविंदर सिंह ने मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया।

वहीं 12 यूपी बटालियन एनसीसी के कर्नल अमर जीत मालिक के दिशा निर्देशन में आरपी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रभारी कैप्टन बलविंदर सिंह की देखरेख में प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। रंगोली, नुक्कड़ नाटक, कविता, ब्याख्यान और पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

मेजर डॉ. केके सिंह अपने कैडेट्सों के साथ शामिल हुए। पोस्टर प्रतियोगिता में आरपी इंटर कॉलेज के कैडेट अभिषेक मिश्रा ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान मुस्कान, तृतीय स्थान ऋषभ ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया, द्वितीय स्थान प्रगति शुक्ला और तृतीय स्थान सुनयना ने प्राप्त किया।


डीआईओएस के साथ चयनित खिलाड़ी

## राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी बलिया हुए रवाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचकर डीआईओएस से भेंट की। 27 सितम्बर को राज्य स्तरीय बलिया में होने वाली ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों ने प्रस्थान किया। राज्य स्तर पर चुने गये खिलाड़ियों को डीआईओएस ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर पदक प्राप्त कर बच्चे जनपद का नाम रोशन करें। जिला क्रीड़ा सचिव अतुल एंथोनी दास, ताइक्वांडो कोच रुबी व व्यायाम शिक्षिका आरती यादव ने बच्चों की हौसला आफजाई की। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रौनक कनौजिया, कशिश, सिद्धी, रोहिणी, कृष्णा आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# वाहन चालकों ने पहले दिन तोड़े ट्राफिक सिग्नल के नियम

- अन्य शहरों की तर्ज पर लालगेट पर लगी सिग्नल
- रेड सिग्नल के बावजूद फर्राटे भरते रहे वाहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अब शहर फर्रुखाबाद में भी ट्राफिक सिग्नल लग गया है। गुरुवार को प्रथम दिन ट्राफिक सिग्नल शुरु हुआ तो कुछ लोगों ने पालन करना चाहां, लेकिन कुछ लोगों ने सिग्नल लाइट का प्रयोग न करते हुए रेड लाइट में आवागमन जारी रखा।

ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था की खुलेआम धज्जिया उड़ाना यहां के लोगों की आदत बन गयी है। जबकि रेड लाइट का पालन कराने के लिए


लालगेट पर रेड सिग्नल होने पर भी वाहनों आवागमन जारी

व्यापक प्रचार के साथ आसपास का फुटपाथ भी खाली भी होना चाहिए, जिससे चारों ओर से आने वाले वाहनों की लम्बी कतारे न लगें। शहर में कभी फुटपाथ खाली हुआ ही नहीं। कई बार अभियान चला, चालान काटे गये। उसके बाद भी दुकानदार अतिक्रमण करने से बाज नहीं आ रहा है। जब तक लालगेट तिराहे पर चारों ओर फुटपाथ खाली नहीं होगा, तब तक जाम की स्थिति बनी रहेगी। ऐसा नजारा गुरुवार दोपहर को देखने को मिला।

रेड लाइट जलने के बाद भी लोग धड़ल्ले से अपने वाहन ले जा रहे थे। अब देखना है कि पहले दिन की दशा और आगे की स्थिति क्या निर्भर करती है।

ऐसे में ट्रैफिक नियमों का पालन कराना और सिग्नल लाइट के नियमों को जानना बहुत जरुरी है। जब चालान कटना शुरु हो जायेगें, तब यहां के लोग जागेगें। अन्य शहरों की तर्ज पर जनपद में भी सिग्नल लाइट लगायी गई है। जिससे जाम की स्थिति से निजात मिलने की संभावना है।

# सर्प के काटने से महिला की मौत

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

सर्प के काटने से महिला की हालत बिगड़ गयी। परिजन झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे, लेकिन तक महिला की मौत हो गयी।

चौकी मदनपुर के गांव ऊगरपुर निवासी बलवीर का खेत ऊगरपुर के पास है। जिसमें राज बहादुर पुत्र करन सिंह बटाई पर मक्का बोई थी। राज बहादुर अपनी पत्नी रेनू के साथ मकरेड़ा काट रहे थे, तभी लगभग 1.30 बजे रेनू को सर्प ने काट लिया। चीख पुकार सुनकर राज बहादुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि सर्प वहीं पर बैठा था। झाड़ फूंक के लिए तांत्रिक को बुलाया गया, लेकिन तब तक रेनू की हालत गंभीर हो गयी। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने रेनू को मृत घोषित कर दिया। रेनू के माता-पिता ने कहा कि मेरे यहां


महिला का फाइल फोटो

ले चलो मैं झाड़ फूंक करवाऊंगी। झाड़ फूंक के लिए जलालाबाद कन्नौज के गांव आदिलपुर में रेनू के माता पिता उसकी झाड़ फूंक करवाते रहे, लेकिन तब तक रेनू की हालत बिगड़ गयी और उसकी मौत हो गयी। मृतक रेनू के तीन बच्चे हैं। जिसमें दो लड़के व एक लड़की है। थाने में सूचना मृतक के भतीजे जितेंद्र सिंह ने दी। जिस पर मदनपुर चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लापता बालक की बरामदगी के लिए थानाध्यक्ष से मिले लोधी जागृति मंच के लोग


थानाध्यक्ष से वार्ता करते जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने अपनी टीम के साथ थाना मऊदरवाजा के अनर्गत ग्राम रामपुर डफरपुर के लगभग पंद्रह दिन पूर्व बालक देवेश उर्फ देवा पुत्र धनीराम राजपूत लापता है। जिसकी समाज के कुछ लोगों जानकारी दी गयीं। जिसको संज्ञान में लेकर जिलाध्यक्ष ने टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिले और लापता पुत्र की मां रेखा देवी और ताऊ रामरहीस के साथ संबंधित थानाध्यक्ष मऊदरवाजा से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से बच्चे को जल्द पता करने की मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत, सभासद विश्वनाथ राजपूत, प्रधान नरोत्तम सिंह, डॉ. राघवेंद्र सिंह, राहुल राजपूत, उधन राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत आदि लोग मैजूद रहे। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि लापता बालक का पता लगाया जायेगा।

# एड्स एवं एच.आई.वी. के बारे में छात्राओं को किया जागरुक



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

आवास विकास स्थित कृष्ण देवी बालिका महाविद्यालय आवास विकास में कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रातः 11 बजे से उत्तर प्रदेश राज्य नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ लक्षित हस्तक्षेप परियोजना फर्रुखाबाद द्वारा एड्स एवं एच.आई.वी. वायरस के बारे में छात्राओं को जानकारी देकर इससे बचाव के उपाय बताये गये तथा 1097 नंबर पर कॉल करके इसकी विस्तृत जानकारी कभी भी प्राप्त करने का संदेश दिया गया। वहीं दूसरी ओर शिक्षिकाओं और छात्राओं को वित्ती साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन ठगी से बचने, फर्जी लिंक से सावधान रहने, महंगाई के युग में छोटी-छोटी बचत के प्रति आकर्षण उत्पन्न करने आदि पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की संयोजिका शैफाली कटियार और टीम द्वारा छात्राओं की सहायता की गयी। प्राचार्य सी.डी. यादव और उप प्राचार्या प्रेमलता व अध्यापकगण मौजूद रहे।

# जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिव्यांशु, नैन्सी, संजना ने मारी बाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के द्वितय दिवस पर खेल प्रारंभ हुए। संयोजक विनीत चौहान ने 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। फतेहगढ़ पुलिस लाइन ग्रांउड में चल रही प्रतियोगिता के दूसरे दिन 200 मीटर सीनियर बालक वर्ग दौड़ में प्रथम स्थान दिव्यांशु, द्वितीय स्थान नाजिम, तृतीय स्थान पर प्रियांशु रहे। हैमर थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पारस, द्वितीय स्थान पर ब्रह्मदेव, तृतीय स्थान पर शिवम रहे। सब जूनियर 600 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में नैन्सी प्रथम, दीपिका द्वितीय, आरती तृतीय स्थान पर रही। अंडर-14 बालिका ऊंची कूद प्रतियोगिता में नैन्सी प्रथम, पारुल द्वितीय, प्रिंसी तृतीय स्थान पर रही। हैमर थ्रो बालिका वर्ग में संजना प्रथम, खुशबू द्वितीय व कु0 खुशबू तृतीय रही। 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग दौड़ में निक्की प्रथम, अनवी द्वितीय, रजनी


हैमर थ्रो फेंकता खिलाड़ी

तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका में अतुल दास, देवेन्द्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, केशव गंगवार, अर्जुन प्रताप सिंह, रजनीश शिवा, राहुल यादव, शिवम मौर्या, सुब्रत शाक्य, सुनील पाल, राजेश पाण्डेय, अनुज कुमार, आरती यादव, कुलदीप सिंह, एजाज सिद्दीकी, देव नारायन सिंह, अनुज मिश्रा, हरेन्द्र प्रताप सिंह, राधा यादव, सीता सिंह, स्वरुप, रवी दयाल, निशीत सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# सुन्दर मकान के लिए जैसे अच्छे मिस्त्री की वैसे ही घर के लिए सुयोग्य स्त्री की होती है आवश्यकता: किरन भारती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सुन्दर मकान बनाने के लिए जैसे अच्छे मिस्त्री की आवश्यकता होती है, वैसे ही घर को बनाने के लिए सुयोग्य स्त्री की आवश्यकता होती है। मानस विचार समिति के बैनर तले डॉ. रामबाबू पाठक के संयोजन मे पंडा बाग के सत्संग भवन में चल रहे मानस सम्मेलन के पांचवे दिन हमीरपुर से पधारी मानस कोकिला किरन भारती ने सुमित्रा चरित्र पर कहा कि सुंदर मकान बनाने के लिए अच्छे मिस्त्री की आवश्यकता होती है, वैसे ही घर बनाने के लिए सुयोग्य स्त्री की आवश्यकता होती है। जब श्रीराम को वनवास हुआ, तो लक्ष्मण ने भी साथ वन जाने की जिद की। इस पर श्रीराम ने लक्ष्मण से सुमित्रा माता से अनुमति लेने को कहा। सुमित्रा माता से


आचार्य का स्वागत करते सुधेश दुबे व श्वेता दुबे

अनुमति मांगने पर माता ने लक्ष्मण से कहा कि श्रीराम सीता तुम्हारे माता पिता है। उनकी वन जाकर पूरी सेवा करना। पहले श्रीराम सीता को भोजन कराना, बच जाय तब तुम भोजन करना। जब लक्ष्मण ने वन जाने का कारण पूछा तो श्रीराम ने बताया कि धरती पर राक्षसों का भार बहुत बढ़ गया है, राक्षसों को मारकर धरती का भार कम करना है। यह सुमित्रा माता के चरित्र की विशेषता है। कथा में पीलाराम शर्मा, संयोजक डॉ. रामबाबू पाठक ने प्रवचन करते हुए कथा सुनाई।

तबले पर संगत नंदकिशोर पाठक ने की। संचालन पंडित रामेंद्र मिश्रा ने किया ।इस मौके पर ज्योतिस्वरूप अग्निहोत्री, सुरजीत पाठक उर्फ बंटू, प्रमोद दीक्षित, रोहित राजपूत, रामवरण दीक्षित, सर्वेश कुमार अवस्थी, सदानंद शुक्ला, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, समाजसेवी संजय गर्ग, विशेष पाठक, अपूर्व, अद्भुत, वरुण, विकास, अभिषेक, अलम्या, विजय लक्ष्मी पाठक, मांडवी पाठक, शशि रस्तोगी, रजनी लौगानी आदि मानस श्रोता मौजूद रहे।

# हिन्दू महासभा के नेता को मिली जान से मारने की धमकी


थानाध्यक्ष से वार्ता करते विमलेश मिश्रा आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हिन्दू महासभा गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा को पांच दिनों के भीतर जान से मारने की फोन पर धमकी दी गई। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक व सौरभ मिश्रा को जैसे ही जानकारी मिली वह सचिन शर्मा के साथ थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद सिंह से मिले और जान की सुरक्षा के लिए लिखित अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी और फोन नम्बर उसमें अंकित कराया। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि मुकदमा दर्ज कर जांच कर कार्यवाही की जायेगी। अमेठी जदीद निवासी सचिन शर्मा पुत्र बृजेश शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि शाम साढ़े छह बजे 9555077581 से काल आयी और पांच दिन के अंदर जान से मारने की धमकी दी गई। सचिन शर्मा ने थानाध्यक्ष से कार्यवाही की मांग की है कि सुरक्षा की गुहार लगायी है।

## आईटीआई में चौथे चरण के प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 सितम्बर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के चतुर्थ चरण में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 30 सितम्बर कर दी गई है। चतुर्थ चरण के नवीन अभ्यर्थी अपना आवेदन 29 सितम्बर तक अवश्य कर लें। ऑन लाइन आवेदन फार्म बेवसाइड पर उपलब्ध है। नोडल प्रधानाचार्य ने बताया कि चतुर्थ चरण की प्रवेश हेतु अभ्यार्थियों के लिए अंतिम तिथि 26 सितम्बर थी। जिसे बढ़ाकर 30 सितम्बर कर दी गई है।

# तीन परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कुचला

एजेंसी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया।

उन्होंने कहा ये लोग किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला। चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अफजल गुरु की फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का यह लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए लेकिन आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पंच और सरपंच के चुनाव हो चुके हैं और 40 हजार लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन राजनीतिक परिवारों ने नेपटिज़्म को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से युवा अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास पर भी प्रकाश डाला और कहा कि 40 साल तक यहां आतंकवाद का साया रहा, जिसमें 40 हजार लोग मारे गए। मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया, जिसके बाद न तो पत्थरबाजी होती है और न ही गोलियां चलती हैं।

### संविधान भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार : डॉ. गहलोत

**जोधपुर।** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा भारतीय संस्कृति में नारी चेतना एवं संविधान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता अंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. दिनेश गहलोत थे। डॉ. गहलोत ने भारतीय संस्कृति में नारी चेतना का उल्लेख करते हुए नई शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परम्परा को रेखांकित किया। उनके अनुसार महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में भारतीय संविधान एक उत्तम दस्तावेज है। उन्होंने संविधान निर्माण में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री की संज्ञा दी। कार्यक्रम की शुरुआत में केन्द्र की निदेशक डॉ. विजयश्री ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने केंद्र द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों और डिप्लोमा तथा प्रमाण पत्र कोर्स की उपयोगिता को रेखांकित किया। उनके अनुसार यह कोर्सेज़ बच्चों के कैरियर हेतु भी उपयोगी है। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो रामसिंह आढ़ा, डॉ नागेन्द्र सिंह भाटी और डॉ सरोज सिरवी भी उपस्थित थे।

### वडोदरा में 110 किमी. की रफ्तार से चली आंधी में चार की मौत

**वडोदरा।** राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान 182 तहसीलों में बारिश हुई। वलसाड जिले की उमरगाम में 7 इंच बारिश हुई है। बारिश के साथ आंधी के कारण जिलों में नुकसान की भी खबर है। आंधी-वर्षा के कारण वडोदरा में सर्वाधिक नुकसान होने की जानकारी मिली है। बुधवार शाम 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी में 4 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक पेड़, बिजली के पोल और होर्डिंग गिर गए। गुरुवार सुबह 6 बजे तक 150 पेड़ों की कटिंग का काम पूरा हो चुका है। शहर के कई क्षेत्रों में गिरे पेड़ों को हटाने की प्रक्रिया जारी है। वडोदरा में बुधवार को देर शाम 6 बजे के करीब आंधी-तूफान, बिजली की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। साथ ही 110 किलोमीटर की रफ्तार से आई आंधी ने 300 से अधिक पेड़ों को धराशायी कर दिया। 57 बिजली के पोल भी गिर गए। दर्जनों की संख्या में होर्डिंग हवा में उड़ गए।

# हर राष्ट्रवादी को पढ़ना चाहिए संस्कृत

▸ सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि का 42वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का 42वां दीक्षान्त समारोह गुरुवार को परिसर स्थित ऐतिहासिक मुख्य भवन में सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि संस्कृत भाषा देववाणी है तो, देशवाणी भी है। हर राष्ट्रवादी को संस्कृत पढ़ना चाहिये।

समारोह में राज्यपाल ने मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के चेयरमैन प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे के साथ 31 मेधावियों को 56 स्वर्णपदक दिए। जिसमें आचार्य परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाली टुम्पा राय को 07 स्वर्ण पदक मिला। समारोह में 13733 छात्र और छात्राओं को शास्त्री, आचार्य और विद्या वारिधि (पीएचडी) की उपाधियां दी गईं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने आचार्यों से अपील किया कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिये संस्कृत के शब्दों की छोटी किताब प्रकाशित की जाय। जिससे संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार और विकास तीव्र गति से हो सके। उन्होंने परिसर स्थित सरस्वती भवन पुस्तकालय में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों का उल्लेख किया। बताया कि हजार वर्ष या उससे पूर्व की पांडुलिपियों को संरक्षित किया गया है। जिसमें अनमोल ज्ञान राशि निहित है, उसके संरक्षण का कार्य भी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन अच्छे ढंग से कर रहा है। उन्होंने कहा कि पांडुलिपियों का प्रकाशन कराकर व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जाना चाहिए। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने खिलाड़ी आकांक्षा वर्मा के संघर्ष और सफलता का भी जिक्र किया। समारोह में मुख्य अतिथि नैक चेयरमैन प्रो.अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि संस्कृत मात्र एक भाषा ही नहीं अपितु भारत के एक गौरवपूर्ण इतिहास को समेटने वाली अमूल्य निधि है। जो समस्त भारतीयों के लिये उर्जा का स्रोत है। संस्कृत ज्ञान के बिना भारत को जानना पूर्ण सम्भव नही है। उन्होंने कहा कि हम लोग सुनते हैं कि विज्ञान यूरोप से आया तो यह बिलकुल गलत है।

# अनुसंधान एवं विकास में योगदान केवल दिखावटी नहीं होना चाहिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में योगदान केवल दिखावटी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल वित्तीय संसाधनों की प्रतिबद्धता पर्याप्त नहीं है, किसी भी अनुसंधान का महत्व ठोस परिणामों के संदर्भ में मापा जाना चाहिए।

पूसा रोड, नई दिल्ली में 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि केवल इसलिए कि हमारे पास वित्तीय संसाधन हैं, हम इस बात पर गर्व नहीं कर सकते कि हमने अनुसंधान और विकास पर इतना खर्च किया। अनुसंधान और विकास में निवेश को ठोस परिणामों से जोड़ा जाना चाहिए। धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान और विकास सॉफ्ट डिप्लोमेसी और राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है।

उन्होंने जोर देकर कहा, अनुसंधान और विकास में निवेश स्थायी है। अनुसंधान और विकास इन दिनों सुरक्षा से जुड़ गया है। इसलिए निवेश राष्ट्र के लिए है। निवेश विकास के लिए है। निवेश स्थिरता के लिए है। उपराष्ट्रपति ने कॉरपोरेट जगत से अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा कि ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय कंपनियां महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

हमारे देश के आकार, इसकी क्षमता, इसकी स्थिति और विकास की गति को देखते हुए, हमारे कॉरपोरेट जगत को अनुसंधान एवं विकास में आगे आने की जरूरत है। सीएसआईआर को वैज्ञानिक दृष्टि से कल्पनाशील राष्ट्र के लिए उत्प्रेरक बताते हुए, धनखड़ ने कहा, यह आपका स्थापना दिवस है लेकिन यह भारत की मजबूत नींव से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है।

### न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स गंभीर आरोपों से घिरे

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स गंभीर संघीय आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। आरोप सही साबित होने पर वे आधुनिक न्यूयॉर्क शहर के इतिहास में पद पर रहते हुए ऐसे पहले मेयर होंगे। हालांकि मेयर ने आरोपों को झूठा बताया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, न्यायिक मामलों के जानकारों ने कहा कि मेयर एरिक एडम्स पर संघीय आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। अभियोग सीलबंद है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि डेमोक्रेट एडम्स अधिकारियों के सामने कब आत्मसमर्पण करेंगे। संघीय अभियोजकों के गुरुवार को अभियोग के विवरण की घोषणा किए जाने की उम्मीद थी। इस बीच मेयर ने बुधवार देर रात ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो टेप भाषण में आक्रामक लहजे में कहा कि सभी आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। संघीय अधिकारियों ने उन्हें इसलिए निशाना बनाया क्योंकि उन्होंने न्यूयॉर्क के लोगों के लिए अपनी जमीन पर खड़े रहे।

# सेंसर बोर्ड ने 'इमरजेंसी' फिल्म के कुछ हिस्सों में कट लगाने का दिया सुझाव

एजेंसी



**मुंबई।** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की संशोधन समिति ने कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों में कट लगाने का सुझाव दिया है। बोर्ड ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया कि वह फिल्म 'इमरजेंसी' को प्रमाण पत्र जारी करने को तैयार है लेकिन फिल्म के कुछ हिस्सों में काट-छांट करनी होगी।

इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने वाली और फिल्म का निर्देशन करने वाली रनौत ने सीबीएफसी पर फिल्म के रिलीज को टालने के लिए प्रमाणन में देरी करने का आरोप लगाया है। शिरोमणि अकाली दल सहित सिख संगठनों ने फिल्म की आलोचना की है, जिनका आरोप है कि यह ऐतिहासिक तथ्यों और सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करती है। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के खंडपीठ के समक्ष हुई। पीठ ने सीबीएफसी से पूछा कि क्या उसके पास फिल्म के लिए अच्छी खबर है। सीबीएफसी के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि बोर्ड की संशोधन समिति ने अपना फैसला ले लिया है। उन्होंने कहा, समिति ने प्रमाणपत्र जारी करने और फिल्म को रिलीज करने से पहले कुछ कटौतियों का सुझाव दिया है।

## खबरें एक नजर में

### धर्मशाला कालेज में पांच करोड़ से बनेगा कन्वेंशन सेंटर : बाली

**धर्मशाला।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि धर्मशाला कालेज में राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। एशियन विकास बैंक एडीबी के सहयोग से इस पर करीब पांच करोड़ की राशि व्यय की जाएगी, ताकि यहां पर मेगा इवेंट आयोजित किए जा सकें। वीरवार को राजकीय महाविद्यालय के सभागार में 'टूरिज्मो त्रिगर्त कार्निवाल' में बतौर मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विभाग की ओर से मेगा इवेंटआयोजित किए जाएंगे। इसमें टूरिज्म विषय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी ताकि हिमाचल में पर्यटन को रोजगार के साथ जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2500 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे, प्रारंभिक तौर पर 1300 करोड़ की राशि स्वीकृत भी हो चुकी है। पर्यटन विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन निगम के अधिकारियों को तीव्र गति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके।

### रूस व यूक्रेन युद्ध समाप्ति के लिए मोदी की पहल एतिहासिक

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा कि भारत के करोड़ों लोगों को इस बात का स्वाभिमान है कि रूस और यूक्रेन के युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक पहल कर रहे हैं। मेरी शुभकामनाएं हैं कि दो वर्ष से अधिक चल रहे इस युद्ध को समाप्त करने के लिए मोदी सफल हों। भाजपा नेता शान्ता कुमार ने गुरुवार को यहां एक बयान जारी कहा कि रूस और यूक्रेन के युद्ध में दोनों देशों में हजारों बेगुनाह लोग मारे जा चुके हैं। करोड़ों अरबों की संपत्ति नष्ट हो गई है। यूक्रेन से लाखों लोग शरणार्थी बनकर दरदर भटक रहे हैं। दो साल से चला हुआ यह युद्ध मानवता के माथे पर एक कलंक है। उन्होंने कहा कि प्रथम और द्वितीय महायुद्ध से त्रस्त विश्व के देशों ने राष्ट्रसंघ की स्थापना की थी। उद्देश्य यही था कि भविष्य में कोई युद्ध न हो और बातचीत से सभी समस्याओं को सुलझााया जाए। यह विश्व का दुर्भाग्य है कि राष्ट्रसंघ पूरी तरह से अपरासंगिक हो गया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी युद्ध के बीच दोनों देशों में कई बार गये। समझौते की कोशिश करवा रहे है। भगवान करे दोनों देशों का युद्ध समाप्त हो और मानवता के माथे का यह कलंक मिट जाए।

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को सीपीए इंडिया क्षेत्र

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया क्षेत्र, जोन III के 21वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। यह दो दिवसीय सम्मेलन 28 सितंबर को संपन्न होगा। लोकसभा सचिवालय की तरफ से गुरुवार को जारी की गई जानकारी में बताया गया है कि सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन III के 21वें वार्षिक सम्मेलन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष और सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन- III के अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर, मिजोरम विधानसभा के अध्यक्ष लालबियाकजामा और मिजोरम विधानसभा के उपाध्यक्ष लालफामकिमा उपस्थित रहेंगे। साथ ही मिजोरम विधानसभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस सम्मेलन में शामिल होंगे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष मिजोरम विधानसभा के ग्रंथालय में अभिलेखागार प्रकोष्ठ का उद्घाटन करेंगे।

### केरल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव कुन्हिकन्नन का निधन

**कासरगोड।** केरल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव के पी कुन्हिकन्नन का गुरुवार को कन्नूर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी के सुशीला और दो बच्चे केपीके थिलकन और केपीके तुलसी हैं। गत 04 सितंबर को नीलस्वरम के पास करुवनचेरी में कार दुर्घटना में घायल होने के बाद अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि अंतिम संस्कार और श्रद्धांजलि देने के लिए उनके पार्थिव शरीर को कन्नूर जिला कांग्रेस कार्यालय में रखा जायेगा तथा बाद में पय्यानूर स्थित उनके घर ले जाया जायेगा और शाम को अंतिम संस्कार किया जायेगा। श्री कुन्हिकननन 1987 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के उम्मीदवार के रूप में उडुमा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। उन्होंने 1984 में कासरगोड जिले के गठन के दौरान कासरगोड जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, 1977 में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और केरल नारियल किसान समाज की शीर्ष संस्था केराफेड के अध्यक्ष का दायित्व संभाला।

### झारखंड के बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी, दो डिब्बे पलटे

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो-तुपकाडीह से बुधवार देर रात गुजर रही एक डाउनलाइन मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिससे उसके दो डिब्बे पलट गए। यह घटना तुपकाडीह और राजाबेरा सेक्शन के बीच हुई। इससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई और डाउनलाइन ट्रैक पर ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया गया। घटना के बाद से आरपीएफ बोकारो की 15 सदस्यीय टीम मौके पर मौजूद है। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच चल रही है और ट्रैक को साफ किया जा रहा है।

### एमवे इंडिया ने पौष्टिक आहार कार्यक्रम का किया आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एक सेहतमंद राष्ट्र के लिए नागरिकों के जीवन को बदलने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, स्वास्थ्य और कल्याण आवश्यकताओं का समर्थन करने वाली एक अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने पूरे देश में लक्षित उपायों के साथ राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। इस वर्ष के विषय 卐सभी के लिए पौष्टिक आहार के साथ संरेखित, इस पहल ने दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आहार के महत्व के बारे में समझ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। इन उपायों ने स्वस्थ जीवन को प्राथमिकता देकर एक सेहतमंद भारत के निर्माण के कंपनी के दृष्टिकोण को मजबूत किया। संतुलित आहार, दिन की सही शुरुआत के लिए सुबह का पौष्टिक आहार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पोषण संबंधी सिफारिशें और खाना पकाने की स्वस्थ युक्तियों को बढ़ावा देकर, महीने भर चलने वाली इस पहल का उद्देश्य वितरकों को ज्ञान और जरूरी उपकरणों से लैस करना था ताकि वे खुद और अपने ग्राहकों को सूचित आहार विकल्प बनाने और स्थायी, स्वास्थ्यवर्धक आदतें बनाने में मदद कर सकें। एमवे इंडिया ने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान पोषण-आधारित लक्षित उपायों के माध्यम से देश भर में 30,000 वितरकों और उनके ग्राहकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने इस अवसर परबोलते हुए कहा, चूंकि पोषण संबंधी चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं, इसलिए संतुलितपोषण को सभी के लिए सुलभ और व्यावहारिक बनाना अत्यावश्यक हो गया है। इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत मेंबीमारी के बोझ में 56.4 प्रतिशत योगदान अस्वास्थ्यकर आहार का है।

# आरजी कर मामला : पोस्टमार्टम टीम के बयानों में विरोधाभास

एजेंसी

**कोलकाता।** आर.जी. कर अस्पताल में हुए बलात्कार-हत्या के मामले में पोस्टमार्टम करने वाली टीम के फोरेंसिक सर्जन और शव परीक्षण सहायक के बयानों में विरोधाभास सामने आया है। सीबीआई द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार, इन दोनों के बयानों में असंगतियों ने जांच अधिकारियों के संदेह को और गहरा कर दिया है, खासकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मसौदे और प्रक्रिया को लेकर।

सीबीआई टीम ने बुधवार को दोनों को एक साथ पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान उनके बयानों में विरोधाभासों को चिह्नित किया गया, जिससे पोस्टमार्टम प्रक्रिया में बड़ी चूक की आशंका प्रबल हो गई है। विशेष रूप से, शव पर पाए गए घावों के प्रकार के बारे में दोनों के बयानों में सबसे अधिक विरोधाभास पाया गया। सूत्रों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जिन घावों का जिक्र किया गया है, वे पीड़िता के बैचमेट द्वारा पोस्टमार्टम से पहले खींची गई तस्वीरों से मेल नहीं खाते। ये तस्वीरें पहले ही जांच अधिकारियों द्वारा प्राप्त की जा चुकी हैं।

जांच टीम ने पीड़िता के बैचमेट के मोबाइल फोन से ली गई तस्वीरों को केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) को आगे की जांच के लिए भेज दिया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि सीएफएसएल से मिलने वाली रिपोर्ट इस दर्दनाक घटना से जुड़े और भी महत्वपूर्ण सुराग प्रदान करेगी। इसके साथ ही, सीबीआई ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मसौदे और प्रक्रिया में कई चूकें भी चिह्नित की हैं। सबसे पहले, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उपयोग की गई भाषा शौकिया और गैर-तकनीकी पाई गई, जिसमें आवश्यक चिकित्सा शब्दों का अभाव है। इसके अलावा, पोस्टमार्टम सूर्यास्त के बाद किया गया, जो सामान्य प्रोटोकॉल के खिलाफ है।

### सर्राफा बाजार की तेजी से नए शिखर पर पहुंचा सोना चांदी भी 95 हजार के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण गुरुवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77 हजार रुपये के स्तर को पार करके 77,180 रुपये से लेकर 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 70,760 रुपये से लेकर 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज तेजी आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 95,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पर्यटन को बढ़ावा देने में रेलवे की भूमिका अहम

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय रेलवे लगभग सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ता है, चाहे वे व्यस्त शहर हों या शांत हिल स्टेशन और आध्यात्मिक तीर्थ स्थल।

भारतीय रेलवे का विशाल नेटवर्क यह सुनिश्चित करता है कि पर्यटक आसानी से दूरदराज और ऑफ-बीट स्थानों तक पहुँच सकें, जो अक्सर परिवहन के अन्य साधनों से अछूते रहते हैं। अनगिनत गंतव्यों को जोड़ने वाले इसके व्यापक नेटवर्क ने इसे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रेल यात्रियों के लिए परिवहन का एक सुविधाजनक और किफ़ायती साधन बना दिया है। भारतीय रेलवे विभिन्न बजटों के अनुरूप टिकट विकल्पों की एक श्रृंखला प्रदान करती है, जिससे यह यात्रियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सुलभ हो जाता है। किफायती किराए और व्यापक कनेक्टिविटी का संयोजन पैसे के लिए उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करता है।

**रेलवे ने चलाई ये ट्रेनें**

**लग्जरी ट्रेनें :** पैलेस ऑन व्हील्स, महाराजा एक्सप्रेस और डेक्कन ओडिसी जैसी ट्रेनें शानदार अनुभव प्रदान करती हैं, जिसमें स्वादिष्ट भोजन, ऑनबोर्ड मनोरंजन और विशेषज्ञ गाइड शामिल हैं।

**थीम ट्रेनें :** विशेष भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेनें तीर्थ यात्रा, वन्यजीव सफारी और विरासत यात्राओं जैसी विशिष्ट रुचियों को पूरा करती हैं।

**पर्यटक सर्किट :** भारतीय रेलवे ने देश के विभिन्न क्षेत्रों की खोज के लिए व्यापक यात्रा कार्यक्रम प्रदान करते हुए विभिन्न पर्यटक सर्किट जैसे बुद्ध सर्किट, रामायण सर्किट, नार्थ ईस्ट सर्किट, गर्वी गुजरात, जगन्नाथ यात्रा शुरू किए हैं।

**विस्टाडोम कोच :** रेलवे की विस्टाडोम कोच, यात्रियों को मनमोहक यात्रा का अनुभव देने के लिए बनाई गई हैं। इन कोचों में कई खासियतें हैं, जैसे बड़ी कांच की खिड़कियां व कांच की छतें, 360 डिग्री घूमने वाली कुर्सियां, वाई-फ़ाई सिस्टम, ऑब्ज़र्वेशन लॉउंज, स्वचालित दरवाज़े और सीसीटीवी, इनबिल्ट जीपीएस-आधारित सूचना प्रणाली।

**वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ जोड़ा**

उत्तर रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस को देश के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ जोड़ा है। इनमें दिल्ली-वाराणसी, दिल्ली-देहरादून और दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी रूट शामिल हैं। ये उच्च गति वाली ट्रेनें यात्रियों को तेज़ और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करती हैं, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलता है। उत्तर रेलवे ने कश्मीर घाटी और कालका शिमला रेल लाइन पर विस्टाडोम कोचों का संचालन शुरू कर दिया है। ये कोच खूबसूरत दृश्य देखने के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा, जवानों के जज्बे की प्रशंसा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की।

राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं। सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने जवानों से कहा कि सभी भारतीय उनके बलिदान और वीरता से परिचित हैं और हम उनका सम्मान करते हैं। इससे पहले लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी डी मिश्रा ने थोइस एयरफील्ड पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत किया। वे बेस कैंप के दौरे के दौरान उनके रहे।

# कानपुर में बनी मशीन गन यूरोपीय देशों को भी निर्यात करेगा भारत

एजेंसी



**अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी 2,000 एमएमजी-प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी**

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार अपनी अपग्रेडेड मीडियम मशीन गन (एमएमजी) का निर्यात यूरोपीय देशों को करने जा रहा है। यह एमएमजी प्रति मिनट 1,000 राउंड फायर करने में सक्षम है। कानपुर की स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) में तैयार की जाने वाली 2,000 एमएमजी अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी। यह निर्यात सौदा भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी छलांग है, जिससे प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी।

कानपुर में रक्षा मंत्रालय की हथियार उत्पादन इकाई स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) है, जहां सेनाओं को आपूर्ति किये जाने वाले छोटे हथियारों का उत्पादन किया जाता है। यह कारखाना पुलिस इकाइयों, राज्य पुलिस संगठनों और बीएसएफ आईटीबीपी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी सहित अर्धसैनिक बलों के लिए आवश्यक अत्याधुनिक छोटे हथियारों के उत्पादन में माहिर है। एसएएफ ने कई प्रकार के रिवाल्वर बनाए हैं, जिनका इस्तेमाल सुरक्षाबल कर रहे हैं।

फैक्टरी में मीडियम मशीन गन (एमएमजी) भी तैयार की गई हैं, जिन्हें लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। चीन और पाकिस्तान की अग्रिम सीमा पर इस्तेमाल की जाने वाली इंसास राइफल भी एसएएफ का बेहतरीन उत्पाद है। स्मॉल आर्म्स फैक्टरी में निर्मित मीडियम मशीन गन (एमएमजी) को अपग्रेड किया गया है, जिसका ऑर्डर यूरोपीय कंपनियों से मिला है। हालांकि, एसएएफ के अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से एमएमजी की कीमत, खरीदारों के नाम और देश का खुलासा करने से इनकार कर दिया लेकिन यह पुष्टि की कि एसएएफ के साथ यूरोपीय कंपनियों से पिछले साल दिसंबर में 2,000 एमएमजी के लिए अनुबंध हुआ था। हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार एमएमजी को उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों के आधार पर अपग्रेड किया जा रहा है।

यह एमएमजी प्रति मिनट 1,000 राउंड फायर करने में सक्षम है। एमएमजी को अपग्रेड किए जाने के बाद अगले तीन वर्षों में आपूर्ति किया जाना है। एसएएफ के अधिकारियों ने इस निर्यात सौदे को भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी छलांग बताया है, जो प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। एसएएफ के अधिकारियों ने कहा कि एमएमजी में लगातार उच्च दर की फायर क्षमता है और यह वाहनों, टैंकों, विमानों, नावों और जहाजों जैसे कई लड़ाकू प्लेटफार्मों में उपयोग के लिए उपयुक्त है। एमएमजी की इन्हीं विशेषताओं ने यूरोपीय खरीदारों को सबसे अधिक आकर्षित किया। संशोधित एमएमजी का वजन लगभग 11 किलोग्राम है और इसे तिपाई माउंट से फायर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों में कंधे और कूल्हे पर रखकर किया जा सकता है। क्रोमियम-प्लेटेड बोर और चैंबर से बने इसके बैरल को ज्यादा गर्म होने से बचाने के लिए जल्दी से बदला जा सकता है, जिससे लंबे समय तक फायरिंग के बाद राउंड को जलने से रोकता है।